सूर्योदय : 5:59
सूर्यास्त : 6:22
अधिकतम तापमान : 39.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-309 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 21 अप्रैल 2024
11 शव्वाल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### यूपी बोर्ड के दसवीं और 12वीं का परिणाम, हाईस्कूल में बेटियों का रहा जलवा, लड़कियों ने लड़कों से किया बेहतर परफॉर्म

# हाईस्कूल में प्राची और 12वीं में शुभम वर्मा टॉपर

| 89.55% | 82.60% |
|---|---|
| हाईस्कूल रिजल्ट | इंटरमीडिएट रिजल्ट |

**29,47,311**
हाईस्कूल के छात्र और

**25,77,997**
इंटरमीडिएट के छात्र शामिल हुए थे



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड के दसवीं और 12वीं का परिणाम जारी हो गया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने प्रयागराज स्थित मुख्यालय में इसकी घोषणा की। सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने कहा कि 12 दिन में मूल्यांकन हुआ है और 19 दिन में रिजल्ट दिया जा रहा है। हाई स्कूल का रिजल्ट 89.55 प्रतिशत रहा है और इंटरमीडिएट का 82.60 प्रतिशत है। 55 लाख से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी। लड़कियों ने फिर बाजी मारी है। दसवीं में सीतापुर की प्राची निगम ने टॉप किया है। प्राची निगम के पिता चन्द्रप्रकाश निगम भाजपा नेता हैं। हाईस्कूल परीक्षा में जेल में बंद कल 115 में से 91 अभ्यर्थी शामिल हुए। उसमें से 89 ने परीक्षा उत्तीर्ण की हैं। वर्ष 2024 की बोर्ड परीक्षा के लिए रिकॉर्ड संख्या में 55,25,308 छात्रों ने पंजीकरण कराया। इनमें 29,47,311 हाई स्कूल के छात्र और 25,77,997 इंटरमीडिएट के छात्र शामिल हैं। इस वर्ष यूपी बोर्ड ने प्रथम बार रिकॉर्ड 12 कार्य दिवसों में परीक्षा सम्पन्न हुई है। रिकॉर्ड 12 कार्य दिवसों में ही उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन का काम किया गया। विगत 100 वर्षों के इतिहास में वर्ष 2023 के बाद दूसरी बार सबसे पहले 20 अप्रैल 2024 को दोपहर दो बजे परिणाम घोषित किए गए हैं। आगे जानकारी देते हुए कहा कि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षायें 22 फरवरी 2024 से नौ मार्च 2024 के मध्य कुल 8,265 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की लिखित उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च 2024 से 30 मार्च 2024 के मध्य प्रदेश के विभिन्न जनपदों में निर्धारित कुल 259 मूल्यांकन केन्द्रों पर मात्र 12 दिनों में सम्पन्न हुआ।

### प्राची का सपना इंजीनियर बनना है

प्राची इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहती हैं। सफलता का श्रेय माता पिता और गुरुजनों को दिया है। प्रतिदिन नियम से पढ़ाई की। इनका सक्सेस मन्त्रा है कि नियमित पढ़ें, तनाव न लें। रिवीजन जरूर करें। शिक्षकों की टिप्स फॉलो करें। इसके अलावा हाईस्कूल में फतेहपुर की दीपिका सोनकर ने दूसरा स्थान हासिल किया। जालौन की दीपांशी सिंह सेंगर, प्रतापगढ़ के अर्पित तिवारी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### 12वीं में शुभम ने 97.80 प्रतिशत से किया टॉप



यूपी बोर्ड के12वीं में सीतापुर के शुभम ने टॉप किया है। बागपत बड़ौत के विष्णु चौधरी दूसरे नंबर पर हैं। अमरोहा की काजल सिंह ने दूसरे स्थान पर रही हैं। सीतापुर की कशिश मौर्य भी दूसरे नंबर पर हैं। यूपी बोर्ड 12वीं परीक्षा 2024 का रिजल्ट घोषित हो गया है। 12वीं में कुल 82.60 फीसदी छात्र पास हुए हैं। जिसमें 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शुभम वर्मा ने टॉप किया है। शुभम वर्मा ने 97.80 फीसदी अंक हासिल किए हैं, वर्मा सीतापुर के सीता बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महमूदाबाद के छात्र हैं। इंटरमीडिएट में छात्रों का का 77.78 फीसदी पास प्रतिशत रहा जबकि छात्राओं का 88.4 2 फीसदी रहा। इस बार यूपी बोर्ड 12वीं की परीक्षा का आयोजन 22 फरवरी से 9 मार्च तक किया गया था। 12वीं की परीक्षा के लिए करीब 25 लाख से ज्यादा छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया था।

### आप सभी नए यूपी का भविष्य हैं : सीएम योगी

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड की दसवीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है और साथ ही उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हुए परिश्रम, लगन और धैर्य बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। सीएम योगी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और गुरुजनों को हार्दिक बधाई। आप सभी नए उत्तर प्रदेश का स्वर्णिम भविष्य हैं। ऐसे ही परिश्रम, लगन और धैर्य के साथ आप सभी जीवन की हर परीक्षा में सफल हों, यही कामना है। मां शारदे की कृपा आप सभी पर सदैव बनी रहे। उल्लेखनीय है कि शनिवार को यूपी बोर्ड ने दसवीं और 12वीं के रिजल्ट की घोषणा की है जिसमें दसवीं में 89.55 प्रतिशत तो इण्टर में 82.60 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

# विपक्ष को नहीं मिल रहे उम्मीदवार : पीएम

### कांग्रेस के शहजादे को वायनाड में भी संकट दिख रहा, नांदेड़ की रैली में कांग्रेस पर बरसे मोदी

- **पहले चरण में लोगों ने गठबंधन को पूरी तरह से नकारा**
- **26 अप्रैल को वोटिंग के बाद, ये शहजादे के लिए एक और सुरक्षित सीट घोषित कर देंगे**



कांग्रेस के शहजादे को भी वायनाड में संकट दिख रहा है। शहजादा और उनकी टोली 26 अप्रैल को वायनाड में वोटिंग का इंतजार कर रही है। 26 अप्रैल को वोटिंग के बाद, ये शहजादे के लिए एक और सुरक्षित सीट घोषित कर देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कांग्रेस का ये परिवार आजादी के बाद पहली बार खुद कांग्रेस को ही वोट नहीं देगा, क्योंकि जहां वो रहते हैं, वहां कांग्रेस का उम्मीदवार ही नहीं है। जिस परिवार के भरोसे कांग्रेस चलती है, वो खुद कांग्रेस को वोट नहीं दे पाएगा। लोग देख रहे हैं कि विपक्षी गठबंधन के भ्रष्ट नेता अपने परिवारों के हितों के लिए इकट्ठे हुए हैं, लेकिन लोगों ने उन्हें नकार दिया है।

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नांदेड़ में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने विपक्ष और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। प्रधानमंत्री ने जनसभा के दौरान कहा कि पहले चरण के बाद बूथ लेवल पर जो विश्लेषण हुआ है, उससे ये विश्वास पक्का हो गया है कि पहले चरण में एनडीए के पक्ष में एकतरफा मतदान हुआ है।

पीएम मोदी ने कहा कि मतदाता देख रहे हैं कि इंडिया गठबंधन के लोग अपने स्वार्थों में , अपने भ्रष्टाचार को बचाने के लिए एक साथ आए हैं। पहले चरण में लोगों ने इंडिया गठबंधन को पूरी तरह से नकार दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये लोग दावे जो भी करें, लेकिन सच्चाई ये है कि चुनाव से पहले ही कांग्रेस के नेताओं ने हार मान ली है। इसलिए कुछ नेता, जो लोकसभा से जीतकर आते थे, इस बार राज्यसभा के जरिए अंदर जाकर बैठ गए हैं। हालात ये हैं कि विपक्षी गठबंधन को चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं। ज्यादातर सीटों पर इनकी पार्टी के नेता चुनाव प्रचार के लिए नहीं जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगले 25 साल भारत के हैं। ज्यादा मत प्रतिशत बताता है कि भारत की लोकतांत्रिक ताकत बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर तीखा हमला बोला। पीएम ने कहा करतारपुर साहिब कॉरिडोर का काम पूरा होने के बाद लाखों श्रद्धालुओं को वहां दर्शन में मदद मिल रही है। हुजूर साहिब और हेमकुंड साहिब के दरबार तक बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर का इंतजाम करना हो या सिख परंपरा से जुड़े हर तीर्थ के विकास का काम, एनडीए सरकार ने पूरी शक्ति और भक्ति से काम किया है। खालसा पंथ की गुरु परंपरा और गुरु गोबिंद सिंह की सीख हमारी सरकार के लिए प्रेरणा रही है। नांदेड़ का सिखों के लिए बेहद धार्मिक महत्व है। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार सीएए कानून लेकर आई। सीएए नहीं होता तो हमारे सिख भाई-बहनों का क्या होता? ऐसा लगता है कि कांग्रेस 1984 का बदला अभी भी सिखों से ले रही है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस एक ऐसी बेल है, जिसकी अपनी न कोई जड़ है, न जमीन है और इसे जो सहारा देता है, उसे ही सूखा देती है।

# तिहाड़ प्रशासन ने एलजी को सौंपी केजरीवाल की रिपोर्ट

**मेडिकल रिपोर्ट**




**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल प्रशासन ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की डाइट से संबंधित रिपोर्ट सौंप दी है। दो दिन पहले ही दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने डीजी से 24 घंटे के अंदर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिपोर्ट मांगी थी।

रिपोर्ट में कहा गया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तेलंगाना के निजी क्लीनिक से अपना इलाज करवा रहे थे। मांगने पर उन्होंने अपनी मेडिकल रिपोर्ट नहीं दिखाई। डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में एग्जाम के दौरान लोक दवा खाने की सलाह दी गई थी। इसमें इंसुलिन की कोई बात ही नहीं कही गई। ऐसे में इंसुलिन न देने की बात ही नहीं आती। उपराज्यपाल ने रिपोर्ट की मांग करते हुए दिल्ली के मंत्रियों और आप नेताओं के बयानों पर आधारित रिपोर्टों पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। रिपोर्ट में कहा था कि जेल में केजरीवाल को इंसुलिन नहीं दिया जा रहा। इस आरोप के बाद उपराज्यपाल ने जेल के डीजी से तथ्यात्मक और व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था। साथ ही, उन्होंने कहा है था कि जेल एक हस्तांतरित विषय के रूप में सीधे और पूरी तरह से दिल्ली सरकार के अधीन आता है। उपराज्यपाल ने आश्वासन दिया था कि सीएम के स्वास्थ्य के संबंध में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मुरादाबाद से भाजपा उम्मीदवार सर्वेश सिंह का हुआ निधन

**दुःखद**

- **लंबे समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे**
- **नामांकन करने के बाद बिगड़ गई थी हालत**



**मुरादाबाद।** पूर्व सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह (72) की दिल्ली स्थित एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। वे लंबे समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। निधन की जानकारी मिलने पर पार्टी में शोक की लहर फैल गई।

मुरादाबाद लोकसभा के प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। नामांकन करने के बाद उनकी हालत बिगड़ गई। इसी कारण वह चुनाव प्रचार में भाग नहीं ले सके। पूर्व सांसद के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि शुक्रवार को वह अपने मेडिकल चेकअप कराने के लिए दिल्ली स्थित एम्स गए थे। वहां इलाज के दौरान शाम को उनकी मौत हो गई। निधन की जानकारी मिलने पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने शोक जताया है। प्रदेश अध्यक्ष रविवार को उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए लखनऊ से आएंगे। बता दें कि भाजपा के कुंवर सर्वेश कुमार सिंह ठाकुरद्वारा विधानसभा सीट से वर्ष 1991, 1993, 1996, 2002 औप 2012 में (पांच बार) विधायक निर्वाचित हो चुके थे। वह वर्ष 2014 में सांसद रह चुके थे।

2019 में उन्हें सपा के एसटी हसन ने हरा दिया था। उनके बेटे शुशांत सिंह बिजनौर जिले की बड़ापुर विधानसभा सीट से विधायक रहे हैं। डीएम मानवेंद्र सिंह ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश कुमार के निधन की जानकारी मिली है। इससे चुनाव प्रक्रिया पर को कोई असर नहीं पड़ेगा। मतगणना निर्धारित तिथि पर आयोजित होगी। यदि भाजपा चुनाव जीतती है तो उप चुनाव होगा। भाजपा हारती है तो कुछ नहीं होगा।

### मतदान करने का अवसर न छोड़े लोग : चंद्रचूड़

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने नए आपराधिक न्याय कानूनों को समाज के लिए एक ऐतिहासिक पल बताया। उन्होंने शनिवार को कहा कि भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है। वहीं, उन्होंने नागरिकों से आम चुनाव में मतदान करने का अवसर न चूकने का आग्रह किया। सीजेआई चंद्रचूड़ अपराध के न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत के प्रगतिशील मार्ग पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि नए कानून तब सफल होंगे, जब हम इसे स्वीकार करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि नए लागू कानूनों ने आपराधिक न्याय पर भारत के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ितों के हितों की रक्षा करने और अपराधों की जांच के लिए यह बदलाव करना बहुत जरूरी था। संसद द्वारा नए कानूनों पर मुहर लगाना इस बात का संकेत है कि देश बदल रहा है और आगे बढ़ रहा है।

# कांग्रेस को बना दीजिए इतिहास : योगी

**योगी का आह्वान**

- **जब राजस्थान लेता है अंगड़ाई, तब पूरे देश में सुनाई देती है गूंज**
- **हमारे पूर्वज इसी राजस्थान की धरती से है**



**राजसमंद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा के स्टार प्रचारक श्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्थान की धरती से आह्वान किया है कि कांग्रेस को इतिहास की वस्तु बना दीजिए। उन्होंने कहा जब राजस्थान की धरती अंगड़ाई लेती है तो पूरे देश में उसकी गूंज सुनाई देती है।

कांग्रेस की ऐसी गति कीजिए कि लोग कहें 'एक थी कांग्रेस'। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं सत्य का पथिक हूं और राजस्थान की धरा पर सत्य की आवाज को मजबूती मिलती है, यही कारण है कि यहां मुझे सबसे ज्यादा प्यार मिलता है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पूर्वज राजस्थान से ही गये थे, उनके दादा गुरु ने मेवाड़ की धरती से गोरखपुर आकर राष्ट्रवाद की अलख जगाई थी। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को राजसमंद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी महिमा कुमारी मेवाड़ के पक्ष में विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान वीरों की भूमि है, यहां भक्ति और शक्ति का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। बप्पा रावल की वीरता से लेकर महाराणा प्रताप के स्वदेश और स्वाभिमान पर पूरा देश गौरव की अनुभूति करता है। महारानी पद्मिनी के जौहर को कौन भुला सकता है। आज यूपी से इस धरा पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। योगी ने कहा कि मीरा बाई की भक्ति हम सबके मन में राष्ट्रभक्ति की एक नई ज्वाला पैदा करती है। ये भूमि कृष्ण की भक्ति में लीन मीराबाई को वृंदावन से जोड़कर राजस्थान और यूपी के संबंधों को मजबूत करती है। श्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि उन लोगों ने महाराणा प्रताप की जगह अकबर को महान बनाने का कार्य किया। महाराणा प्रताप विपरीत परिस्थितियों में धैर्य न खोकर लड़ते रहे। उन्होंने कष्ट सहकर देश और स्वधर्म की रक्षा की। उस वक्त की सबसे बड़ी ताकत कहे जाने वाले अकबर को उन्होंने घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। इस धरती ने कभी भी स्वदेश, स्वधर्म और स्वाभिमान के साथ समझौता नहीं किया है। योगी ने कहा कि कांग्रेस के लोग भारत की सनातन आस्था पर प्रहार करने में कोई संकोच नहीं करते। देश की आस्था पर प्रहार करने के लिए ये कहते थे कि राम हुए ही नहीं। हमें भी कांग्रेस को वोट देकर अपने इतिहास को कलंकित नहीं करना है। कोई स्वाभिमानी कौम ऐसा नहीं कर सकती। उन्होंने महाराणा प्रताप के साथ राजस्थान की भील और मीणा जातियों की वीरता की भी चर्चा की।

# गर्मी में थाइलैंड चले जाते हैं राहुल : शाह

### मथुरा में बोले अमित शाह, पहले चरण में ही कांग्रेस-सपा का हो गया है सूपड़ा साफ

**पलटवार**

- **70 वर्षों तक, कांग्रेस ने अयोध्या के राम मंदिर को लटकाए रखा**
- **चौधरी साहब ने कांग्रेस, किसानों की भूमि बचाने के लिए छोड़ी थी**



**मथुरा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दावा किया कि उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर हुए पहले चरण के मतदान में कांग्रेस-सपा गठबंधन का सफाया हो गया।

शाह ने वृन्दावन में भाजपा उम्मीदवार हेमा मालिनी के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आपको पहले चरण का नतीजा बता दूं, किसी को मत बताना, मैं आपको बताऊंगा- पहले चरण में कांग्रेस, सपा का सफाया हो गया है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में भी इस यात्रा को जारी रखते हुए, वृंदावन से काशी तक कमल को विजयी बनाना है। शाह ने कहा कि 70 वर्षों तक, कांग्रेस ने अयोध्या के राम मंदिर को लटकाए रखा। मोदी जी ने 5 वर्षों में ही राम मंदिर का केस भी जीता, भूमिपूजन भी किया और प्राण प्रतिष्ठा भी की। कांग्रेस और सपा को प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया, लेकिन वोट बैंक के लालच में ये राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में भी नहीं गए। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने देश को समृद्ध किया है, देश के अर्थतंत्र को 11वें नंबर से 5वें नंबर पर लाने का काम किया है। मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दो, भारत, दुनिया का तीसरे नंबर का सबसे बड़ा अर्थतंत्र बन जाएगा। ये मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी वो नेता हैं, जिन्होंने किसानों की भूमि को सुरक्षित करने का काम किया है। चौधरी साहब ने कांग्रेस, किसानों की भूमि बचाने के लिए छोड़ी थी। कांग्रेस ने इतने सालों तक उन्हें भारत रत्न नहीं दिया। चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न देने का काम मोदी जी ने किया है। उन्होंने कहा कि 2014 में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पलायन हो रहा था, सपा के गुंडे लोगों को परेशान कर रहे थे। लोग यूपी छोड़ कर जा रहे थे। 2017 में आपने भाजपा सरकार बनाई, योगी जी ने कानून व्यवस्था को ठीक किया। जिसके बाद लोगों ने नहीं, गुंडों ने पलायन किया। दूसरे चरण में इसी यात्रा को आगे निकाल कर उत्तर प्रदेश की जनता को वृंदावन होते हुए काशी तक कमल (भाजपा के चुनाव चिह्न) को विजयी बनाना है।

**अमरोहा में मंच पर आए यूपी के दो युवा नेता**

# ढोलक के साथ होगी भाजपा की विदाई : अखिलेश

**कसा तंज**

- **गठबंधन के उम्मीदवार दानिश के लिए वोट मांगे**
- **जाति जनगणना का मतलब है हिदुस्तान का एक्सरे : राहुल**



**अमरोहा।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने अमरोहा में जनसभा को संबोधित किया।

इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार कुंवर दानिश अली के लिए वोट मांगे। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण के चुनाव में भाजपा की हवा निकल गई है। सपा मुखिया ने कहा कि ढोलक के साथ बीजेपी की विदाई होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि जो यहां का परंपरागत वोट बीजेपी को मिला करता था वह भी खुल कर विरोध कर रहे हैं। ऐसे परंपरागत वोटर भी भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ खड़े हो गए हैं। हम हरहाल में गठबंधन के उम्मीदवार को जिताएंगे।

अखिलेश ने कहा कि जनता ने भाजपा को पहले चरण के चुनाव में ही पलट दिया है।

### प्यार की अप्रतिम मिशाल



केरल में पथनमथिट्टा में जनसभा के दौरान भाषण देते समय @priyankagandhi जी की नजर एक दिव्यांग बच्चे एंटनी पर पड़ी जो हाथ उठाकर कुछ कहना चाह रहा था। प्रियंका जी ने भाषण रोककर बच्चे को मंच पर बुलवाया। उससे बात की। उसे अपने पास बैठाया और फिर से भाषण शुरू किया।

### जाति जनगणना करवाई जाएगी : राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन की सरकार बनने के बाद युवाओं, किसानों और महिलाओं को लाभ होगा। सभी के लिए हमने रोडमैप तैयार किया है. इसलिए बीजेपी जातिगणना करवाने से डरती है, उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं समेत अन्य मुद्दों पर ध्यान नहीं दे रही। जाति जनगणना मतलब हिदुस्तान का एक्सरे, गठबंधन की सरकार आने के बाद जाति जनगणना करवाई जाएगी।

### स्मृति सिंह ने इंटरमीडिएट में 97 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया

**लखीमपुर खीरी।** गोला स्थित वीकेएस सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज की छात्रा स्मृति सिंह ने इंटरमीडिएट में 97 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। स्मृति ने 500 में से 485 अंक पाए हैं। इसी तरह आदर्श विद्या मंदिर शास्त्रीनगर लखीमपुर के छात्र सचिन कुमार वर्मा ने 500 में से 484 अंक पाए हैं। 96.80 प्रतिशत अंक लेकर सचिन ने प्रदेश में छठा स्थान पाया है। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोला के छात्र अक्षत पांचाल ने 500 में से 482 अंक पाए हैं। अक्षत का 96.40 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में आठवां स्थान रहा है हाईस्कूल में जिले की टॉप टेन में 23 छात्र-छात्राओं ने जगह बनाई हैं, इसमें सर्वाधिक 13 छात्राएं हैं। इंटरमीडिएट में जिले की टॉप टेन में 15 छात्र-छात्राओं ने जगह बनाई, इसमें सर्वाधिक आठ छात्राएं हैं। पिछली बार जिले का 89.78 प्रतिशत रिजल्ट रहा, जबकि इस बार हाईस्कूल का रिजल्ट 78.02 प्रतिशत रहा। पिछली साल इंटर का 75.52 प्रतिशत रिजल्ट रहा, इस बार 81.84 प्रतिशत तक पहुंच गया। हाईस्कूल में 52736 बच्चे पंजीकृत थे, इसमें से 40634 बच्चे उत्तीर्ण हुए और इंटर में 45079 बच्चे पंजीकृत थे, 33510 बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं।

# धौरहरा से बसपा प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को नामांकन



के तीसरे दिन 29द्धधौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से श्याम किशोर अवस्थी ने रिटर्निंग अफसर के समक्ष अपना नामांकन पत्र दो सेट में दाखिल किया। वही 28द्धखीरी संसदीय क्षेत्र से कोई नामांकन दाखिल नहीं हुआ। नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। बताते चले कि नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुबह 11 बजे से तीन बजे तक प्रक्रिया चली। निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रत्याशी के लिए साढ़े 12 हजार रुपये जमानत राशि रखी है। नामांकन पत्र प्राप्त करने और नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के न्यायालय कक्ष में जमा करने का समय प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से 03 तक किया जा सकता है। नामांकन का अंतिम दिनांक 25 अप्रैल 2024 आयोग द्वारा निर्धारित है।

### धौरहरा से तीन लोग ले गए नामांकन पत्र

नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन शनिवार को धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए निर्धारित आरओ कक्ष से 03 व्यक्ति नामांकन पत्र लेकर गए है। वही 28द्धखीरी संसदीय क्षेत्र से ना तो किसी ने नामांकन पत्र प्राप्त किया और नहीं दाखिल किया।

# तीसरे दिन की नामांकन प्रक्रिया के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** दृष्टिगत कलेक्ट्रेट परिसर में तीसरे दिन की नामांकन प्रक्रिया के दौरान जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा प्रयाप्त पुलिस बल के साथ नामांकन स्थल का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित को नामांकन प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये सामान्य लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत नामांकन प्रक्रिया दिनांक-18.04.2024 से कलेक्ट्रेट परिसर जनपद खीरी में प्रारम्भ हुई, लोकसभा सीट खीरी के लिए नामाकंन कक्ष 28 खीरी व धौरहरा लोकसभा के लिए नामांकन कक्ष 29 धौरहरा में नामांकन प्रक्रिया सम्पादित की जा रही है नामांकन प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने तथा सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में प्रयाप्त पुलिस व पीएसी के जवान की तैनाती जगह-जगह पर की गई है, नामांकन प्रक्रिया के दौरान बेहतर यातायात संचालन हेतु यातायात पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं साथ ही साथ नामांकन कक्ष के पास तैनात पुलिस बल को आने-जाने वाले लोगों को डीएफएमडी, मेटेल डिटेक्टर आदि से चेक करने हेतु बताया गया तथा एलआईयू को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### आम जन जीवन गर्मी से परेशान ऐसे में भरी दोपहरी में रोज बिजली गुल होने से नगर में मची है त्राहि-त्राहि

**मोहम्मदी-खीरी।** मई, जून की गर्मी को मात करती अप्रैल के तीसरे सप्ताह की भीषण गर्मी, आग उगलता सूरज भट्ठी बनी जमीन, आम जन जीवन गर्मी से परेशान ऐसे में भरी दोपहरी में रोज बिजली गुल होने से नगर में त्राहि-त्राहि सी मची है। तापमान बढ़ते ही बिजली की आंख मिचौली से जनता कहराने को मजबूर सी है। वही जिम्मेदार खामोश है। सत्ता पक्ष को ये गम्भीर समस्या दिखाई नहीं देती वही विपक्ष मजबूर और बेबस सा नज़र आ रहा है तथा सत्ता के खौफ के कारण इस जन समस्या पर विपक्ष आवाज नहीं उठा पा रहा है। गत वर्षो में माह अप्रैल में तापमान में इतना उछाल नहीं था जितना इस बार अप्रैल के इस तीसरे सप्ताह की शुरूआत में है। आसमान से जैसे आग बरस रही हो, जमीन जैसे भटठी बन गयी हो। पहली बार अप्रैल में गर्मी का वो हाल है जो पिछले कई वर्षो में नहीं पड़ी होगी। ऐसी भीषण गर्मी में जब ''बिजली गुल'' हो जाये तो क्या स्थिति शहरवासियो की होती होगी सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। अप्रैल माह की शुरूआत से ही बिजली की आंख मिचौली का खेल शुरू हो गया था जो धीरे-धीरे अपने यौवन पर आता दिख रहा है। बिजली की आंख मिचौली का समय और संख्या बढ़ती जा रही है। भीषण गर्मी के चलते बिजली की मांग में अचानक भारी उछाल आया। जैसे ही इस सदी की भीषण गर्मी की शुरूआत हुई। ट्रान्सफार्मरो की भी सांसे फूलने लगी और वो कभी भी साथ छोड़ सकते है। चार फीडरो में बटा नगर को अलग-अलग लोड के अनुसार ट्रान्सफार्मर लगाकर विद्युत आपूर्ति की जा रही है। जानकारो का कहना है कि बढ़े तापमान एवं विद्युत मांग को देखते हुए इन कम पावर वाले ट्रान्सफार्मरो के स्थान पर अधिक केबीए वाले ट्रान्सफार्मर लगा दिये जाते तो लगे कम पावर वाले ट्रान्सफार्मर फुकते भी नही और न ही विद्युत आपूर्ति प्रभावित होती और न विभाग व सरकार के चूना लगता। जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। लगभग रोज़ ही भरी दोपहरी में एक-एक, ढ़ेड-ढ़ेड, दो-दो घण्टे के लिये तक बिजली गुल रहती है। ऐसी गर्मी में आमजन को किस परेशानी से गुजरना पड़ता होगा सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

### ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग



**लखीमपुर खीरी। बाबू राम सर्राफ नगर के ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग। गढ़ी पॉवर हॉउस का मामला।**

### ईवीएम गोदाम का डीईओ ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण कर ली जानकारी



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारी हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट परिसर में बने वीवी पैट वेयरहाउस में ईवीएम हॉल को जनपद के राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थित में निरीक्षण किया गया तथा ईवीएम तथा वीवीपैट की विस्तार से जानकारी सम्बन्धित अधिकारियों से ली। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि जनपद की विधानसभावार ईवीएम व वीवीपैट मशीनों को मतदान केन्द्रों के लिए नियमानुसार रखा जाएगा। जिससे कि मतदान वाले दिन किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रघुनाथ मन्दिर में श्री बाला जी का जन्मोत्सव मनाया

**सहारनपुर।** नाजिरापुरा के रघुनाथ मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बालाजी के मंदिरों में हवन पूजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने बैंडबाजो के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। बालाजी मंदिर ओर से हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल रथ यात्रा निकाली गई। भक्तों ने हाथों से रथ को खींचा। वार्ड 39 में जगह-जगह बालाजी महाराज के भव्य रथ का स्वागत हुआ। प. धनंजय शुक्ला के सानिध्य में श्री बाला जी के जन्मोत्सव पर इन्दिरा गांधी कालोनी में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा के द्वारा श्री बालाजी को क्षेत्र का भ्रमण कराया गया। मोहल्ले में शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया और प्रसाद ग्रहण किया गया। शोभायात्रा इन्दिरा गांधी कालोनी मंदिर से बैंडबाजो के साथ रवाना हुई। श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का पाठ किया।

## यूपी बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित रायबरेली के होनहारों ने भी प्रदेश की मेरिट सूची में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** यूपी बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद रायबरेली के होनहारों ने भी प्रदेश की मेरिट सूची में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई है। रायबरेली के तीन मेधावी छात्रों ने हाई स्कूल की मेरिट सूची में नाम दर्ज कराया वही इंटरमीडिएट की छात्रा कशिश यादव 97.40त्न नंबर पाकर जो न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज मुराई का बाग रायबरेली की छात्रा ने रायबरेली जिले में प्रथम स्थान तथा प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया कशिश यादव के पिताजी पेशे से एक शिक्षक हैं उन्होंने बताया कि इस मुकाम को प्राप्त करने के लिए उन्होंने लगभग 8 घंटे के पढ़ाई की तथा परीक्षा के टाइम पर 12 घंटे की पढ़ाई की कशिश यादव ने बताया कि भविष्य में वो डॉक्टर बनना चाहती हैं इसका श्रेय उन्होंने



सभी गुरुजनो तथा घर के लोगों को दिया इसके साथ ही प्रदेश की हाई स्कूल मेरिट सूची में रायबरेली के तीन छात्रों ने 8वी रैंक हासिल की जबकि एक छात्र ने नवी और एक ने 10 वी पोजिशन हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है इसी क्रम में सकल नारायण इंटर कॉलेज के छात्र दीपेंद्र साहू ने 97.16त्न अंक प्राप्त करजिले मे दूसरा व प्रदेश की मेरिट में आठवां स्थान प्राप्त कर जिले का व विद्यालय का नाम रोशन किया दीपेंद्र के पिताजी पेशे से टेंपो चालक हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार सकल नारायण विद्यालय में हाई स्कूल की परीक्षा में लगभग 25 बच्चों ने 90त्न से ऊपर अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया विद्यालय के संस्थापक संजय सिंह ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों को अच्छे भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा दीपेंद्र साहू को अपनी गोद में उठाकर खुशी जाहिर की वही रायबरेली के आठ छात्रों ने हाई स्कूल की मेरिट सूची में स्थान पाया है।


रायबरेली के एनटीपीसी में सरस्वती विद्या मंदिर की पढ़ने वाली जया शुक्ला ने 7वी रैंक हासिल की है। इसके साथ सोनम यादव ने 9वी रैंक हासिल की।

### चुनाव की व्यस्तता में फुर्सत मिलते ही जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया गौवंश का दुलार



**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र निर्वाचन संबंधी कार्यो से फुर्सत मिलते ही अपने आवास पर गोवंश का दुलार करने पंहुचे। आवास पर बनी गौशाला का निरीक्षण कर गौशाला में हरे चारे, भूसे, पानी, शेड आदि व्यवस्थाओं का जाएजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्हें सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक मिली। जिलाधिकारी का गायों के प्रति प्रेम किसी से छुपा नहीं है। जिलाधिकारी जनपद में स्थित गौशालाओ में जाते रहते हैं। गायों को हरे चारे की कमी न हो इसके लिए उन्होंने नेपियर घास के उत्पादन को बढ़ावा दिया। उनके नेपियर घास के अभिनव प्रयास को प्रदेश भर में अपनाया जा रहा है। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र ने नेपियर घास के उत्पादन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि यह निरंतर हरा चारा प्रबंधन की दिशा में अभिनव प्रयास है। उन्होंने कहा की इस घास को लगाने की विधि भी बहुत सरल है और यह लगभग 70 से 80 दिन में तैयार हो जाती है।

## सर सैयद मैमोरियल इण्टर कालेज का परिणाम रहा शत-प्रतिशत



सहारनपुर। महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था सर सैयद मैमोरियल इण्टर कालेज का हाई स्कूल व इण्टर मीडिएट का परीक्षा परिणाम शत-पतिशत रहा है। विगत 15 सालों से विद्यालय का परीक्षा परिणाम यथावत चल रहा है।

मौहल्ला आली स्ट्रीट स्थित विद्यालय में आज विद्यालय के प्रबंधक हाजी मौहम्मद अफ़्ज़ल खां, प्रधानाचार्य राशिद अहमद ने परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय की छात्रा अरीबा राव ने विद्यालय को टॉप कर 81.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वजीहा ने 81.5 प्रतिशत अंक, नमरा फ़रमान ने 79.3 प्रतिशत अंक, रबिया ने 78.5 प्रतिशत, सबिहा रहमान 77.8, लायबा 77.8 प्रतिशत व नूर फ़ात्मा ने 77.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। उन्होंने बताया कि इण्टरमीडियट यू.पी. बोर्ड परीक्षा में हलीमा सादिया ने 77 प्रतिशत अंक, निशा नाज ने 72.4 प्रतिशत अंक व उमैमा ने 71.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यायल का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्धक हाजी मौ. अफ़्ज़ल खाँ, नाजिम तालिमात हाजी मौ. असलम खाँ, विद्यालय कन्ट्रोलर अंजुम अफ़्ज़ल, प्रधानाचार्य राशिद अहमद, प्रधानाचार्य इरम रियाज, बर्सर मौ. अहमद ने विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों तथा समस्त विद्यालय स्टॉफ को बधाई देते हुए कहा कि परीक्षाफ़ल का श्रेय समस्त स्टाफ़ व विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को जाता है जो पिछले 15 सालों से कठिन परिरम के साथ बच्चों को शिक्षित कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर सरकारी स्तर से प्रोत्साहन मिलना चाहिए।

# हाई स्कूल में परिक्षित व इंटर मीडिएट में यशवी कुश ने जिला किया टॉप

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं में जनपद स्तर पर सोफ़िया गर्ल्स हायर सेकेंड्री स्कूल की परीक्षित तोमर ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं इंटर मीडिएट में सरस्वती सदन इंटर कालेज सबदलपुर की छात्रा यशवी कुश ने 95 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टॉप किया है। आज जिला विद्यालय निरीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में हाईस्कूल परीक्षा में 38145 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 36356 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी जिनमें से 33370 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जबकि इंटरमीडिएट में 32547 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 31483 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी जिनमें से 25509 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में 81.02 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है और जनपद को प्रदेश में 59वां स्थान मिला है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा में शामिल 25 परीक्षार्थियों में से 10 परीक्षार्थी प्रथम रहे हैं जिनमें सोफ़िया गर्ल्स हायर सेकेंड्री स्कूल की परीक्षित तोमर ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इनके अलावा महंत जगन्नाथ दास इंटर कालेज बांदूखेड़ी के निखिल पंवार एवं राजकीय इंटर कालेज देवला की पायल पाल ने 95.67 प्रतिशत अंक हासिल कर जनपद में द्वितीय स्थान हासिल किया है। इसके अलावा नेशनल मॉडल इंटर कालेज नागल के शाह आलम ने 95.50 प्रतिशत अंक हासिल कर जनपद में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह इंटरमीडिएट में 19 परीक्षार्थियों में से 10 परीक्षार्थी प्रथम स्थान पर रहे हैं जिनमें सरस्वती सदन इंटर कालेज सबदलपुर की यशस्वी कुश ने 95 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जबकि आदर्श इंटर कालेज तल्हेड़ी बुजुर्ग के तन्नू रानी ने एसडी शांतिदेवी इंटर कालेज नकुड़ की अंकिता ने 93.60 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान





प्राप्त किया है। इनके अलावा किसान इंटर कालेज शाहजहांपुर की सिमरन ने 93.40 प्रतिशत अंक हासिल कर जनपद में तृतीय स्थान हासिल किया है। इंटरमीडिएट में सरस्वती सदन इंटर कालेज सबदलपुर की छात्रा यशस्वी कुश ने 95 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टॉप किया है। वहीं तन्नू रानी, आदर्श इंटर कालेज तल्हेड़ी बुजुर्ग की छात्रा तन्नू रानी, एसडी शांति देवी इंटर कालेज नकुड़ की अंकिता ने 93.60 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इनके अलावा केएमआईसी शाहजहांपुर की सिमरन ने 93.40 प्रतिशत, दिलेराम सैनी इंटर कालेज रामपुर कल्लन की खुशी चौहान ने 93.20 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इनके अलावा पीएन इंटर कालेज साढौली कदीम की तनुजा, पिंकी व वीरसुभाष मैमोरियल इंटर कालेज नकुड़ रोड के शानू कुमार ने 92.80 प्रतिशत अंक, इंटर कालेज टांकों सुंदरपुर के तन्नू काम्बोज ने 92.60 प्रतिशत अंक हासिल कर छठां व एसजेएसवसीएम इंटर कालेज गंगोह के आर्यन कुमार ने 92.40 प्रतिशत अंक हासिल कर सातवां, केएमआईसी शाहजहांपुर सरसावा की अंशिका ने 92.20 प्रतिशत अंक हासिल कर आठवां स्थान तथा आईजी इंटर कालेज ताल्हापुर की छात्रा वंशिका सैनी व एसएस इंटर कालेज तीतरों के भुवन ने 92.92 प्रतिशत तथा एसपीएमएसवीएम इंटर कालेज बाबा लालदास रोड सहारनपुर की प्रज्ञा गौर व वंशिका जैन ने 92.92 प्रतिशत अंक हासिल कर नौंवा स्थान हासिल किया है। इसके अलावा एसडी शांति देवी इंटर कालेज की अंशिका, बीएनडीआईसी जड़ौदा पांडा की आंचल, जेपीवीएम इंटर कालेज कोटा नागल की अदिति शर्मा व गवर्नमेंट इंटर कालेज नीची नकुड़ की कनिका सैनी ने 91.80 प्रतिशत अंक हासिल कर जनपद में दसवां स्थान हासिल किया है। हाईस्कूल परीक्षा में सोफ़िया गर्ल्स हायर सेकेंड्री स्कूल की परीक्षित वर्मा ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम, एमजेडी इंटर कालेज बांदूखेड़ी के निखिल पंवार व गवर्नमेंट इंटर कालेज देवला की प्रिया पाल ने 95.67 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा, नेशनल मॉडल इंटर कालेज नागल की पायल पाल ने 95.67, नेशनल मॉडल इंटर कालेज नागल के शाह आलम ने 95.50 प्रतिशत अंक हासिल तृतीय स्थान, पीजी पॉयस इंटर कालेज गागलहेड़ी की रिया यादव ने 95.17 अंक हासिल कर चौथा व इंटर कालेज भलस्वा इस्सोपुर की आरूषि व महाराणा प्रताप एचएसएस नकुड़ की आरती ने 94.83 अंक हासिल कर पांचवां, यमुना खादर इंटर कालेज कम्बोह माजरा की कशिश सैनी, महाराज सिंह इंटर कालेज गंगदासपुर की वंशिका चौधरी, जेवी जैन इंटर कालेज राजपुर की महिमा 94.50 प्रतिशत अंक हासिल पांचवों स्थान प्राप्त किया है। इनके अलावा जेवी इंटर कालेज राजपुर की महिमा ने 94.17 व एएस इंटर कालेज छुटमलपुर की मृत्युंज्य द्विवेदी ने 94 प्रतिशत व श्रीराम कृष्णा योगाश्रम इंटर कालेज देवबंद के शिवम ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर आठवां स्थान प्राप्त किया है।

### विद्युत विभाग के दावे खोखले हुए साबित

**सहारनपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक जनपद व गांव को विद्युत संतृप्तिकरण किए जाने के दावे भले ही कर रहा हो लेकिन शुक्रवार की देर सायं आंशिक तूफ़ान ने विद्युत विभाग के दावों को खोखला साबित कर दिया जिसके चलते विद्युत समस्या के कारण लोगों ने बड़े कष्ट के साथ रात विदाई। प्रदेश सरकार व विद्युत विभाग द्वारा प्रदेश में विद्युत आपूर्ति के दावे करने और विद्युत का आधुनिकीकरण किए जाने के दावे उस समय खोखले साबित हो गए जब चंद मिनटों के आए तूफ़ान के कारण विद्युत पोल को झुका दिया तथा तारों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस कारण लोगों को विद्युत आपूर्ति न होने के कारण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा। यह विद्युत विभाग की लापरवाही मानी जाए या विभागीय स्तर पर अपने दायित्व के प्रति लापरवाही माना जाए। आज भी आधा दिन गुजरने के बाद विद्युत विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति को सुचारू किया गया जो विभाग की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा रहा है।

### तेज हवाओं के साथ आये तूफ़ान ने जमकर बरपाया कहर

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** विगत दिवस देर सायं तेज हवाओं के साथ आए तूफ़ान ने जमकर तबाही मचाई, जिसमें लोगों को भारी नुकसान हुआ। तो वहीं कई स्थानों पर विद्युत पोल व पेड़ गिर जाने के कारण विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित रही, जिस कारण लोग पानी की बूंद-बूंद को तरस गए और रोजमर्रा के काम भी नहीं हो पाए। इस दौरान कोई जनहानि न होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। शुक्रवार देर शाम घनघोर काले बादलों के साथ चक्रवर्ती तूफ़ान आया जिसने जमकर तबाही मचाई। इस दौरान नगर निगम के वार्ड संख्या-14 गली नम्बर-17 निवासी लोकतंत्र सेनानी संगठन के जिलाध्यक्ष के कच्चे मकान पर पड़ी टिन शेड तेज हवा में चादर की तरह लहराती नजर आई। गनीमत रही कि वह किसी के ऊपर नहीं गिर। इस कारण आई बरसात में उनका काफ़ी घरेलू सामान नष्ट हो गया। प्रतिदिन घर में प्रयोग होने वाला हजारों रूपए मूल्य के सामान का भारी नुकसान हुआ है। बलदेवराज जोशी का कहना है कि इस तूफ़ान ने उनका आशियाना ही छीन लिया और उन्होंने पड़ोसी के घर में रात गुजारी। उनके घर में जो टिन की चादर पड़ी हुई थी वह तेज तूफ़ान में उड़ गई। इसके अलावा इंदिरा कालोनी निवासी विक्की वर्मा और सूरज पुत्र सोमप्रकाश के आवास पर भी तूफ़ान ने जमकर तबाही मचाई।

इसके अलावा 20 साल पुराना पिलखन का पेड़ भी धराशायी हो गया जिस कारण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित रही। शारदा नगर में ही 11 हजार एचटी लाईन का विद्युत पोल गिरने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रही। महानगर के विभिन्न स्थानों पर विद्युत आपूर्ति न होने के कारण शारदा नगर, खलासी लाईन, ओजपुरा, नवीन नगर, गुरूद्वारा रोड, पटेल नगर, सुभाष नगर, अम्बाला रोड, रांघड़ों का पुल, रेंच का पुल सहित विभिन्न स्थानों पर विद्युत आपूर्ति न होने के कारण लोग गर्मी में बेहाल रहे। इसी कारण टंकियों में पानी की आपूर्ति न होने से भी लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा तथा नागरिक प्रतिदिन की दिनचर्या के काम भी नहीं कर पाए।

## संगठन के प्रति निष्ठा व निरन्तर सक्रियता ही मिश्रा जी को सच्ची श्रद्धाजंलि: शीतल

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद पं.श्याम बिहारी मिश्रा की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की जिला इकाई द्वारा उनकी स्मृति में आज प्रभु जी की रसोई के प्रांगण में जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन वितरित किया गया।

गांधी पार्क स्थित लोक कल्याण समिति द्वारा संचालित प्रभु जी की रसोई में व्यापारी प्रतिनिधियों ने मिश्रा जी के चित्र के समक्ष पुष्पाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन ने कहा कि पं.श्याम बिहारी मिश्रा ने अपने पूरे जीवन में व्यापारी एकता एवं व्यापारी हितों की रक्षा के साथ-साथ चार बार कानपुर बिल्हौर से निर्वाचित लोकसभा सभा के सदस्य के रूप में एक आदर्श राजनेता के रूप में कार्य किया। श्री टण्डन ने कहा कि प्रत्येक व्यापारी की मिश्रा जी को सच्ची श्रद्धाजंलि यही होगी कि वे अपने संगठन के प्रति न



केवल निष्ठावान हों, बल्कि व्यापारी एकता और व्यापारी हितों की रक्षों के हर प्रकार के संघर्ष में निरन्तर सक्रिय रहें। श्री टण्डन ने कहा कि पं.श्याम बिहारी मिश्रा के निधन के बाद अब प्रदेश में की बागडौर मुकुन्द मिश्रा के हाथ में है, वो भी मिश्रा जी के पदचिन्हों पर चलते हुए तीन वर्षो से व्यापारियों को एकजुट और अधिक सक्रिय करने में लगे हैं और पूरे प्रदेश में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की स्थापना के स्वर्ण जयंती वर्ष में व्यापारी स्वाभिमान यात्रा निकालकर उन्होंने ऐतिहासिक कार्य किया है। इस अवसर पर जिला महामंत्री रमेश अरोड़ा, कर्नल संजय मिडढा, पवन कुमार गोयल, अशोक पपनेजा, भोपाल सिंह सैनी, वी.के.अग्रवाल, नरेश कुमार,, अभिषेक गोयल, आदि व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सराकर ने वंचित, शोषित लोगों को मुख्य धारा से जोड़ा व उनका किया सशक्तिकरणः सांसद लल्लू सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर लगातार पार्टी में



शामिल होनें वालों का सिलसिला जारी है। शनिवार को मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के तीन ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्य सहित सैकड़ों लोगों ने पार्टी की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण की। लोकसभा चुनाव कार्यालय पर सांसद लल्लू सिंह, लोक सभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह पार्टी का ध्वज देकर माल्यार्पण तथा भगवा अंग वस्त्र पहना कर पार्टी में स्वागत किया। शामिल होने वालों में प्रधान गडौली दीपक सिंह, प्रधान राम गोविन्द्र मौर्य, प्रधान मोहली सुधाकर सिंह, पूर्व बीडीसी रमेश रावत, मंजीतत रावत, विनोद रावत, कृष्ण राम रावत, राम बदल प्रजापति, मिठ्ठू कोरी, संतराम कोरी, उमाशंकर मौर्या, नंद किशोर गुप्ता, शिवकरन पासी सहित सैकड़ों लोग शामिल हैं। इस दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा 2014 में पदभार सभांलने के बाद पीएम मोदी ने हर नीति में भारत प्रथम के संकल्प को स्थापित किया है। 4 जून 400 पार का नारा अब जनता स्वंय लगा रही है। मोदी सरकार के दो कार्यकाल में सर्वांगीण, सर्वसमावेशी, सर्वर्स्पर्शी विकास ने यह सुनिश्चित किया है कि इस विकास यात्रा में कोई पात्र व्यक्ति, कोई वर्ग छूटने न पाए। सराकर ने वंचित, शोषित लोगों को मुख्य धारा से जोड़ा व उनका सशक्तिकरण किया। अयोध्या को विश्व मानचित्र पर स्थापित किया। अयोध्या के सर्वांगीण विकास से रामनगरी विश्व की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में उभर रही है।जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि सरकार के दो कार्यकाल में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखा। देश के सभी नागरिक इस अभूतपूर्व विकास के साक्षी रहे हैं। पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में देश निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पार्टी की सदस्यता लेने वाले रमेश रावत ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।

# बच्चों को बनाएं आत्म-अनुशासित व अपने कार्यों के प्रति जिम्मेदारः विकास सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** बालक बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुण सिखाने के तीन दिवसीय कैंप लगाया गया। श्यामा देवी मानव सेवा संस्थान द्वारा राणी सती मंदिर मसौधा में कैंप का उद्घाटन कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में बालक व बालिकाओं सहित स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर संस्था के अध्यक्ष हरिओम ने कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष का मार्ल्यापर्ण व अंगवस्त्र पहना कर स्वागत किया गया। प्रशिक्षण कैंप में प्रशिक्षक नेहा रंजन द्वारा बच्चों को आत्मरक्षा के लिए जुडो कराटे जैसी ट्रेनिंग दी जाएगी। कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा इस तरह के आयोजन बच्चों को आत्मरक्षा के गुण के साथ एक महत्वपूर्ण सबक देता है, वह है अनुशासन और जिम्मेदारी। बच्चे समाज का भविष्य है। बच्चों को आत्म-अनुशासित व अपने कार्यों के प्रति जिम्मेदार बनाना चाहिए। इस प्रकार के आयोजनों बच्चों में आत्मविश्वास, आत्म-अनुशासन और आत्म-सम्मान के साथ-साथ दूसरों के प्रति सम्मान विकसित होता है।

श्यामा देवी मानव सेवा संस्थान की प्रबंधक उर्मिला सिंह ने कहा कि आत्मरक्षा एक बुनियादी अधिकार है जो बच्चों सहित सभी के लिए सुलभ होना चाहिए। आज के समाज में बच्चों को आत्मरक्षा सिखाना एक ऐसी चीज़ है जिसे हम अक्सर नज़रअंदाज कर देते हैं, लेकिन यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आवश्यकता होने पर हमारे बच्चे अपना बचाव कर सकें। जिसको लेकर बच्चों को आत्मरक्षा के गुण सिखाने के लिए तीन दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया है।



## जिले के टॉपर बने आनंद कुमार यादव व 9वें स्थान पर आरुषि

**अयोध्या।** विद्यालय देवा इंटर कॉलेज उसरू अमौना में पढ़कर हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में प्रदेश की सूची में सातवां स्थान और अयोध्या जनपद में 97.33त्न अंक पाकर जिले के टॉपर बने आनंद कुमार यादव ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।देवा इंटर कॉलेज के प्रबंधक सहदेव उपाध्याय और प्रधानाचार्या नमिता ने जिले के टॉपर आनंद कुमार यादव की इस कामयाबी खुशी का इजहार करते हुए कहा कि आनंद कुमार ने प्रदेश की सूची में सातवां स्थान और विद्यालय सहित अयोध्या जनपद में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय और अयोध्या जनपद का नाम रोशन किया है।

## अयोध्या में अबतक 18 हजार से ज्यादा लोगों को मिला घर अपना

**अयोध्या।** दीन-दुखियों के तारणहार भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में बेघरों के लिए घर का सपना तेजी से साकार हो रहा है। मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार की तत्परता से अयोध्या के शहरी इलाकों में अबतक 18 हजार से भी ज्यादा लोगों को उनके सपनों का आशियाना मिल चुका है। सरकार की इस अति महत्वाकांक्षी %प्रधानमंत्री आवास योजना% को लेकर शासन की तत्परता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अयोध्या नगर निगम और नगर पंचायतों में इसके लिये रजिस्ट्रेशन का कार्य अभी भी तेजी से चल रहा है। जिला शहरी विकास अभिकरण (डूडा) की अधिकारी यामिनी रंजन ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अबतक जिले के सभी नगरीय निकाय में 18,724 लोगों को लाभान्वित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अयोध्या नगर निगम व चार नगर पंचायतों व नयी बनी दो नगर पंचायतें कुमारगंज व सुचितागंज में योजना के तहत पात्र लोगों के फॉर्म भरवाए गया।

# जिला निर्वाचन कार्यालय का किया निरीक्षण



**बाराबंकी।** शनिवार की प्रातः जिला निर्वाचन अधिकारी, ज़िला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी, एडीएम अरुण कुमार सिंह और एसडीएम नवाबगंज विजय त्रिवेदी के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय पहुँच कर निर्वाचन सम्बंधी कार्यो के प्रगति की जानकारी ली और साथ ही निर्देश दिया कि निर्वाचन कार्यालय के अंदर प्रवेश करते समय सभी कर्मचारी अपना आईडी कार्ड साथ रखें और चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के क्रम में निर्वाचन कार्यालय के समस्त उत्तरदायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन किया जाए।

# 6 किलो 3 सौ ग्राम पोस्ता छिल्का समेत एक गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना असन्द्रा पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 06 किलो 300 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका बरामद किया। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों तथा मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना असन्द्रा पुलिस टीम द्वारा मैनुअल एन्टेलीजेन्स के आधार पर अभियुक्त लक्ष्मी पुत्र जगप्रसाद निवासी नैपुरा घाट मजरे जलालपुर थाना असन्द्रा को 06 किलो 300 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका के साथ बाजपुर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना असन्द्रा पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।03

## पिता के हत्यारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने थाने पहुंचे पुत्र को थानाध्यक्ष ने दुत्कार कर भगाया

**अयोध्या।** मिल्कीपुर क्षेत्र के परसावां गांव में होली के एक दिन पूर्व शराब के नशे में दबंगों ने दबंगई की इंतिहा पार करते हुए राम प्रकाश पाण्डेय के घर में घुस कर पीट-पीट कर राम प्रकाश को लहुलुहान कर दिया। राम प्रकाश की सिर्फ खता यह थी कि उसने अपने घर मे दबंगों को शराब पीने की इजाजत नहीँ दी थी। गंभीर चोट होने के कारण बाद मे उसकी मौत हो गई।इस प्रकरण मे पुलिस ने घटना के पांच दिन बाद भी हत्त्या के आरोपी दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट नही दर्ज की। राम प्रकाश का पुत्र दबंगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए अधिकारियों की चौखटे नाप रहा है।रिपोर्ट दर्ज होना तो दूर इनायत नगर पुलिस ने पीडित को थाने से दुत्कार कर भगा दिया। इस मामले मे अब राजनीति भी शुरू हो गई है।पीडित को



बसपा के लोकसभा प्रत्याशी सच्चिदानंद पाण्डेय व विश्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधिका प्रसाद पाण्डेय ने आईजी पुलिस प्रवीण कुमार तक पहुंचाया। जहां पीडित की दर्द भरी कहानी को सुनने के बाद आईजी ने एसओ इनायतनगर को जांच कर आवश्यकः कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं आईजी के निर्देश के बावजूद अब तक पीडित की एफआईआर नही दर्ज की गई है।इनायतनगर थाने के परसावा गांव मे 24 मार्च को गांव निवासी राम प्रकाश पाण्डेय की गांव के दबंग राहुल सिंह, जितेश सिंह, अभिषेक यादव, अतुल श्रीवास्तव, मुकेश सिंह ने को बुरी तरह से पीटा था।इलाज के दौरान 16 मार्च को राम प्रकाश की मौत हो गई।मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने राम प्रकाश की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इस मामले की रिपोर्ट लिखाने के लिए इनायतनगर थाने पहुंचे मृतक राम प्रकाश पाण्डेय के पुत्र अनुपम का आरोप है कि थानाध्यक्ष ने उसे थाने से भगा दिया और रिपोर्ट दर्ज नहीं की।उसने बताया कि उसके पिता के हत्यारे अब उसे भी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। शनिवार को एक प्रेस के माध्यम से पीडित अनुपम ने आपबीती बताई व पीड़ित ने अपनी जान माल की सुरक्षा की मांग की है। इस मौके पर बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद पाण्डेय व राधिका प्रसाद पाण्डेय ने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन से पीडित को न्याय दिलाने व सुरक्षा देने के साथ साथ एसओ इनायतनगर को निलंबित करने की मांग की है।

# छात्र छात्राओं ने लहराया परचम शत-प्रतिशत रहा विद्यालयों का रिजल्ट



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा परिणाम में अयोध्या के छात्रों ने जबरदस्त सफलता हासिल की। ओपीएस इंटर कालेज निराला नगर के हाईस्कूल परीक्षा का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय में अंशुमन यादव ने 95. 33त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय के प्रथम रहे इसी तरह आर्यन चौहान , अंजू यादव, अनुष्का मौर्य , गुंजन मिश्रा, नैंसी यादव ,अनुष्का रावत, मानसी, अभिनव वर्मा,वहीं इंटरमीडिएट का भी रिजल्ट शत प्रतिशत रहा विद्यालय में समरेंद्र यादव 90.8त्न जानशी श्वेता वर्मा अलका यादव श्रेयांश यादव निमिषा मौर्य आदि बच्चे सफल सभी बच्चों ने अपने गुरुजनों और अभिभावको को इसका श्रेय दिया है विद्यालय के प्रबंधक अजय प्रताप सिंह राणा ने कहा बच्चे अपनी मेहनत और अपनी लगन से ही आगे बढ़ते हैं और मेरी यही कामना है की सभी बच्चों का भविष्य उज्जवल हो । वहीं ग्रामीण क्षेत्र के ओ एन एकेडमी के छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।विद्यालय का हाईस्कूल एवम इंटरमीडिएट का परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा।विद्यालय के छात्र आदित्य ने 86त्न अंक प्राप्त किया वहीं पर निखिल यादव 87 प्रतिशत रिजल्ट प्राप्त किया ने सर्वाधिक हाईस्कूल में विद्यालय के सौम्या 90त्न अमर 93त्नप्रतिशत अंक प्राप्त किए एवम सभी छात्र छात्राओं ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।विद्यालय के प्रबंधक धर्मपाल पांडेय ने सभी बच्चो के उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाए प्रदान किया। इसी तरह ज्ञानोदय दुखहरण इंटर कॉलेज टकसरा के छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।विद्यालय का हाईस्कूल एवम इंटरमीडिएट का परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा।विद्यालय की छात्रा लवी यादव ने सर्वाधिक 94.16 प्रतिशत अंक एवम इंटर में सुहानी चौरसिया ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया।हाईस्कूल में विद्यालय के अमर चौहान 93 ,सौम्या यादव ने 90प्रतिशत अंक प्राप्त किए एवम 27 छात्र छात्राओं ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।विद्यालय के प्रधानाचार्य रोहित मिश्र ने सभी बच्चो के उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाए प्रदान किया।वहीं टीआर डी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसूलाबाद अयोध्या में आज यूपी बोर्ड परीक्षार्थियों ने अपनी मेधा की चमक बिखेरते हुए एक बार फिर से सफलता का परचम लहराया है।

# भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने लगाई चौपाल

*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर- अयोध्याधाम ।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी सांसद लल्लू सिंह शनिवार को बीकापुर क्षेत्र के पातू पुर ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से रूबरू हुए उनके समस्याओं को सुना और निस्तारण करने का आश्वासन दिया। चुनाव में लोगों को अपने घरों से निकलकर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील किया। उनके द्वारा भाजपा सरकार के गरीब कल्याण और राष्ट्रवाद तथा राम मंदिर मुद्दे पर समर्थन करने की अपील किया। भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही उज्ज्वला योजना, किसान सम्मन निधि योजना, आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं को बताया गया। बताया कि सरकार की कल्याणकारी योजना का लाभ सभी जरूरतमंदों को बिना भेदभाव के मिल रहा है। जबकि पहले ऐसा नहीं था। ग्रामीणों द्वारा गांव में बारात घर बनवाने की मांग की गई। जिस पर उनके द्वारा आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान शीला देवी तथा संचालन प्रधान संघ के जिला सचिव मुकुल आनंद ने किया। चौपाल में पहुंचने पर ग्रामीण महिलाओं द्वारा पुष्प वर्षा करके लल्लू सिंह का स्वागत किया गया। भाजपा द्वारा आयोजित ग्रामीण चौपाल को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार मिश्रा, मंडल अध्यक्ष अनिल उपाध्याय, अंकित दुबे, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडे राना द्वारा भी संबोधित किया गया। इस मौके पर युवा भाजपा नेता भरत जी श्रीवास्तव, अभिषेक गुप्ता राम सहाय निषाद पुजारी, अशर्फीलाल, रामबचन वर्मा, रामगोपाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सपा नेता घनश्याम त्रिपाठी मार्ग दुर्घटना में गंभीर, लखनऊ रिफर

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** हैरिंगटन गंज के आदिलपुर निवासी सपा नेता घनश्याम त्रिपाठी आदिलपुर के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गए है। गंभीरावस्था में बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल से दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज रिफर। दर्शन नगर से लखनऊ मेडिकल कालेज रिफर हुए है। हालत गंभीर बनी हुई है। मंदिर परिसर में पीपल के पेड़ से लटका मिला युवक का शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा पुलिस कर रही हत्या और आत्महत्या के पहलुओं पर जांच मिल्कीपुर अयोध्याखण्डासा थाना क्षेत्र स्थित संत भीख दास आश्रम मंदिर परिसर में पीपल के पेड़ की डाल से रस्सी के सहारे एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला है। युवक का शव रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मंदिर जाने वाले लोगों को सुबह दिखा। युवक के पीठ पर बैग भी टंगा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पेड़ से शव नीचे उतरवाकर पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक के मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।प्राप्त जानकारी के अनुसार खण्डासा थाना क्षेत्र के संत भीखा दास तपोस्थली परिसर स्थित पीपल के पेड़ की डाल से संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक पीठ पर बैग टंगे हुए रस्सी के सहारे फंदे से लटका हुआ था। शनिवार को सुबह ग्रामीण पूजा अर्चन के लिए मंदिर जा रहे थे तभी पेड़ से लटके युवक पर उनकी निगाह पड़ी और भयभीत हो गए। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में पहुंच गए और घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष खण्डासा विवेक सिंह, चौकी प्रभारी प्रभारी सुधीर त्रिपाठी, उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार पुलिस कर्मियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

# सेवानिवृत शिक्षको को दी भावभीनी विदाई

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** निचलौल स्थित ब्लाक सभागार निचलौल मे मे 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत हुए अध्यापकों का केशवमणि त्रिपाठी जिलाध्यक्ष उप्र शिक्षक संघ महाराजगंज जिला मंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्रा तथा खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार मिश्रा की उपस्थिति में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाअध्यक्ष ने अपने संबोधन में बताया की शिक्षक सदैव सेवा कर सकता है। उन्होंने कहा की एक शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता।हम सभी का दायित्व है की एक आदर्श शिक्षक के रूप में अपने आप को प्रतिस्थापित करें ।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आनंद कुमार मिश्रा ने शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला जिला मंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने सभी सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों के स्वस्थ और दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम का संचालन अरविंद विश्वकर्मा तथा सनत कुमार राहुल ने किया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में हरेंद्र प्रसाद, जूनियर हाई स्कूल सोबड़ा, राजेश सिंह कंपोजिट विद्यालय किशनपुर, श्यामलाल शर्मा कंपोजिट विद्यालय



जमुई कला, गत वर्ष के सेवानिवृत शिक्षक रूहबुल्लाह अंसारी तथा सत्य प्रकाश अनुचर को अंग वस्त्र व उपहार भेंट कर ब्लॉक अध्यक्ष संजय कुमार यादव तथा उपस्थित अतिथियों ने को सम्मानित किया।कार्यक्रम की शुरुआत बंजारीपट्टी गिरहियां की बच्चियों ने सरस्वती वंदना से किया ।तथा अपने गीतों के माध्यम से किया।कार्यक्रम में सीताराम जायसवाल ,ब्लाक मंत्री धन्नूचौहान पवन चौधरी कोषाध्यक्ष ,ऋषि त्रिपाठी उपाध्यक्ष ,पवन कुमार पटेल, विनय खरवार, सरिता गौड़, अमित कुमार ,विजय सिंह, मौनव्वर अली, राजेश कुमार पंकज कुमार आर्य, संतोष यादव, जैनेंद्र कुमार ,सुनिल कुमार,विनय त्रिपाठी, कृष्ण चन्द्र पटेल,सहित सैकड़ो अध्यापक उपस्थित रहे।

## अवध विविः स्नातक व परास्नातक सम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ी

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा स्नातक एवं परास्नातक सम सेमेस्टर की ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ाई गई। छात्र-छात्राएं 25 अप्रैल तक परीक्षा शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इससे पहले विश्वविद्यालय द्वारा अंतिम तिथि 15 अप्रैल निर्धारित की गई थी। विवि के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर बीए, बीएससी व बीकॉम के द्वितीय, चतुर्थ व षष्टम सेमेस्टर तथा एमए, एमएससी, एमकॉम के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को परीक्षा फार्म भरने हेतु अंतिम अवसर देते हुए तिथि विस्तारित की गई है। 25 अप्रैल तक परीक्षा शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

# गंभीरतापूर्वक पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें मतदान कार्मिकः डीएम

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आज जो लोग यहां पर पीठासीन अधिकारी या मतदान अधिकारी प्रथम के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने पूर्व में भी निर्वाचन के दौरान किसी न किसी पद पर रहते हुए निर्वाचन संपन्न कराया होगा। चुनाव को सकुशल संपन्न कराने में आप सब मतदान कार्मिकों की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। आप सभी लोग अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि सभी मतदान कार्मिक अपनी जिम्मेदारी की अहमियत को समझते हुए प्रशिक्षण के दौरान मतदान से संबंधित सभी जरूरी प्रक्रियाओं के बारे में परी की से जानकारी हासिल करें और निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के क्रम में मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने में अपना योगदान निभाए। जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार आज जीआईसी ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कार्मिकों को



संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्मिकों को निर्देशित किया की गंभीरता पूर्वक पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम में गैर हाजिर मतदान कार्मिकों के विरुद्ध थाने में एफआईआर दर्ज कराकर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत दंडनीय कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु संबन्धित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अ0 सुदन ने मतदान प्रक्रिया के बारे में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बारे में पीठासीन तथा मतदान कार्मिकों को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि सभी मतदान कार्मिक पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें और प्रशिक्षण के दौरान बताई जा रही समस्त प्रक्रियाओं को ध्यान से सुने और समझे यदि किसी कार्मिक को किसी प्रकार की शंका है, तो तत्काल अपने मास्टर ट्रेनर से पूछ ले। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान प्रक्रिया को बारीकी से समझने के लिए एक नाटक भी दिखाया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान कार्मिकों की समस्यायों का समाधान भी किया गया। जीआईसी ऑडीटोरियम में प्रशिक्षण उपरान्त जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की कक्षाओं में चल रहे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण का जायजा लिया।

## बोर्ड के परीक्षा परिणाम में सिसवा क्षेत्र ने लहराया परचम



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** शनिवार को घोषित इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में सिसवा क्षेत्र के विद्यालयों ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश, मंडल और जिले की वरीयता सूची में स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

शनिवार को घोषित यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने पर स्थानीय चोखराज विद्यालय की गोल्डी यादव, मुस्कान कुशवाहा, पीहू जायसवाल,शिव नारायण सिंह सबया की नेहा चौधरी और आरपीआई कालेज सिसवा के धनन्जय कुशवाहा ने एक समान 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश वरीयता सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया वहीं चोखराज विद्यालय की अनुप्रिया चौधरी, शिव कुमार सिंह विद्यालय सबया की आंचल कुशवाहा और एसएस इंटरमीडिएट कालेज करमही की मजिदुन और संजना कशौधन ने एक समान 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की वरीयता सूची में स्थान प्राप्त किया।तो चोखराज विद्यालय की पायल मोदनवाल ने 95.8 प्रतिशत अनुष्का गुप्ता ने अंक प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

# यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम में छात्राओं का रहा दबदबा

# अर्शनाज़ फातिमा ने प्राप्त किया 91.40 प्रतिशत अंक

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा घोषित यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम में छात्राओं का दबदबा रहा। वही विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने अधिकतम अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खैर टेक्निकल इंटर कॉलेज बनगवा बरई की इंटरमीडिएट की छात्रा सैयद अर्शनाज़ फातिमा पुत्री मोहम्मद हैदर निवासी हल्लौर ने 91.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज की टॉपर बनी है। इसी कॉलेज के इंटरमीडिएट के अन्य परीक्षा परिणाम में नायला शाइन पुत्री मोहम्मद सलीम 91 प्रतिशत, मोहम्मद अल्तमस पुत्र मुस्ताक अहमद 89.20 प्रतिशत ,अल्फिया खातून पुत्री रहमुल्लाह 89 प्रतिशत, आकाश पुत्र सुभागमन 87.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसी प्रकार से इस कॉलेज के हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम में सुमेरा पुत्री इरशाद अहमद खान 93.66 प्रतिशत, नरगिस पुत्री मोहम्मद असलम 91.66 प्रतिशत, मुकीम अहमद पुत्र शकील अहमद 90.66 प्रतिशत, नूर फातिमा पुत्री अहमद खान 89.50 प्रतिशत, तस्लीम पुत्र मुबारक अली 87.50 प्रतिशत अंक, इल्मा महफूज पुत्री काजी महफूज उल हक 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इस कॉलेज में इंटरमीडिएट में कल 135 छात्र पंजीकृत थे जिसका परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। इसी प्रकार हाई स्कूल में 148 छात्र पंजीकृत थे जिसमें सभी उत्तीर्ण हुए हैं। सभी छात्र छात्राओं को कॉलेज स्टाफ, समाजसेवियों व बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मतदान कार्मिको का हुआ प्रथम रेडमाइजेशन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु शनिवार को मतदान कार्मिको का प्रथम रेडमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक जयेन्द्र कुमार तथा अपर जिलाधिकारी (वि/रा) उमाशंकर की उपस्थिति में एनआईसी में सम्पन्न हुआ। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी वीरेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया जनपद में 2178 पोलिंग बूथ बनाये गये है। मतदान कार्मिक पीठासीन अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय तथा मतदान अधिकारी होगे। रेडमाइजेशन के बाद ड्यूटी लिस्ट कार्मिको को उपलब्ध कराया जायेगा तथा मतदान कार्मिको का प्रथम प्रशिक्षण सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल करौदा मसिना में 1 व 2 मई को कराया जायेगा। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतदाता जागरूकता के तहत मेडिकल कालेज से निकली रैली को डीएम ने दिखायी झंडी



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज से बाइक रैली टांडा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस रैली का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में घूम कर आम मतदाताओं को जागरूक करना है जिससे 25 मई को मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में मतदाता प्रतिभा करें। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान अवश्य करें, मतदान में विशेष रुचि लेकर खुद व लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। राष्ट्रीय हित में मतदाताओं को इस बार बूथ पर पहुंचकर मतदान अवश्य करना चाहिए। रैली में आए हुए लोगों मे काफी उत्साह दिखाई दिया और सभी लोग मतदान में प्रतिभाग के लिए उत्साहित दिखे। कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी टांडा, खंड विकास अधिकारी टांडा सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता करेंगे रात्रि चौपाल



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मण्डल मखौडा धाम के पदाधिकारियों के साथ बस्ती लोकसभा चुनाव के संयोजक सर्वेश शर्मा ने बैठक कर कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में हरीश द्विवेदी को पुनः सांसद बनाने व बस्ती में कमल खिलाने के लिए आम जनमानस व युवाओं को सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यो से रूबरू कराने के लिए कहा उन्होंने बताया कि हरीश द्विवेदी के कार्यकाल में बस्ती विकसित हो रहा है शिक्षा व चिकित्सा से लेकर खेल व धार्मिक रूप से भी बस्ती आगे बढ़ रहा है। डबल इंजन के सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यो से कुछ अराजक तत्वों के पेट में दर्द होने लगा है, ये वही लोग हैं जो समाज को बरगलाने का काम करते हैं लेकिन बस्ती की जनता अब तीसरी बार कमल खिलाने के लिए तैयार है। मण्डल संयोजक अतुल तिवारी ने बताया कि बस्ती के आम जनमानस के मन में एक ही बात है। बस्ती में फिर हरीश इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष अजय चौहान, मण्डल महामंत्री दीपक गुप्ता, विजय पांडेय सहित सैकड़ों के संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लू से बचाव के लिए तहसीलों में बनाए गए हीट वेव काउंटर

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आम जनमानस को हीट वेव (लू) से बचाने हेतु प्रचार प्रसार के साथ-साथ मूलभूत चिकित्सीय सुविधाओं को भी उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी निशा अनंत के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि सभी तहसीलों एवं कलेक्ट्रेट में हीट वेव से बचाव हेतु हीट वेव काउंटर की स्थापना की गई है जहां पर विविध कार्यों से जनपद के दूर दराज के क्षेत्र से आने वाले आमजनों को हीट वेव से बचाव हेतु क्या करें क्या ना करें के प्रचार प्रसार के साथ-साथ उन्हें आकस्मिक स्थिति पर प्राथमिक उपचार के रूप में ओआरएस तथा डायरिया उल्टी दस्त बुखार आदि से संबंधित दवाई भी दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सभी तहसीलों के सभी शासकीय वाहनों में भी इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है जिससे किसी भी स्थान पर प्रभावित व्यक्तियों को ओआरएस व प्राथमिक उपचार हेतु आवश्यक दवाओं को उपलब्ध कराते हुए प्राथमिक उपचार प्रदान कर बहुमूल्य मानव जीवन को बचाया जा सके।

# हाईस्कूल में काजल को पहला, सुप्रिया को दूसरा तथा अरमान को मिला तीसरा स्थान

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा शनिवार को घोषित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कॉलेज बढ़नी (कोल्ड स्टोरेज) की हाईस्कूल की छात्रा काजल ने 542 अंक प्राप्त कर कॉलेज में पहला स्थान हासिल किया है। जबकि सुप्रिया ने 521 अंक पाकर दूसरा स्थान तथा मो. अरमान ने 508 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार इंटरमीडिएट मानिकी वर्ग में लाल मोहन व मीनाक्षी ने 397 अंक पाकर पहला स्थान, साधना मौर्या ने 389 अंक पाकर दूसरा तथा मनोरमा सिंह ने 385 अंक पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जबकि इंटर वैज्ञानिक वर्ग में मिश्रपाल ने 442 अंक लाकर पहला, रोहिणी गौतम ने 417 अंक लाकर दूसरा व प्रीती सोनी ने 416 अंक लाकर तीसरा अथान प्राप्त किया। इस प्रकार हाईस्कूल में बालिकाओं तथा इंटरमीडिएट में बालकों का दबदबा दिखाई दिया।

- **इंटर मानविकी में मीनाक्षी व लाल मोहन को पहला, साधना मौर्य को दूसरा व मनोरमा को तीसरा स्थान**

उक्त सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक अख्तर वहीद एवं प्रधानाचार्य सैफुद्दीन मलिक सहित समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## दसवां स्थान प्राप्त कर भाव्या ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



**बांसी अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र बांसी के दक्षिणांचल ग्रामीण क्षेत्र में स्थित चौधरी राम मिलन सिंह स्मारक इंटर कॉलेज घुमची की छात्रा कुमारी भाव्या सिंह पुत्री बिजय बहादुर चौधरी ने 500 में 479 अंक प्राप्त कर जिले में सातवां एवं प्रदेश की मेरिट लिस्ट में दसवां स्थान हासिल करके विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। भाव्या की इस उपलब्धि पर विद्यालय के सभी अध्यापकगण व क्षेत्रवासियों ने इस उपलब्धि पर कुमारी भाव्या सिंह के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया है।

## गैस सिलेंडर की पाइप फटने से दुकान में लगी आग

**जलालपुर, अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के ताजूपुर गांव के मजरा खानूपुर में गैस सिलेंडर की पाइप फटने से झोपड़ी नुमा परचून की दुकान में आग लग गई। इससे देखते ही देखते परचून की दो गुमटी समेत पूरी दुकान जलकर राख हो गई। हादसे में हजारों का नुकसान हुआ है। खानूपुर के रामनाथ यादव का पुत्र पिंटू यादव गांव के ही पास दो गुमटी में परचून के साथ-साथ चाय समोसे की दुकान चलाते थे। इसी से उनके परिवार का भरण पोषण होता था। शनिवार दोपहर को समोसा बनाते समय गैस सिलेंडर से चूल्हे को जोड़ने वाली पाइप अचानक फट गई। इससे अचानक आग लग गई। हादसे के बाद आसपास में बैठे लोग भाग खड़े हुए। आग ने कुछ ही मिनटो में पूरे छप्पर को अपनी चपेट में ले लिया। लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक पूरी दुकान जलकर राख हो गई। आग बुझाने के प्रयास में पिंटू यादव आग की चपेट में आने से बाल बाल बच गए। आग से दो गुमटी बिस्किट, नमकीन, शैंपू, दो चौकी, बिस्तर सभी के कपड़े, दो मोबाइल, एक फ्रिज सहित दर्जनों सामान समेत पूरी दुकान जलकर राख हो गई। इसी दुकान से ही दुकानदार के परिवार का भरण पोषण होता था। हादसे में सब कुछ जल जाने से पीड़ित के सामने परिवार चलाने का संकट खड़ा हो गया है। सूचना पर डायल 112 पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं फोन पर ही लेखपाल को जानकारी दे दी गई है। लेखपाल उमेश चौहान ने हर संभव मदद का भरोसा दिया है।



## धन और मान होने पर भी जो विनम्र रहता है वही सर्वश्रेष्ठ

**भेंटुआ (अमेठी)।** क्षेत्र के बंदोईया गांव में चल रही श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन भगवान श्री कृष्ण की गुरुकुल में शिक्षा एवं देवी रुक्मिणी विवाह की कथा प्रसंग को मार्मिक ढंग से सुनाया गया।कथा व्यास विद्या धर त्रिपाठी ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण गुरुकुल में विविध संस्कार और शिक्षा को ग्रहण किए। वहीं इनकी मित्रता सुदामा से भी हुई। नारायण होते हुए भी नर रूप का संपूर्ण पालन भगवान श्री कृष्ण ने किया। व्यास ने कहा कि धन और मान होने पर भी जो विनम्र रहता है वही भू मंडल में सर्वश्रेष्ठ होता है। रुक्मिणी से विवाह प्रसंग का वर्णन भी किया गया।

उपस्थित लोगो ने रुक्मिणी और श्रीकृष्ण विवाह में उपहार भेंट कर विवाहोत्सव मनाया। मुख्य यजमान सत्य नारायण मिश्र एवं अमरावती मिश्रा ने आए हुए लोगों का स्वागत किया। व्यस्थापक श्रीकृष्ण मिश्र जय कृष्ण मिश्र मनोज राम बाबू लवलेश सहितलक्ष्मी कांत मिश्र चतुर्भुज मिश्र डॉ विजय कुमार आदि श्रोता कथा सुनकर भावविभोर हो गए।

# डीएम की अध्यक्षता में मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट ने मास्टर ट्रेनरों को बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए प्रशिक्षण कराया जा रहा है सभी लोग अच्छी तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त कर लें जिससे मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित कर सकें। ईवीएम के माध्यम से मतदान सम्पन्न कराना है जिसमें कन्ट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं वीवी पैट का प्रयोग होगा। मतदान प्रारम्भ होने के 90 (प्रातः 5:30 बजे) मिनट के पहले माक पोल करना अनिवार्य है किसी भी एजेन्ट के उपस्थित न रहने पर अधिकतम 15 मिनट का प्रतीक्षा किया जायेगा, प्रतीक्षा अवधि के बाद बिना देर किये माक पोल की कार्यवाही शुरू कर देंगें। माक पोल में कम से कम 50 मत डलवाना आवश्यक है जिसमें प्रत्येक उम्मीदवार को मत पड़े। माक पोल की पर्चियों को निर्धारित लिफाफे में रखकर सील किया जायेगा। इसके पश्चात वास्तविक मतदान शुरू किया जायेगा। ईवीएम/वीवीपैट में खराबी होने की दशा में कन्ट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं वीवी पैट मे से कोई खराब होता है तो उसे ही बदला जायेगा। सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट के पास रिजर्व में ईवीएम मशीने उपलब्ध रहेगी। मतदान में जो ईवीएम प्रयोग होगी, खराब होने के बाद जो प्रयोग की गयी ईवीएम मशीन भी स्ट्रांग रूम में जमा कराना होगा। प्रयोग न की गयी ईवीएम अलग रखी जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक जयेन्द्र कुमार कन्ट्रोल यूनिट एवं वीवी पैट को निर्धारित टैंग के माध्यम से सील किया जायेगा। मॉकपोल के बाद कन्ट्रोल यूनिट पर क्लोज बटन दबाये इसके बाद रिजल्ट बटन दबायें। रिजल्ट प्रदर्शित होने पर स्वयं व एजेन्ट उसको नोट कर लेगें। इसके पश्चात क्लियर बटन दबाये। अन्यथा मॉकपोल में पड़े मत मशीन में पड़े रह जायेगे। प्रशिक्षण के दौरान सीडीपीओ मो अरशद द्वारा पीपीटी एवं डेमो के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी।

# हर बूथ को मजबूत करने का कार्य करें कार्यकर्ता : सहजानंद राय



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय पर शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के अध्यक्षता में संगठन की बैठक संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा सहजानंद राय ने कार्यकर्ताओं, पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा हर बूथ को मजबूत करने का कार्य करे कार्यकर्ता। उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव में जो भी अभियान या कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे उनमें सभी कार्यकर्ताओं को बढ़-चढ़कर भाग लेना होगा बूथ स्तर पर पन्ना प्रमुखों का सत्यापन कर अधिक से अधिक लाभार्थियों से संपर्क करें। सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल ने कहा पिछले वर्षों में भाजपा सरकार में जो विकास के कार्य हुए हैं उनसे जनता में संदेश गया है कि मोदी है तो मुमकिन है मोदी के ऊपर लोगों का भरोसा है। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान में कार्यक्रम का समापन करते हुए कहा कार्यकर्ता ही पार्टी की रीड है कार्यकर्ता के बदौलत ही आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है आप सभी कार्यकर्ता बंधु खुद को प्रत्याशी समझकर कार्य करें। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी समीर त्रिपाठी, संयोजक रामकुमार कुंवर, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, पूर्व जिला अध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी, शिवनाथ चौधरी, साधना चौधरी एवं पार्टी कार्यकर्ता पार्टी व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सालाना मजलिस का 27 मई से होगा आयोजन

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सराय चौक स्थित रौज -ए-हजरत कासिम में होने आयोजित होने वाली चार दिवसीय सालाना तब्लीग़ी मजालिस इस वर्ष 27, 28, 29 व 30 मई को होगी। छोटी दरगाह परिसर में हुसैनी वेलफेयर सोसायटी की बैठक में इसकी घोषणा की गई। समिति के संयोजक इब्ने अली जाफरी ने बताया कि कमेटी की बैठक में पदाधिकारियों को मजालिस से सम्बंधित जिम्मेदारियां सौंप दी गई है। उन्होंने बताया कि पूर्वांचल में अपनी अलग सनाख्त रखने वाली सालाना तब्लीगी मजालिस इस बार इतिहासिक होगी। 30 मई तक चलने वाली सालाना तब्लीगी मजालिस में मौलाना सैयद गुलज़ार जाफरी तारागढ़ अजमेर,मौलाना सैयद नामदार अब्बास दिल्ली, मौलाना हाफिज सैयद मोहम्मद रज़ा रिज़वी दिल्ली, मौलाना वसी हसन खां, मौलाना रजी हैदर हैदरी मंगलौर उत्तराखंड के अलावा दर्जनों उल्मा व जाकिर मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस के अंतिम दिन 30 मई को रात्रि में हुसैन-डे उत्सव का आयोजन होगा। जहां दर्जन भर से अधिक उलमा-ए-करआम व शायर अपने कलाम से कर्बला के शहीदों की जिंदगी पर रौशनी डालेंगे। कार्यक्रम के संयोजक इब्ने अली जाफरी ने बताया कि कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए इसमें शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने व खान पान की व्यवस्था के लिए समितियों का गठन कर लिया गया है।

# विद्यार्थियों को संवारने और निखारने में शिक्षकों की होती है अहम भूमिका : रजत प्रताप शाह

अवधनामा संवाददाता




**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** सीमावर्ती नगर पालिका कृष्णगर नेपाल के सेंट ज्यूड्स इंग्लिश बोर्डिंग स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए नगर पालिका के मेयर रजत प्रताप शाह ने कहा कि विद्यार्थियों में छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें संवारने में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है इसलिए लोग अपने बच्चो को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए अच्छे विद्यालयों का चयन करते हैं।

शुक्रवार की सायं नगर पालिका कृष्णगर में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए मेयर रजत प्रताप शाह ने कहा कि जिस प्रकार कुम्हार मिट्टी के बर्तनों को संवारने और निखारने का कार्य करता है उसी प्रकार से शिक्षक भी बच्चो के अंदर छिपी हुई प्रतिभाओं को निखार कर उन्हें अनमोल बनाने का कार्य करता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद अभिषेक प्रताप शाह ने कहा कि शिक्षक एक मोमबत्ती के समान होता है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाशित करता है।कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस विद्यालय का अहम योगदान है। बच्चो के गुणों को निखारने का श्रेय विशेष रूप से अध्यापकों को ही जाता है। वार्षिकोत्सव बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा बच्चे अभिनय, स्पीच आदि चीजों को बखूबी सीख जाते है और आगे चलकर अपना मार्ग स्वयं चुनते हैं। इस दौरान बच्चो ने विविध रंगारंग कार्यक्रम कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रिंसिपल धीरेन्द्र विक्रम सिंह ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस दौरान चेयरमैन बढ़नी सुनील अग्रहरि, विद्यालय के डायरेक्टर ज्योतिर्मय श्रीवास्तव, श्याम मिश्र, इस्लाम, के के गुप्ता आदि सहित कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका निरुपमा गिरी, संदीप श्रेष्ठ, बुद्धि थापा, राजेश चौधरी, इंद्रजीत कौर, दिलीप गुप्ता, निरंजन श्रीवास्तव आदि की महती भूमिका रही। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष दर्शक के रूप में उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत बाल संसद का गठन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** महात्मा गौतम बुद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोगिया में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत बाल संसद का गठन किया गया। बाल संसद में प्रधानमंत्री के रूप में अतुल सिंह लोधी, उप प्रधानमंत्री /गृह मंत्री के रूप में मानसी, शिक्षा मंत्री के रूप में श्यामिनी, स्वास्थ्य मंत्री के रूप में शिवा, पुस्तकालय एवम विज्ञान मंत्री जाबिर अली, जल एवम पर्यावरण मंत्री विंध्यवासिनी, खोया पाया विभाग मंत्री प्रमोद चौरसिया, सांस्कृतिक एवं खेल विभाग मंत्री के रूप में ममता का चयन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बृजेश कुमार द्विवेदी ने सभी छात्र-छात्राओं को मोहर लगी पर्ची देकर सभी छात्र-छात्राओं से मतदान करने को कहा कि आप निष्पक्ष होकर बिना किसी भेदभाव के मतदान करें। इस प्रकार प्राप्त मत पत्रों को काउंट कर रिजल्ट सुनाया गया और छात्र-छात्राओं से अपील की गई कि अपने माता-पिता को विद्यालय की इस प्रकार की गतिविधि को बता कर उन्हें गुप्त मतदान स्वतंत्र और निष्पक्ष, जाति, धर्म, भाषा, भाई भतीजा बाद,लालच आदि सबसे ऊपर उठकर भय रहित मतदान करने को प्रेरित करें इसके साथ-साथ छात्र-छात्राओं को हीट वेव लू लगने से बचाव तथा संचारी रोगों से बचाव हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर अंगद प्रसाद, अरुण लाल श्रीवास्तव, युगूल किशोर, लक्ष्मी सिंह, सोनाली देवी सहितसभी शिक्षक और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन के ठोकर से घायल हुए किशोर की मौत

अवधनामा संवाददाता

**बांसी।** शिवनगर डिंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत करही पेट्रोल के सामने शुक्रवार देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक को ठोकर मार दिया। वाहन के ठोकर से बाइक पर पीछे बैठा करही निवासी प्रेम पुत्र रामविलास यादव गंभीर रूप से से घायल हो गया था।

इलाज के लिए सिद्धार्थनगर मेडिकल कॉलेज पहुंचाने पर घायल प्रेम यादव को डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। किशोर के मृत्यु की सूचना घर पहुंचते ही पूरे घर में कोहराम मच गया। खासकर किशोर की माँ और बहन का रो- रोकर सबसे बुरा हाल था। तीन भाइयों में सबसे छोटा प्रेम बानकुंइयां स्थित रामसेवक- राम कुमार इंटर कालेज में नौंवी का छात्र रहा। उसने इसी वर्ष नौवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण किया था। बताया जाता है कि दोनों बडे भाइयों के

- **करही पेट्रोल पंप के सामने कार की ठोकर से घायल हुआ था किशोर**

मुकाबले प्रेम अधिक होनहार व सामाजिक विचार का था। पिता राम विलास घर व दूकानों पर किसी के पिकप से नौकरी पर पानी सप्लाई का कार्य करता है। अचानक हुए हादसे में प्रेम यादव की मृत्यु से उसको जानने वाला हरकोई आहत है। गाँव के होनहार किशोर की अचानक हुई असमय मृत्यु से पूरे गाँव में ही शोक का माहौल है। नाते- रिश्तेदारों से घर पर भीड़ है। अंतिम संस्कार हेतु लोग शव मिलने का इंतजार कर रहे थे।

## एनएच-28 पर स्थित करही पेट्रोल पंप के सामने की घटना

ज्ञात हो कि करही स्थित पेट्रोल पंप के सामने बस्ती से बांसी जा रही एक कार ने पंप पर तेल भराने जा रही बाइक में शुक्रवार को शाम को ठोकर मार कर फरार हो गई थी। ठोकर लगने से बाइक पर सवार लगभग 16 वर्षीय प्रेम यादव पुत्र राम विलास तथा बाइक चालक 21 वर्षीय सुनील घायल हो गए थे। घायलों को तिलौली सीएचसी पर लाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल प्रेम यादव की हालत नाजुक उसे मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर के लिए रेफर कर दिया गया था। इस बावत प्रभारी निरीक्षक राम कृपाल शुक्ला ने बताया कि इस संबंध में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## मानव वन्यजीव संघर्ष

पर्यावरण के सन्तुलन में वन्यजीव के छोटे से छोटे प्राणी को लेकर बड़े जीवों की महत्वपूर्ण कड़ी है। एक चीटी का उतना ही महत्व है जितना हाथी का आज कल यह सन्तुलन बिगड़ा हुआ है और बिगड़ता जा रहा है। यही वजह है कि प्रकृति का चक्र टूट गया है। जिसका दुष्परिणाम तरह तरह की बीमारियो, अतिवृष्टि, सूखा, असमय में ठन्ड और गर्मी आकाल असमय में बरसात और वरस्तत के मौसम में कभी पानी कम गिरता है कभी बाढ़ आ जाती है। पानी का स्तर बुरी तरह गिरता जा रहा है। पर्यावरणविद और वैज्ञानिकों की। चेतावनियां नजरअन्दाज की जा रही है लोभ में पड़ कर।

बात यहां वन्यजीव और मानव संघर्ष की है। वन्यजीवों की आबादी तो बढ़ रही है पर जंगल का क्षेत्र सिकुडता जा रहा है। इसलिये मानव और वन्यजीव का संघर्ष बढ़ता जा रहा है। जानवरों के चमड़ों उनकी हड्डियों, और दातों के लिये भी हत्या हो रही है जिसे बाजार में बेंच कर धन कमाया जाता है। यूपी में 2014 की गणना के अनुसार 117 बाघ थे आठ साल में यहां संख्या दोगुनी हो गई। जंगल का क्षेत्रफल स्थिर है। दुधधवा का क्षेत्रफल 2201 कि.मी. कोर जंगल 1093 कि.मी. है। पीलीभीत का क्षेत्रफल 730 कि.मी. है इसमें कोर जंगल 603 वर्ग कि.मी है। कोर जंगल केवल जानवरों के लिये होते है। यहां कोई मानवीय गतिविधि वर्जित है। बफरजोन के नजदीक गांव भी होते है। बफर जोन में सीमित मानव गतिविधियों की ही स्वीकृत है। जब टाइगर रिजर्व घोषित किया जाता है तो उसके पास के कम धने जंगल को बफर जोन घोषित किया जाता है। यह व्यवस्था कोर जंगल पर कम दबाव पड़े इसलिये की जाती है। समय के साथ गावों की आबादी बढ़ रही है जानवरों को भी आबादी बढ़ रही है। लोगो की संख्या और बफरजोन में मानव हस्तक्षेप बढ़ गया है। बाघों टाइगरों की संख्या बढ़ती जा रही है वो बफरजोन में आ जाते है उन्हें कोर एरिया छोटी पड़ रही है। खासकर शेरनी बच्चे जनने के लिये बफरजोन में आ जाती है। इसलिये वन्यजीव और मानव संघर्ष बढ़ता जा रहा है। 2018 से 2023 के बीच मानव वन्य जीव संघर्ष में 140 मौते हुई है। 350 से ज्यादा तो जख्मी हुये है। ज्यादातर इस तरह की घटनायें करतनिया घाट उत्तर खीरी और पीलीभीत वन प्रभाग में हुई है। कर्तनिया घाट में 61 मौते 248 घायल, उत्तर खीरी में 48 घायल पीलीभीत में 21 मौते, 20 घायल हुये है। इससे पहले पांच सालों में वन विभाग के अनुसार मौते 50 से भी कम हुई थी। जंगलों से निकलकर शेर, तेन्दुआ, हाथी अन्य जानवर चारा के लिये खेतों में आ जाते हैं क्योंकि चारा के लिये जानवरों की आबादी के लिहाज से जंगल छोटे होते जा रहे है। सबसे ज्यादा इनका जोर गन्ने के खेतों पर होता है। नतीजन गन्ना का क्षेत्रफल भी सिकुडता जा रहा है। जंगल के बाघ अपनी टेरीटरी बनाकर रहते है। उसमें दूसरे जानवरो को नहीं आने देते है। मादा बाघ को 10-20 वर्ग कि.मी. की टेरीटरी चाहिये। नर बाघ को 20 वर्ग कि.मी. की टेरीटरी चाहिये। टेरीटरी कम पड़ने की वजह से इनमें आपसी संघर्ष होता है। ऐसे संघर्ष में पिछले कुछ दिनों में 5 बाघों की मौत हो गई। कुछ को कोर जंगल से निकल कर बफरजोन में जाना पड़ता है। तेन्दुआ बाघ से संघर्ष नही कर पाता है इसलिये तेन्दुआ बाहर की तरफ आ जाते है। संगठनों, अन्तरराष्ट्रीय एजेन्सियों, राष्ट्रीय एजेन्सियों को उपरोक्त मुद्दों पर ध्यान दे पर्यावरण के सन्तुलन को बनाये रखने में गम्भीरता से सहयोग कर रोकने के रास्ते निकालने चाहिये। नही तो दुनियां युद्ध की विभीषिकर से ज्यादा पर्यावरण की विभाषिकर में जल जायेगी। यही सौगात हम अपने होनहारो दे पायेगे। खुद बचाये। मानव वन्य जीवन से संर्षस रोके।

## यह चुनाव सरकार और मतदाता के बीच की जंग है


यशोदा श्रीवास्तव

लोक सभा के चुनाव को सात चरणों में कराए जाने का निहितार्थ सामने आने लगा है। चुनाव आयोग के चुनावी फैसले को भले ही चैलेंज न किया जा सके फिर भी यह सवाल तो है ही कि जब सबकुछ इलेक्ट्रानिक सिस्टम से चल रहा है जिसका मकशद समय की बर्बादी को रोकना है तो फिर इस चुनाव के सात चरणों में कराए जाने की वजह क्या है? वह भी तब जब पहले चरण में ही 21 राज्यों के 102 सीटों के चुनाव संपन्न हो गए। आखिर चुनाव आयोग बीच के पांचवें छठवें और आखिरी सातवें चरण के वोटिंग के दिन की जानलेवा तपिश से बेफिक्र क्यों हुआ? गर्मी में चुनाव के दिन बूथों पर तमाम तरह की व्यवस्थाओं के दावे सदैव ही खोखला साबित हुए हैं,भीषण गर्मी में चुनाव प्रचार और जनसंपर्क में आ रही कठिनाइयां अलग है।

लेकिन जब इसका सूक्ष्मता से अध्ययन करेंगे तो साफ पता चलेगा कि चुनाव आयोग सत्ता पक्ष से मिलकर उसे फायदा पहुंचाने लायक चुनाव तिथि की घोषणा करता है। ईवीएम पर सवाल उठते वक्त कहा जाता है कि बैलेट पेपर के चुनाव में गिनती कराने में समय की बर्बादी के साथ कर्मचारियों का मानसिक उत्पीड़न होता है। हद है कि चुनाव आयोग जब इतने लंबे अवधि में चुनाव कराता है तब उसके जेहन में ऐसी मानवीय संवेदना जागृत नहीं होती।

दर असल अभी जब पहले चरण का मतदान हुआ तब देखा गया कि यूपी में जहां चुनाव हो रहे थे,ठीक उसके बगल में जहां चुनाव नहीं हो रहे होते हैं,वहां प्रधान मंत्री मोदी चुनावी सभा कर कमल चुनाव चिन्ह अपने हाथों में लेकर बार बार दिखाते हैं जैसा कि अमरोहा में देखा गया। जाहिर है इसका मक्शद मतदान वाले जिलों में मतदाताओं को लुभाना है। माना कि ऐसा करने से विपक्षी दलों को मनाही नहीं है लेकिन चुनाव आयोग को समझना होगा कि विपक्ष कभी भी सत्ता पक्ष का मुकाबला फिलहाल चुनाव प्रचार में नहीं कर सकता,ऐसी स्थिति में चुनाव को चाहिए कि वह चुनाव प्रभावित न हो इसलिए उन राज्यों में किसी भी दल के चुनाव प्रचार और जनसभा पर रोक लगाए जहां एक भी सीट पर चुनाव हो रहा है। कहने की जरूरत नहीं कि प्रधानमंत्री जब मतदान वाले क्षेत्रों के बगल के क्षेत्र में चुनावी रैली करते हैं तो इलेक्ट्रानिक मीडिया उसे लाइव प्रसारण कर घर घर पहुंचाने का काम भाजपा कार्यकर्ता की तरह पूरे मनोयोग और निष्ठापूर्वक करता रहता है।बात यूपी भर की नहीं है,भाजपा की ऐसी चुनावी रणनीति देश भर के लिए बनी है। इसे चुनाव को प्रभावित करना कहने के बजाय मीडिया ने मोदी द्वारा माहौल बनाना कहा है।

मौजूदा सत्ता पक्ष की ओर से चुनाव जीतने के तमाम हथकंडे अपनाए जा रहे हैं जिसमें एक भी जनता से जुड़ा मुद्दा नहीं है। भाजपा की ओर से पूरा का पूरा चुनाव हिंदू मुस्लिम मुद्दे पर लड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री अपने भाषणों में सावन में मीट मछली खाने का मुद्दा उठा रहे हैं तो कोई मुख्यमंत्री पाकिस्तान के भूखों मरने की जगह भारत में 80 करोड़ को मुफ्त राशन देने के मुद्दे पर वोट की अपील कर रहा है। जनता को उपलब्ध कराए गए सरकारी योजनाओं का लाभ सरकारी होता है लेकिन संभवतः यह पहला चुनाव है जब सांसद पद के भाजपा प्रत्याशी ऐसे लाभार्थियों को इकट्ठा कर उनसे यह कहकर वोट की अपील कर रहा है कि यह आपको मोदी जी ने दिया है इसलिए मोदी को वोट दें अर्थात कमल को वोट दें। सरकारी योजनाओं जैसे आवास, शौचालय, पेंशन आदि लाभार्थियों के घर घर जाकर वोट की अपील आशा, शिक्षा मित्र, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों आदि से अभियान चलाकर करवाया गया तो सरकारी अफसरों को तो ऐसे लाभार्थियों के साथ सेल्फी लेने तक सरकारी हुक्म था।सत्ता पक्ष की ओर से ऐसी चुनावी तैयारी के बीच मतदाता क्या कुछ कर पाता है,यह देखना दिलचस्प होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

ऐसी तमाम योजनाओं को लेकर 'मोदी की गारंटी' का दावा पार्टी की तरफ से किया जाता रहा है। ये आने वाला वक्त बताएगा कि पार्टी किस हद तक अपने वादों को हकीकत में बदल पाने में सक्षम होती है। जो उसे मिले जनादेश के आकार पर भी निर्भर करेगा। प्रधानमंत्री ने बताया है कि आगामी 5 साल तीन तरह के बुनियादी ढांचे पर फोकस किया जाएगा-सोशल, डिजिटल और फिजिकल। सोशल में नए संस्थान, मेडिकल कॉलेज, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कॉलेज, ट्रक चालकों के लिए राजमार्गों पर आरामगाह बनाए जाएंगे। डिजिटल में 5-जी विस्तार और 6-जी पर काम, इंडस्ट्री के लिए 4.0 आधारभूत ढांचे पर काम किया जाएगा।

# भाजपा का घोषणा पत्र आत्मनिर्भर और विकसित भारत का संकल्प


रोहित माहेश्वरी

भारतीय जनता पार्टी ने वंचित समाज को केंद्र में रखकर डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को अपने संकल्प पत्र को जारी करने के दिन के रूप में चुना। संदेश देने का प्रयास किया कि उसे देश के वंचित समाज के अहसासों की फिक्र है। दो कार्यकालों की रीति-नीतियों के अनुरूप अंदाजा लगाना कठिन न था कि भाजपा के घोषणापत्र का खाका क्या होगा। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि पार्टी प्रधानमंत्री की छवि और पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर चुनावी मैदान में है। संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है। आजादी के अमृत काल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है। देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार बना है।

इस घोषणा पत्र में नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प की बानगी नजर आती है। ऐसे वक्त में जब पिछले कार्यकालों में भाजपा अपने दो मुख्य मुद्दों अनुच्छेद 370 हटाने व राम मंदिर बनाने के वायदे को पूरा कर चुकी है तो जाहिर है नागरिक संहिता का मुद्दा उसकी प्राथमिकता में होना ही था। जो, इस घोषणा पत्र में विशेष रूप से उल्लेखित है। इसके अलावा भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में एक देश एक चुनाव, गरीबों को पांच साल तक मुफ्त राशन, सत्तर साल से अधिक उम्र के लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा, तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना, पेपर लीक रोकने के लिए कड़ा कानून लाना, तीन करोड़ गरीबों को घर उपलब्ध कराना, बीस लाख तक का मुद्रा लोन उपलब्ध कराना, किसान निधि को जारी रखना आदि के वायदे किए हैं।

यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि भाजपा ने 2019 के घोषणापत्र में भी यूसीसी, साठ साल से अधिक के दुकानदारों व किसानों को पेंशन, एक राष्ट्र, एक चुनाव जैसे वायदे किये थे। हालांकि, ऐसी तमाम योजनाओं को लेकर 'मोदी की गारंटी' का दावा पार्टी की तरफ से किया जाता रहा है। ये आने वाला वक्त बताएगा कि पार्टी किस हद तक अपने वादों को हकीकत में बदल पाने में सक्षम होती है। जो उसे मिले जनादेश के आकार पर भी निर्भर करेगा। प्रधानमंत्री ने बताया है कि आगामी 5 साल तीन तरह के बुनियादी ढांचे पर फोकस किया जाएगा-सोशल, डिजिटल और फिजिकल। सोशल में नए संस्थान, मेडिकल कॉलेज, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कॉलेज, ट्रक चालकों के लिए राजमार्गों पर आरामगाह बनाए जाएंगे। डिजिटल में 5-जी विस्तार और 6-जी



पर काम, इंडस्ट्री के लिए 4.0 आधारभूत ढांचे पर काम किया जाएगा। फिजिकल में राजमार्ग, रेलवे, एयरवे, वाटरवे आदि को आधुनिकतम बनाएंगे। 'संकल्प-पत्र' के 78 पन्नों में 24 गारंटियों के साथ 292 वादे किए गए हैं। ऐसा नहीं है कि महंगाई, बेरोजगारी आदि का उल्लेख ही नहीं है। दरअसल मोदी सरकार के 10 सालों में ये दोनों मुद्दे नियंत्रण में रखने की कोशिशें हुई हैं। चूंकि भारत उत्पादन और विनिर्माण का हब बनता जा रहा है, लिहाजा रोजगार भी पैदा हुए हैं।

सरकारी नौकरी सभी के लिए संभव नहीं है, लेकिन सुखद है कि मुद्रास्फीति 5-6 फीसदी के दायरे में रही है। ऐसा भी दौर भारत ने देखा है, जब मुद्रास्फीति 24-26 फीसदी या 12-14 फीसदी होती थी। फिर भी देश को सब कुछ नए जनादेश पर छोड़ देना चाहिए। रोजगार के मामले में देखें, तो कांग्रेस ने पांच लाख सरकारी नौकरियां देने की बात कही है। उधर लालू के दल ने एक करोड़ सरकारी नौकरियों की बात कही है, लेकिन भाजपा इस मामले में चुप दिखती है। राजनीतिक विषलेषकों के अनुसार भाजपा का चुनावी घोषणा-पत्र एक राजनीतिक दस्तावेज होने के बजाय प्रशासनिक कार्यक्रम का रोड मैप अधिक लगता है, ताकि देश स्थिर और सशक्त बना रहे। चूंकि प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल को लेकर काफी आश्वस्त हैं, लिहाजा मौजूदा योजनाओं के विस्तार घोषित किए गए हैं। इसके अलावा ग्लोबल कॉन्फ्रेंस और एग्जिबिशन के लिए बड़े कन्वेंशन सेंटर के दायरे को बढ़ाने, पुलिस मॉर्डनाइजेशन, टेक सेवी सुरक्षा बल, नये आईआईटी, नये एम्स, वन नेशन वन स्टूडेंट, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, टेक्नोलॉजी के जरिए सुलभ शिक्षा के प्रति मुख्यमंत्री ने वचनबद्धता को दोहराया। साथ ही उन्होंने बताया कि 2036 में ओलंपिक की मेजबानी, नये स्टेडियम बनाने, अत्याधुनिक खेल प्रशिक्षण केंद्र, खेल उपकरणों के मैन्यूफैक्चरिंग, खेल स्टार्टअप को बढ़ावा, साइंस टेक्नोलॉजी के लिए साइंस पार्क, नदियों का संरक्षण और कायाकल्प, नमामी गंगे के दायरे को बढ़ाने, दुनिया में रामायण महोत्सव के आयोजन, देश को फार्मा हब बनाने, एकीकृत सैन्य कमांड सेंटर, साइबर सुरक्षा के लिए पूरी मजबूती के साथ हमारी प्रतिबद्धता को भी यह संकल्प पत्र दोहराता है।

बहरहाल, अब किसी दल का संकल्प पत्र हो या न्याय पत्र, इसमें किये गये वादों की तार्किकता पर विचार किया जाना जरूरी है। हाल के वर्षों में राजनीतिक दलों ने वादों के रूप में जितने जुमले उछाले हैं, उनसे जनता का लगातार मोहभंग होता रहा है। इसमें दो राय नहीं कि हमारे संसाधन सीमित हैं। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था की सीमाओं के मद्देनजर ही राजनीतिक दलों को अपने वायदों को घोषणापत्र के रूप में सामने रखना चाहिए। देश की तरक्की मुफ्त की रेवड़ियां बांटने से नहीं हो सकती। हमारी नीतियां देश में उत्पादकता बढ़ाने वाली होनी चाहिए। हम कमजोर वर्गों का ध्यान रखें और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने को प्राथमिकता बनायें। सभी राजनीतिक दलों को देश की मुख्य समस्याओं बेरोजगारी, अशिक्षा, महंगाई दूर करने तथा स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने पर जोर देना चाहिए। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि बड़े सामाजिक वर्ग के लिये लायी जाने वाली बीमा योजना से लक्षित समाज के बजाय बीमा कंपनियां मालामाल होती रही हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में निजी चिकित्सालयों के लिये ये बीमा योजनाएं कामधेनु बन रही हैं।

सभी राजनीतिक दलों को देश के प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों से लेकर प्राथमिक स्कूलों तक को सशक्त करने का प्रयास करना चाहिए। भारत विविधता की संस्कृति का देश है। सामाजिक समरसता के लिये जरूरी है कि जाति, धर्म व क्षेत्र से परे विकास के लक्ष्य तैयार किये जाएं। राजनीतिक दलों को इस युवाओं के देश के लिये ऐसी क्रांतिकारी योजनाएं लाने की जरूरत है जो हर हाथ को काम दे सके। आखिर क्यों हमारी युवा पीढ़ी में विदेश भागने की होड़ लगी है। हम उन्हें देश में अनुकूल शिक्षा व बेहतर रोजगार की स्थितियां उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें एजेंटों के माध्यम से लुटने-पिटने को मजबूर न होना पड़े। पर्यावरण का संकट हमारे देश के सामने लगातार चुनौती पैदा कर रहा है। जहरीली हवाएं जानलेवा साबित हो रही हैं।

# भारत में मुस्लिम महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाना

रेशम फातिमा

1927 में केरल के एक छोटे से गाँव में जन्मी वह एक रूढ़िवादी मुस्लिम परिवार में पली बढ़ीं। सामाजिक मानदंडों और अपने समुदाय में महिलाओं के लिए सीमित अवसरों के बावजूद, उन्होंने असाधारण शैक्षणिक कौशल का प्रदर्शन किया और राज्य की पहली महिला वकीलों में से एक बन गईं। इन वर्षों में, उन्होंने कई ऐतिहासिक मामले लड़े, जिनमें प्रसिद्ध शाहबानो मामला भी शामिल है, जिसने मुस्लिम पर्सनल लॉ में तत्काल तलाक की भेदभावपूर्ण प्रथा को चुनौती दी थी। उनकी निडर और सैद्धांतिक वकालत ने उनके कई प्रशंसक और समर्थक बनाए। 1989 में, उन्होंने इतिहास रचा जब उन्हें भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया।

भारत की उपलब्धियों की समृद्ध सूची में तीन महिलाएं उल्लेखनीय हैं। लखनऊ की चिकनकारी कलाकार नसीम बानो, अपनी कला से जटिल से जटिल बुनती हैं, जस्टिस एम फातिमा बीवी, सुप्रीम कोर्ट में सेवा देने वाली पहली मुस्लिम महिला और तकदीरा बेगम - बंगाल की कांथा सिलाई कारीगर हैं। हालाँकि इन सभी महिलाओं की जीवन कहानी पहले से ही लाखों मुस्लिम महिलाओं को प्रेरित कर रही है, लेकिन पद्म पुरस्कार 2024 के माध्यम से सरकार द्वारा उनकी हालिया मान्यता ने फिर से महिला सशक्तिकरण के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता पर ध्यान केंद्रित कर दिया है। ये महिलाएं लचीलेपन, विविधता का प्रतीक हैं और उनके योगदान ने भारत की प्रगति और समानता की कहानी को आकार देने में मदद की है।

लखनऊ शहर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में एक विशिष्ट सूत्र का दावा करता है। इस विरासत के केंद्र में 62 वर्षीय महिला नसीम बानो हैं, जिन्होंने नाजुक कपड़ों को कला के कार्यों में बदल दिया है। नसीम की यात्रा को हाल ही में सरकार द्वारा सम्मानित पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के साथ राष्ट्रीय मंच पर मान्यता मिली। इन वर्षों के दौरान, नसीम विभिन्न पुरस्कारों की प्राप्तकर्ता रही हैं, जिनमें 1985 में राज्य पुरस्कार और 2019 में शिल्पगुरु पुरस्कार शामिल हैं। ये सम्मान उनकी स्थायी प्रतिबद्धता और सृजन की कोशिश कर रही कई मुस्लिम महिलाओं के लिए एक पथप्रदर्शक के रूप में उनकी भूमिका के प्रमाण के रूप में खड़े हैं।



इस पुरुष प्रधान दुनिया में अपने लिए एक जगह।

साथ ही, भारत के सर्वोच्च न्यायालय में पहुंचने वाली पहली मुस्लिम महिला, न्यायमूर्ति एम फातिमा बीवी की कहानी का उल्लेख करोड़ों हाशिये पर पड़ी मुस्लिम महिलाओं की प्रेरणा के रूप में किया जा सकता है। 1927 में केरल के एक छोटे से गाँव में जन्मी वह एक रूढ़िवादी मुस्लिम परिवार में पली बढ़ीं। सामाजिक मानदंडों और अपने समुदाय में महिलाओं के लिए सीमित अवसरों के बावजूद, उन्होंने असाधारण शैक्षणिक कौशल का प्रदर्शन किया और राज्य की पहली महिला वकीलों में से एक बन गईं। इन वर्षों में, उन्होंने कई ऐतिहासिक मामले लड़े, जिनमें प्रसिद्ध शाहबानो मामला भी शामिल है, जिसने मुस्लिम पर्सनल लॉ में तत्काल तलाक की भेदभावपूर्ण प्रथा को चुनौती दी थी। उनकी निडर और सैद्धांतिक वकालत ने उनके कई प्रशंसक और समर्थक बनाए। 1989 में, उन्होंने इतिहास रचा जब उन्हें भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया, और वह प्रतिष्ठित पद संभालने वाली पहली महिला और पहली मुस्लिम बनीं। उनके कार्यकाल को कई ऐतिहासिक निर्णयों द्वारा चिह्नित किया गया था, जिसमें ऐतिहासिक विशाखा मामला भी शामिल था, जिसने कार्यस्थल में महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए दिशानिर्देश स्थापित किए थे। न्यायमूर्ति फातिमा बीवी की यात्रा लचीलेपन, दृढ़ संकल्प और साहस की थी। उनका जीवन और विरासत महिलाओं और पुरुषों की पीढ़ियों को बाधाओं को तोड़ने और न्याय और समानता के लिए लड़ने के लिए प्रेरित करती रहेगी।

धैर्य और दृढ़ संकल्प का एक समान उदाहरण तकदीरा बेगम की कहानी में देखा जा सकता है, जो बंगाल में जन्मी और पली-बढ़ी, तकदीरा ने उसे निखारा कांथा सिलाई में लगभग तीन दशकों से अधिक का कौशल। इस पारंपरिक कढ़ाई तकनीक में उनकी महारत ने न केवल उनकी प्रशंसा अर्जित की है, बल्कि उनके समुदाय की महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत के रूप में भी काम किया है। हाल ही में, तकदीरा को कांथा सिलाई की कला में उनके योगदान के लिए भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक, पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। इस मान्यता ने उनकी कहानी को व्यापक दर्शकों तक पहुंचाया है, जिससे उनकी प्रतिभा और महिलाओं द्वारा अपने समुदायों में निभाई जा सकने वाली मूल्यवान भूमिका पर प्रकाश पड़ा है। अपनी कलात्मकता के माध्यम से, तकदीरा लचीलेपन और आत्मनिर्भरता की भावना को प्रदर्शित करती है जो उन महिलाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है जो अपने जीवन में बाधाओं और चुनौतियों का सामना करती हैं। उनकी कहानी महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त उदाहरण है, जो दर्शाती है कि कड़ी मेहनत और समर्पण से कुछ भी संभव है।

यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि भारत बाहरी दबावों और नफरत भरे प्रचार के बावजूद समानता का प्रतीक है। सरकार द्वारा नसीम बानो, न्यायमूर्ति एम फातिमा बीवी और तकदीरा बेगम के प्रयासों को मान्यता देना दर्शाता है कि कड़ी मेहनत और प्रतिभा ही सफलता के सच्चे चालक हैं, धार्मिक मतभेदों को दूर करना और सभी के लिए सशक्तीकरण को बढ़ावा देना। इस तरह के कृत्य विविधता की दृढ़ता और भारतीय मुस्लिम महिलाओं की अदम्य भावना के लिए एक श्रद्धांजलि के अलावा और कुछ नहीं हैं।

## निराशा से बढ़कर कोई व्याधी और शत्रु नहीं।

संजीव ठाकुर

मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता हैद्य जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है। बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैंद्य सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैंद्य मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए। यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है।

# भगवान महावीर हैं सार्वभौम धर्म के प्रणेता

भगवान महावीर की मूल शिक्षा है- 'अहिंसा'। सबसे पहले 'अहिंसा परमो धर्मः' का प्रयोग हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के पावन ग्रंथ 'महाभारत' के अनुशासन पर्व में किया गया था। लेकिन इसको अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलवायी भगवान महावीर ने। भगवान महावीर ने अपनी वाणी से और अपने स्वयं के जीवन से इसे वह प्रतिष्ठा दिलाई कि अहिंसा के साथ भगवान महावीर का नाम ऐसा जुड़ गया कि दोनों को अलग कर ही नहीं सकते। अहिंसा का सीधा-साधा अर्थ करें तो वह होगा कि व्यावहारिक जीवन में हम किसी को कष्ट नहीं पहुंचाएं, किसी प्राणी को अपने स्वार्थ के लिए दुःख न दें।


ललित गर्ग

सदियों पहले महावीर जनमे। वे जन्म से महावीर नहीं थे। उन्होंने जीवन भर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे, इसलिये वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गये। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती है। महावीर का संपूर्ण जीवन स्व और पर के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-लाखों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है। वे सार्वभौम धर्म के प्रणेता थे, उनके मन में संपूर्ण प्राणिमात्र के प्रति सहअस्तित्व की भावना थी। इस वर्ष भगवान महावीर की 2550 वां निर्वाण महोत्सव मनाया जा रहा है, उनकी जन्म जयन्ती एवं निर्वाण महोत्सव न केवल जैन धर्म के अनुयायियों के लिये बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिये उन्नत जीवन का आधार है, निर्वाण महोत्सव का भव्य आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम् सभागार में 21 अप्रैल, 2024 को चारों जैन सम्प्रदायों के आचार्यों, मुनिराजों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में करेंगे।

भगवान महावीर की मूल शिक्षा है- 'अहिंसा'। सबसे पहले 'अहिंसा परमो धर्मः' का प्रयोग हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के पावन ग्रंथ 'महाभारत' के अनुशासन पर्व में किया गया था। लेकिन इसको अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलवायी भगवान महावीर ने। भगवान महावीर ने अपनी वाणी से और अपने स्वयं के जीवन से इसे वह प्रतिष्ठा दिलाई कि अहिंसा के साथ भगवान महावीर का नाम ऐसा जुड़ गया कि दोनों को अलग कर ही नहीं सकते। अहिंसा का सीधा-साधा अर्थ करें तो वह होगा कि व्यावहारिक जीवन में हम किसी को कष्ट नहीं पहुंचाएं, किसी प्राणी को अपने स्वार्थ के लिए दुःख न दें। 'आत्मानः प्रतिकूलानि परेषाम् न समाचरेत'' इस भावना के अनुसार दूसरे व्यक्तियों से ऐसा व्यवहार करें जैसा कि हम उनसे अपने लिए अपेक्षा करते हैं। इतना ही नहीं सभी जीव-जन्तुओं के प्रति अर्थात् पूरे प्राणी मात्र के प्रति अहिंसा की भावना रखकर किसी प्राणी की अपने स्वार्थ व जीभ के स्वाद आदि के लिए हत्या न तो करें और न ही करवाएं और हत्या से उत्पन्न वस्तुओं का भी उपभोग नहीं करें।

एक बार महावीर और उनका शिष्य गोशालक एक घने जंगल में विचरण कर रहे थे। जैसे ही दोनों एक पौधे के पास से गुजर रहे थे। शिष्य से दुश्मन बन चुके गोशालक ने महावीर से कहा,



यह पौधा देखिए, क्या सोचते हैं आप, इसमें फूल लगेंगे या नहीं लगेंगे? महावीर आंख बंद करके उस पौधे के पास खड़े हो गए, और कुछ देर बाद आंखें खोलते हुए उन्होंने कहा, फूल लगेंगे। गोशालक ने महावीर का कहा सत्य न हो, इसलिये तत्काल पौधे को उखाड़ कर फेंक दिया, और जोर-जोर से हंसने लगा। महावीर उसे देखकर मुस्कराए। सात दिन बाद दोनों उसी रास्ते से लौट रहे थे। जैसे ही दोनों उस जगह पहुंचे, जहां गोशालक ने पौधा उखाड़ा था, उन्होंने देखा कि वह पौधा खड़ा है। इस बीच तेज वर्षा हुई थी, उसकी जड़ों को वापस जमीन ने पकड़ लिया, इसलिए वह पौधा खड़ा हो गया था।

महावीर फिर आंख बंद करके उसके पास खड़े हो गए। पौधे को खड़ा देखकर गोशालक बहुत परेशान हुआ। गोशालक की उस पौधे को दोबारा उखाड़ फेंकने की हिम्मत न पड़ी। महावीर हंसते हुए आगे बढ़े। गोशालक ने इस बार हंसी का कारण जानने के लिए उनसे पूछा, आपने क्या देखा कि मैं फिर उसे उखाड़ फेंकूगा या नहीं? तब महावीर ने कहा, यह सोचना व्यर्थ है। अनिवार्य यह है कि यह पौधा अभी जीना चाहता है, इसमें जीने की ऊर्जा है, और जिजीविषा है। तुम इसे दूबारा उखाड़ फेंक सकते हो या नहीं-यह तुम पर निर्भर है। लेकिन पौधा जीना चाहता है, यह महत्वपूर्ण है। तुम पौधे से कमजोर सिद्ध हुए और हार गए। और जीवन हमेशा ही जीतता है। जीवन में आने वाली मुश्किलों का सामना करने के लिए जरूरी है, आशावादी रहना।

भगवान महावीर का जन्म दिवस एक दस्तक है। उन्होंने बाहरी लड़ाई को मूल्य नहीं दिया, बल्कि स्व कर सुरक्षा में आत्म-युद्ध को जरूरी बतलाया। उन्होंने जो कहा, सत्य को उपलब्ध कर कहा। उन्होंने सबके अस्तित्व को स्वीकृति दी। 'णो हीणे णो अइरित्ते'-उनकी नजर में न कोई ऊंचा था, न कोई नीचा। उनका अहिंसक मन कभी किसी के सुख में व्यवधान नहीं बना। उन्होंने अपने होने का अहसास जगाकर अहं को खड़ा नहीं होने दिया। इसीलिये उनकी शिक्षाओं एवं उपदेशों का हमारे जीवन और विशेषकर व्यावहारिक जीवन में विशेष महत्व है। हम अपने जीवन को उनकी शिक्षाओं के अनुरूप ढाल सकें, यह अधिक आवश्यक है लेकिन इस विषय पर प्रायः सन्नाटा देखने को मिलता है। हम महावीर को केवल पूजते हैं, जीवन में धारण नहीं करते हैं। हम केवल कर्मकाण्ड और पूजा विधि में ही लगे रहते हैं। महावीर का यह संदेश जन-जन के लिये सीख बने- 'पुरुष! तू स्वयं अपना भाग्यविधाता है।' औरों के सहारे मुकाम तक पहुंच भी गए तो क्या? इस तरह की मंजिलें स्थायी नहीं होती और न इस तरह का समाधान कारगर होता है।

भगवान महावीर कितना सरल किन्तु सटीक कहा हैं- सुख सबको प्रिय है, दुःख अप्रिय। सभी जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता। हम जैसा व्यवहार स्वयं के प्रति चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार दूसरों के प्रति भी करें। यही मानवता है और मानवता का आधार भी। मानवता बचाने में है, मारने में नहीं। किसी भी मानव, पशु-पक्षी या प्राणी को मारना, काटना या प्रताड़ित करना स्पष्टतः अमानवीय है, क्रूरतापूर्ण है। हिंसा-हत्या और खून-खच्चर का मानवीय मूल्यों से कभी कोई सरोकार नहीं हो सकता। मूल्यों का सम्बन्ध तो 'जियो और जीने दो' जैसे सरल श्रेष्ठ उद्घोष से है। एक और महत्वपूर्ण प्रश्न है, क्या सुख को स्थायी बनाया जा सकता है? क्या दुःख को समाप्त किया जा सकता है? इसका सीधा उत्तर होगा कि भौतिक जगत में ऐसा होना कभी संभव नहीं है। जब तक भौतिक जगत में जीएंगे तब तक यह स्वप्न लेना दिवास्वप्न है, कल्पना करना आकाश कुसुम जैसा है। आकाश में कभी फूल नहीं लगता। यह असंभव बात है कि इंद्रिय जगत में आदमी जीए और वह सुख या दुःख एक का ही अनुभव करे, यह द्वंद्व बराबर चलता रहेगा।

# बाल संसद द्वारा रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान के लिए किया प्रेरित



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में जनपद के विद्यालयों में गठित बाल संसद द्वारा डोर टू डोर मतदाताओं से संपर्क कर मैनपुरी लोकसभा में 7 मई और इटावा लोकसभा में 13 मई को मतदान दिवस पर वोट डालने के लिए सम्पर्क अभियान चलाया गया साथ ही वोटिंग के लिए मतदान आमंत्रण पत्र दिए गए, विभिन्न स्लोगन के साथ समस्त विद्यालयों में पहले मतदान फिर जलपान, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, घर-घर संदेश दो वोट दो वोट दो स्लोगन के साथ रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे बच्चो को पुरुस्कृत किया गया परिषदीय विद्यालयों नगला भग धरवार, कुइया, बर्रा, कर्वा बुजुर्ग, मानियामऊ, नौधना, सब्दलपुर, सरसईनावर, नगला पंछी , बकौली, भरतपुर खुर्द, विचारपुरा, नगला उदयसिंह, मलाजनी, बिबौली, चितभवन, जसवंतनगर, बैसौली घाट, अघीनी, कंधेशीपचार, सहित समस्त विद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता के द्वारा मतदातों को जागरूक किया। जिला स्काउट मास्टर अच्युत कुमार त्रिपाठी द्वारा स्वीप कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

# भीषण गर्मी में परिषदीय स्कूलों का समय बदलने की मांग

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** देश के माध्यमिक विद्यालय दोपहर 12.30 बजे तक संचालित हो रहे हैं, जबकि 40 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में दोपहर दो बजे तक बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। प्राइमरी के बच्चे कड़ी धूप और गर्म हवा के थपेड़े सहते हुए घर पहुंचते हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। प्रचंड गर्मी को देखते हुए कुछ जिलों में बीएसए ने छुट्टी का समय घटाया तो बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने इसे अनुचित बताते हुए दो बजे छुट्टी करने के निर्देश दिए हैं। अब प्राइमरी में भी दोपहर 12.30 बजे छुट्टी करने की मांग की गई है। मान्यता प्राप्त शासकीय एवं अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में ग्रीष्मकाल में एक अप्रैल से 30 सितंबर तक।.30 से 12.30 बजे तक पढ़ाई का समय निर्धारित है। इसके विपरीत बेसिक शिक्षा के परिषदीय विद्यालयों में एक अप्रैल से 30 सितंबर तक स्कूल सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक खोले जाने के निर्देश हैं। एक अप्रैल से नया सत्र शुरू होने पर विद्यालय इसी निर्धारित समय पर खुलने और बंद होने लगे। इस बीच गर्मी बढ़ने लगी तो कुछ जिलों में बीएसए ने छात्र- छात्राओं के हित में स्कूल छुट्टी का समय घटा दिया। इस पर बेसिक शिक्षा निदेशक ने प्रदेश के सभी बीएसए को पत्र लिखकर बताया कि कुछ जिले में विद्यालय समय में परिवर्तन किया जा रहा है, जो कि उचित नहीं है।

# यू.पी. बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित

■ शिवाजी शिक्षा निकेतन के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** यू0पी0बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित किया गया, जिसमे शिवाजी शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज इटावा के छात्र-छात्राओं ने नगर क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन किया। कॉलेज द्वारा जानकारी के अनुसार विद्यालय में इंटरमीडियट में कुल 205 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे जिसमे से 30 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने 90 से 94 प्रतिशत के बीच में अंक प्राप्त किये,35 प्रतिशत ने 80 से 90 के मध्य तथा 20 प्रतिशत में 70 प्रतिशतशेष 15 प्रतिशत बच्चों ने 70 से 80 प्रतिशत मध्य अंक प्राप्त किये। इंटरमीडियट परीक्षा में विद्यालय में आशु यादव ने 93.4 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान,कपिल 92.4 प्रतिशत पाकर द्वितीय स्थान तथा आदित्य प्रताप ने 91.4 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल परीक्षा में कुल 136 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे जिसमे से 40 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने 90 से 94 प्रतिशत के बीच में अंक प्राप्त किये,35 प्रतिशत ने 80 से 90 के मध्य तथा 20 प्रतिशत में 70 प्रतिशत शेष 15 प्रतिशत बच्चों ने 70 से 80 प्रतिशतमध्य अंक प्राप्त किये। हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय की छात्रा दृष्टि तिवारी ने 94 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान,आयुष कुमार ने 93.8 प्रतिशत द्वितीय स्थान तथा प्रार्थना राठौर ने 93.3 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र/ छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक शिव प्रसाद यादव,उप प्रबंधक विनीत यादव तथा विद्यालय के प्रधानाचार्या सुदामालाल राजपूत ने बधाई दी और छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# भाषा विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आज दूसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। बताते चलें कि भाषा विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अन्तर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कुलपति प्रो एन बी सिंह की अध्यक्षता में किया गया जिसका विषय था "quality confluence of Biotech, Pharma, àßngineering & AI solutions to Global Problems" जिसमें देश विदेश के विद्वानों, शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया। सम्मेलन में देश-विदेश के विद्वानों ने भाग लिया और शोध पत्र प्रस्तुत किए। सम्मेलन के दूसरे दिन तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिष्ठित विद्वानों , डॉ. विकास कुमार, डॉ. मनसफ आलम, प्रो. राजीव मिश्रा, डॉ. अभिनव कुमार श्रीवास्तव और डॉ. रोहित कृष्णा ने अपने अपने वक्तव्य दिए एवं शोध पत्र प्रस्तुत किए। सम्मेलन का समापन समारोह अपरान्ह में आयोजित किया गया। समारोह के इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. आलोक धवन और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. बी.एन. मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। सत्र का प्रारंभ करते हुए सम्मेलन के समन्वयक प्रो सैयद हैदर अली ने सभी का स्वागत अपने अभिभाषण द्वारा किया जिसमें उन्होंने सम्मेलन का सारांश भी साझा किया।

समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. आलोक धवन ने अपने उद्बोधन में ए आई के बारे में तमाम बातें बताते हुए उसके टेक्नोलॉजिकल डिटेल्स पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया और साथ ही विशिष्ट अतिथि प्रो. बी.एन. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में ए आई के आने से लोगों के जीवन में होने वाली सुविधाएं एवं सरलता के बारे बताया कि किस प्रकार किसी भी क्षेत्र में ए आई ने किस तरह हमारा जीवन आसान बना दिया है। समापन समारोह के अंत में पुरस्कार वितरण किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ नीरज शुक्ल द्वारा दिया गया। मंच संचालन डॉ रुचिता सुजय चौधरी द्वारा किया गया। शाम को फैशन शो और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें कारवां बैंड ने अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रो शालिनी, डॉ सुमन मिश्रा, डॉ असगर रिजवी, डॉ शान, डॉ आस्था सहित तमाम विद्यार्थी मौजूद रहे।

# सेंटमेरी में 170 मेधावियों को किया गया सम्मानित

■ बच्चों को हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करना चाहिए: एसपी सिटी



वहाज अली निहाल

**इटावा।** अपनी मेहनत और लगन से छात्र-छात्राओं को हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। यह उद्गार सेंटमेरी इन्टर कालेज के प्रांगण में आयोजित 56 वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी ने कक्षा 6, 7, 8, 9 व कक्षा 11 के 170 मेधावी छात्र छात्राओं को परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए व्यक्त किए। शनिवार को सेंटमेरी इन्टर कालेज में मेधावियों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई व शुभकामनाएं देते हुए सेंटमेरी इन्टर कालेज के अनुशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा सभी बच्चों को यातायात के नियमों के पालन करने के लिए प्रेरित किया और साथ ही साथ ट्रेफिक नियमों की विस्तृत जानकारी दी। सेंटमेरी इन्टर कालेज के प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ, मैनेजर फादर बिन्सन व वाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन ने मुख्य अतिथि एसपी सिटी का बुके व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सेंटमेरी कालेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। शिक्षिका दीपाली सक्सेना ने वेलकम स्पीच दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विनीत लाल ने किया।

## माधुरी भारद्वाज की चतुर्थ पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर 22 को

**मथुरा।** बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश ने लाइफ केयर ब्लड बैंक के सहयोग से 22 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे से बज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के द्वारा स्वर्गीय श्रीमती माधुरी भारद्वाज की चतुर्थ पुण्यतिथि पर एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है । शिविर के संयोजक भागवत आचार्य प्रदेश महासचिव लक्ष्मीकांत शास्त्री ने कहा धर्मपत्नी स्वर्गीय माधुरी भारद्वाज की स्मृति में रक्तदान शिविर पिछले 4 वर्षो से किया इस रक्तदान शिविर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को हमेशा से ही रक्त से मदद की जाती है।

# चेयरमैन प्रतिनिधि अधिशासी अधिकारी एवं संविदा कर्मचारी व पुलिस कर्मियों पर मुकदमा

अवधनामा संवाददाता

**मक्खनपुर/फिरोजाबाद।** नगर पंचायत मक्खनपुर में मार्ग चौड़ीकरण के मुद्दा अब और गर्मा गया है। मार्ग चौड़ीकरण में की जा रही मनमानी का विरोध कर रहे एक अनुसूचित जाति के व्यक्ति की शिकायत पर न्यायालय द्वारा मक्खनपुर ईओ,चेयरमैन प्रतिनिधि एवं अज्ञात पुलिस कर्मियों के विरुद्ध एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करने के आदेश जारी किए है। संबंधितों के खिलाफ थाना मक्खनपुर में एफआईआर दर्ज की गई है।

नगर पंचायत मक्खनपुर द्वारा विल्टीगढ चौराहे से लेकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया तक सड़क चौड़ीकरण कार्य कराया जा रहा है नगला तुरकिया निवासी अनुसूचित जाति से जुड़े अशोक कुमार का आरोप है की मार्ग चौड़ीकरण कार्य में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप कुमार एवं ईओ अमर बहादुर सिंह अधिशासी अधिकारी के इशारे पर मनमानी की जा रही है। विरोध करने पर बीते 3 मार्च को ईओ नगर पंचायत मक्खनपुर स्थानीय पुलिस एवं नायाब तहसीलदार के साथ उसके मकान पर पहुंच गए तथा मनमानी तरीके से मकान पर तोड़फोड़ शुरू करदी। विरोध करने पर अशोक कुमार एवं उसके परिजनों को जबरन थाना में ले जाकर बैठा लिया गया।

इस दौरान अशोक कुमार को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली एवं किसी भी जगह शिकायत करने पर झूठे मामले में फसाने की धमकियां दी गई। वहीं इस मामले में थाना पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सुनवाई नहीं किए जाने की स्थिति में दलित अशोक कुमार द्वारा न्यायालय में न्याय की गुहार लगाई। न्यायालय के आदेश पर थाना मक्खनपुर पुलिस ने प्रतिनिधि नगर पंचायत मक्खनपुर दिलीप राजपूत,अधिशासी अधिकारी अमर बहादुर,प्रेम सिंह उर्फ रामू ठाकुर एवं अज्ञात पुलिस कर्मियों के विरुद्ध 384,427 के अलावा अनुसूचित जाति जनजाति नृशंसता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। नगर पंचायत के ईओ की शिकायत सपा के विधायक मुकेश वर्मा ने भी जिलाधिकारी व प्रशासन से की है।

# संक्षिप्त समाचार

## भाजपा से डा. रामशंकर ने नमामंकन पत्र दाखिल किया



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** डा.रामशंकर कठेरिया द्वारा भारतीय जनता पार्टी से नामांकन पत्र दाखिल किया। शनिवार को दो पर्चे पुष्पिंदर कुमार अजीतमल औरैया संयुक्त जनादेश पार्टी व राममिलन सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी द्वारा खरीदे गए।

## कन्या भोज करवाया गया



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जायंट्स ग्रुप ऑफ नव वनीता की ओर से शनिवार को एस बी एम चौगुर्जी में कन्या भोज करवाया गया जिसमें 51 कन्याओं व 5 लंगूरों को भी भोज कराया गया। जिसमे ग्रुप की अध्यक्ष रिशु दीक्षित, प्रशासनिक अधिकारी पारोमिता बिस्वास, कोषाध्यक्ष हेमलता दीक्षित, वाइस प्रेसिडेंट मीनू मिश्र, सुमन तिवारी, सदस्य नमिता तिवारी, अंजु वर्मा, शालिनी पोरवाल, शालिनी दुबे, रेणु सिंह, अर्चना मिश्रा कल्पना भदौरिया उपस्थित रही। बच्चों को हलुआ, चना केला को भोग लगाया एवं बच्चों को ड्राइंग कॉपी, स्केच कलर, पेन पेंसिल इरेजर, टॉफी वितरित की गई।

## हेमा मालिनी के प्रचार को अभिनेत्री ईशा और आहना पहुंची वृंदावन

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी की मथुरा क्षेत्र से प्रत्याशी हेमामालिनी की अभिनेत्री पुत्री ईशा और आहना देवल शनिवार को उनके प्रचार के लिए मथुरा आई। यहां उन्होंने सर्वप्रथम बिहारी जी के दर्शन किए। फूल बंगला में विराजमान बिहारी जी को देखकर दोनों अभिनेत्री मंत्र मुग्ध हो गई। उन्होंने हाथ जोड़कर बिहारी जी से अपनी मां हेमा मालिनी के लिए जीत का आशीर्वाद मांगा। ईशा और आहना आज जनपद के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय जी एल ए संस्कृति और गिर्राज महाराज में आमने सामने छात्र-छात्राओं से आपसी संवाद करेंगी। सांसद हेमा मालिनी की दोनों पुत्रिया मथुरा में कई दिन रुकेगी। वह यहां अलग-अलग संस्थान और प्रतिष्ठित स्थानो पर जाकर उनका प्रचार करेंगी।

# इंडिया गठबंधन का धरातल पर कुछ नहीं, भाजपा प्रचंड बहुमत से जीतेगी: डिप्टी सीएम



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शुक्रवार को लोकसभा उम्मीदवार ठाकुर विश्वदीप सिंह का नामांकन कराने फिरोजाबाद पहुॅचें। इस दौरान उन्होने विपक्ष पर निशाना साधा। फिरोजाबाद लोक सभा सीट पर तृतीय चरण में 7 मई को मतदान होगा। जिसके लिये 12 अप्रैल से जिला मुख्यालय पर नामांकन प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन शुक्रवार को भाजपा उम्मीदवार ठाकुर विश्वदीप सिंह का नामांकन कराने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक फिरोजाबाद पहुॅचे। जहॉ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का हैलीपैड पर मौजूद भाजपा उम्मीदवार विश्वदीप सिंह, सदर विधायक मनीष असीजा सहित अन्य भाजपा नेताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। पुलिस लाइन स्थित हेलीकॉप्टर से उतरकर वह भाजपा कार्यालय के लिये कार से रवाना हुये। इस दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक कार को स्वंय चलाकर ले गये। इस दौरान वह मीडिया से भी रूबरू हुये। उन्होने मीडिया से रूबरू होते हुये बताया कि पश्चिम में हमने जनता के लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं से बात की है। भाजपा और मोदी लहर चल रही है। जाति, धर्म संप्रदाय से अलग हटकर लोग बडी संख्या में घरों से बाहर निकल रहे है और भाजपा को बोट दे रहे है। इस बार मतदान प्रतिशत भी अधिक होगा। प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा जीतेगी। इंडी गठबंधन को लेकर उन्होने कहा कि प्रथम चरण में गठबंधन की एक भी रैली या बैठक नहीं कर पाये है। केवल प्रेस कांन्फ्रेंस कर औपचारिता पूरी की है। जनता ने इंडी गठबंधन को पूरी तरह से नकार दिया है, केवल नाम का इंडी गठबंधन है धरातल पर कुछ भी नहीं है। भाजपा उम्मीदवार भाजपा कार्यालय के समीप जनसभा को संबोधित करने के बाद भाजपा उम्मीदवार के नामांकन में भाग लिया।

# माध्यमिक शिक्षा परिषद के परीक्षा परिणाम से छात्रों में हर्ष

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज ने शनिवार को हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। इसमें जतीपुरा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा राशि ने इंटर और श्रीकृष्ण हायर सेकेंडरी स्कूल छाता के नीरज ने हाईस्कूल में जनपद टॉप किया है। राशि ने इंटर में 96.80 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए प्रदेश में छठवां स्थान भी प्राप्त किया है। हाईस्कूल में नीरज ने 95. 17 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शनिवार दोपहर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल और इंटर का परीक्षा परिणाम घोषित किया। इसमें मथुरा जनपद में इंटर का परीक्षा परिणाम 81. 93 प्रतिशत एवं हाईस्कूल का 93. 43 प्रतिशत रहा है। उपरोक्त परिणाम के आधार पर मथुरा जनपद को प्रदेश में हाईस्कूल में 18वां और इंटर में 51वां स्थान प्राप्त हुआ है हालांकि इस बार मथुरा जनपद के। 0,873 विद्यार्थी हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से 62095 परीक्षार्थियों ने सफलता अर्जित की है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा जारी सूची के अनुसार इस बार हाईस्कूल में केआर गर्ल्स इंटर कालेज की छात्रा आर्या सहगल ने 95 प्रतिशत अंक, श्रीबांकेबिहारी श्याम सुंदर इंटर कॉलेज दतिया की कीर्ति नेहरा 94. 33 प्रतिशत, पंडित देवदत्ता मेमोरियल इंटर कॉलेज गांगरौली की पिंकी 94. 17 प्रतिशत, श्रीरामजी लाल इंटर कॉलेज नौगांव दोलतपुर के रतन 94. 17 प्रतिशत, श्रीगोविंद सरस्वती इंटर कॉलेज बाकलपुर के वंश पचौरी 94. 17, श्री चमेलीदेवी खंडेलवाल इंटर कॉलेज की आयुषी गोयल 94 प्रतिशत अंकों के साथ जनपद की टॉपर सूची में स्थान बनाया है।

# जिला में दूसरे स्थान पर रहा ज्ञान मंदिर इण्टर कालेज



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** ज्ञान मंदिर इण्टर कालेज फ्रेण्ड्स कालोनी का हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट का परीक्षा परिणाम सत् प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में वंशिका धनगर ने 95.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दसवां स्थान प्राप्त किया व प्रियांशी यादव ने 92.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय तथा सानिया मंसूरी ने 92.50 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार इण्टरमीडिएट में शिवानी शाक्य ने 95.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में नौवां स्थान प्राप्त किया व प्राची सिंह ने 92.60 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा 92.20 प्रतिशत अंकों के साथ तान्या प्रजापति ने विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक विवेक यादव जी ने समस्त छात्र/छात्राओं को अपनी शुभकामनायें दी तथा प्रधानाचार्या रितु यादव ने सभी छात्र/छात्राओं को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा प्रधानाचार्या द्वारा जानकारी दी गयी कि कक्षा 11 की कक्षायें दिनांक 22 अप्रैल दिन सोमवार से प्रातः 7:30 बजे से प्रारम्भ हैं। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक श्री पवन कुमार, सुनील कुमार, हिमांशू वर्मा, यतेन्द्र कुमार, श्री श्रीकृष्ण कुशवाहा, बृजेन्द्र कुमार, विवेक कुमार, अजय कुमार धनगर,योगेश दीक्षित, रत्नेश, कावेरी शर्मा, उपासना तथा लिपिक ऋषि कुमार व निर्वेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# बसपा ने अंतिम दिन बदला उम्मीदवार

■ सोली के स्थान पर चौधरी बशीर ने किया नामांकन



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** बसपा ने नामांकन के अंतिम दिन अपना उम्मीदवार बदल दिया है। पूर्व में घोषित सतेंद्र जैन सोली के स्थान पर शुक्रवार को बसपा उम्मीदवार के रूप में पूर्व मंत्री चौधरी बशीर ने नामांकन पत्र दाखिल किया। फिरोजाबाद लोक सभा सीट पर तृतीय चरण में 7 मई को मतदान होगा। नामांकन के अंतिम दिन बसपा ने सतेन्द्र जैन सोली का टिकट काटकर उनके स्थान पर बसपा सरकार में मंत्री रहे चौधरी बशीर बसपा नेताओं व समर्थकों के साथ नामांकन करने जिला मुख्यालय पहुॅचे। जहॉ उन्होने जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वह नामांकन के बाद मीडिया से भी रूबरू हुये। उन्होने बसपा प्रमुख मायावती का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि यह जिले की जनता पहले के सांसदों को आजमाकर देख चुकी है। यहॉ परिवर्तन होना चाहिये। इस क्षेत्र की जनता एक बार मुझे सेवा करने का मौका दे। मैं सर्व समाज के लिये काम करने आया हूं। आगामी पांच साल में मेरे कार्य को अन्य सांसदो से तुलना करके देखें। मेरा कार्य पसंद न आये तो फिर पांच साल बाद मुझे बदल दिया जाये। इस दौरान बसपा के राष्ट्रीय महासचिव एंव पूर्व सांसद बाबू मुनकाद अली व अन्य बसपा नेता मौजूद रहे।

# मेरिट में आया अर्चना मेमोरियल का छात्र उदय प्रताप सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी अर्चना मेमोरियल के छात्र-छात्राओं ने अपना परचम लहराया विद्यालय की प्रधानाचार्या असरा अहमद ने यह जानकारी दी और बताया कि विद्यालय के लगभग एक सैकड़ा छात्र छात्राएं ऑनर्स के साथ उत्तीर्ण हुए एवं

यूपी बोर्ड परीक्षा वर्ष 2024 का अर्चना मेमोरियल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत एवं सर्वश्रेष्ठ रहा।उदित प्रताप सिंह ने 95.4 प्रतिशत अंक पाकर जिले की मेरिट सूची में अपना स्थान बनाया और विद्यालय में टॉप किया साथ ही इंटरमीडिएट में विद्यालय की छात्रा शिखा कुमारी ने 95.2 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया इसी के साथ खुशी त्रिपाठी ने 90 प्रतिशत प्राप्त किये प्रिया पाल ने 89.6 प्रतिशत, पुष्पेंद्र पाल ने 89.2 प्रतिशत, कंचन शर्मा ने 86.8 प्रतिशत, फुजेल खान ने 86.8 प्रतिशत ,सोनम राजपूत ने 86.4 प्रतिशत, जानवी गुप्ता ने 86 प्रतिशत, हर्ष यादव ने 86 प्रतिशत ,सुधांशु मौर्य ने 85.4 प्रतिशत, नैंसी वर्मा ने 85 प्रतिशत, दिव्या यादव ने 84 प्रतिशत, ओम तिवारी ने 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। हाईस्कूल की परीक्षा में विद्यालय की छात्रा नंदनी कुमारी ने 91.8 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया इसी क्रम में आयुष सिंह चौहान ने 91.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया कुणाल गुप्ता ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए योग्यता दुबे ने 90 प्रतिशत, अमन शर्मा ने 88.5 प्रतिशत, शिवांशु मौर्य ने 88.5 प्रतिशत, कपिल तिवारी ने 88.3 प्रतिशत,दीपांशु पाल ने 88.6 प्रतिशत,आयुष गौतम ने 87.83 प्रतिशत, हिमांशु ने 87.3 प्रतिशत, मेधा शर्मा ने 87 प्रतिशत , रोहित यादव ने 87 प्रतिशत, मोहिनी ने 83 प्रतिशत,समर्थ ने 86.6 प्रतिशत , दिव्यांशु ने 86.3 प्रतिशततथा मोहम्मद अली ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ विवेक यादव एवं प्रधानाचार्या असरा अहमद जी ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा विद्यालय के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक प्रमोद, कुशल पाठक ,विवेक गुप्ता, प्रमिला, नीता तिवारी, सुमन, रश्मि सक्सेना, राधेश्याम, अमिता मिश्रा, मोहम्मद ताजीम, विपिन सर आदि उपस्थित रहे।

# टैनिंग हटाने के लिए एलोवेरा जेल का इस तरह से करें इस्तेमाल, फेस पर आएगा गजब का ग्लो

जब भी हम स्किन केयर की बात करते हैं, तो सबसे पहले हमारे जहन में एलोवेरा जेल का नाम आता है। यह पौधा लगभग हर किसी के घर में मिल जाता है। इस पौधे की पत्तियों से जेल निकालकर आप फेस पर अप्लाई कर सकती हैं। वहीं आयुर्वेद में एलोवेरा के पौधे को औषधि बताया गया है। एलोवेरा हमारी स्किन को अनेक तरह से फायदा पहुंचाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एलोवेरा जेल के इस्तेमाल से आप टैनिंग की समस्या भी दूर कर सकते हैं।

त्वचा के लिए एलोवेरा जेल बहुत अच्छा मॉइस्चराइजर, ब्लीच और सनस्क्रीन की तरह काम करता है। हांलाकि इसको डायरेक्ट फेस पर नहीं अप्लाई करना चाहिए। क्योंकि यह हर किसी की त्वचा पर सूट नहीं करता है। लेकिन आप इसको विभिन्न चीजों के साथ मिक्स फेस पर अप्लाई कर सकती हैं। एलोवेरा जेल विटामिन ई से भरपूर होता है, जो आपको रंगत को निखारने का काम करता है। साथ ही यह डेड स्किन को भी रिमूव करता है।

वहीं गर्मियों में टैनिंग की समस्या आम बात है। ऐसे में अगर आप भी टैनिंग की समस्या का सामना कर रही हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एलोवेरा जेल के इस्तेमाल से टैनिंग को दूर करने के उपाय के बारे में बताने जा रहे हैं।





***एलोवेरा जेल से दूर होगी टैनिंग की समस्या***

एलोवेरा जेल को फेस पर सीधे तौर पर न लगाएं, बल्कि आप इसमें 3 बूंद टी-ट्री ऑयल मिक्स कर फेस पर लगाएं। इसे चेहरे पर कुछ देर तक लगा रहने दें और फिर चेहरे को पानी से धो लें। इस तरह से टैनिंग की समस्या दूर हो जाएगी।

एलोवेरा जेल में कॉफी पाउडर मिक्स कर फेस को स्क्रब करें। सप्ताह में एक बार इस प्रक्रिया को अपनाने से डेड स्किन रिमूव हो जाएगी और आपकी त्वचा में निखार आएगा।

इसके अलावा आप एलोवेरा जेल में 1/2 छोटा चम्मच शहद मिक्स कर लें। क्योंकि शहद में भी ब्लीचिंग प्रॉपर्टीज पाई जाती है और यह स्किन को छा नेचुरल मॉइश्चराइज करता है। इस जेल में थोड़ा सा गुलाबजल मिलाकर इसको टोनर की तरह फेस पर इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपकी त्वचा के रंग में निखार आएगा और टैनिंग भी दूर होगी।

एलोवेरा जेल में नारियल की 5 बूंद मिक्स कर लें। फिर इससे अपने फेस की मसाज करें। ऐसा करने से फेस पर इंस्टेंट ग्लो आएगा और फेस के दाग-धब्बे भी दूर होंगे। एलोवेरा जेल में नींबू का रस और नारियल पानी मिक्स कर चेहरे पर अप्लाई करें। बता दें कि यह नुस्खा ऑयली स्किन वालों के लिए बेहद फायदेमंद होगा। इससे टैनिंग की समस्या कम होगी और चेहरे पर ग्लो आएगा। अगर आपको टैनिंग के साथ मुंहासे की भी समस्या है, तो एलोवेरा जेल में पानी मिक्स कर फेस पर लगाना चाहिए। इससे मुंहासे फैलाने वाले बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं और त्वचा पर भी खराब असर नहीं पड़ता है।

आप चाहें को ऐलोवेरा जेल से एंटी टैनिंग फेस पैक भी बना सकती हैं। इसके लिए आप एलोवेरा जेल में मुल्तानी मिट्टी मिक्स कर फेस पर अप्लाई करें।

## मॉइस्चराइजर लगाते समय भूलकर भी न करें ये गलतियां, वरना त्वचा को हो सकता है नुकसान



चेहरे की रंगत को बरकरार रखने के लिए महिलाएं कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। इन्हीं में से एक मॉइस्जराइजर का इस्तेमाल करते हैं। चेहरे पर ग्लो लाने और ड्राईनेस को दूर करने के लिए मॉइस्चराइजर काफी उपयोगी है। जिसकी वजह से अधिकतर महिलाएं कई तरह के मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन अगर आप गलत तरीके से मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करती हैं, तो इससे आपकी त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है।

ऐसे में अगर आप भी अपनी त्वचा को मॉइस्चराइज करते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप इन टिप्स को स्किन को मॉइस्चराइजर करते समय फॉलो करना चाहिए।

***स्किन के हिसाब से खरीदें मॉइस्चराइजर***

हांलाकि मार्केट में कई तरह के मॉइस्चराइजर मिलते हैं। लेकिन आपको अपनी स्किन के हिसाब से मॉइस्चराइजर चुनना चाहिए। जिससे कि आपकी त्वचा को कोई नुकसान न हो। अगर आपकी त्वचा ऑयली है तो आप ऑयली स्किन वाला मॉइस्चराइजर खरीदें। वहीं ड्राई स्किन के लिए ड्राई स्किन वाला मॉइस्चराइजर खरीदें। वहीं इसे खरीदने से पहले आप एक्सपर्ट्स की सलाह भी ले सकती हैं।

***चेहरे को करें साफ***

मॉइस्चराइजर का उपयोग करने से पहले चेहरे को अच्छे से धो लें। इसके लिए आप एक अच्छे फेसवॉश का इस्तेमाल कर सकती हैं। फिर चेहरे पर मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। वहीं आप यदि रात के समय मॉइस्चराइजर अप्लाई करते हैं, तो आप गुनगुने पानी से फेस को धो लें। जिससे के चेहरे पर जमी गंदगी साफ हो जाए।

***सही टोनर का इस्तेमाल करें***

मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करने से पहले फेस को धोने के लिए अच्छे टोनर का इस्तेमाल करें। लेकिन टोनर अच्छी क्वालिटी का होना चाहिए। वहीं टोनर की मदद से फेस को अच्छे से साफ करने के बाद मॉइस्चराइजर को अप्लाई करें। मॉइस्चराइजर को अप्लाई करने से पहले त्वचा को रगड़ें नहीं, बल्कि फेस की मसाज करें। इससे आपके चेहरे को जरूरी पोषण मिले।

***इस समय अप्लाई करें मॉइस्जराइजर***

नहाने के बाद मॉइस्चराइजर इस्तेमाल करना चाहिए। वहीं कपड़े और बर्तन धोने के बाद भी मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल किया जा सकता है। ड्राई स्किन पर दो बार मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए। वहीं घर के बाहर जाने के दौरान भी आप इसका उपयोग कर सकते हैं। हांलाकि मॉइस्चराइजर क्रीम की क्वांटिटी का ध्यान रखना जरूरी है। क्योंकि इससे चेहरे के पोर्स बंद हो जाते हैं और मुंहासों की समस्या हो सकती है।

## समर सीजन में ऐसे करें अपने स्कैल्प की केयर, इन बातों का रखें ध्यान

समर सीजन में भीषण गर्मी पड़ने से स्कैल्प में ड्राइनेस होने की समस्या हो जाती है। साथ ही इसका असर बालों पर भी पड़ता हैं। समर सीजन में स्कैल्प की केयर करनी चाहिए। बालों से जुड़ी समस्या पैदा न हो। वहीं अगर स्कैल्प हेल्दी रहेगा तो बाल भी सुंदर होंगे। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही टिप्स बताने जा रहे हैं जिन्हें आप स्कैल्प की केयर करने के लिए फॉलो करें।

***स्कैल्प की मसाज करें***

स्कैल्प को हेल्दी रखने के लिए आप तेल से स्कैल्प की अच्छी तरह से मसाज करें। स्कैल्प की मसाज करने से जहां ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और स्कैल्प भी हेल्दी रहता है। वहीं स्कैल्प के हेल्दी रखने से बालों में विकास होती है। वहीं बाल झड़ने की समस्या कम होती है।

***शैम्पू का ज्यादा न करें इस्तेमाल***

समर सीजन में ज्यादा बालों को धोने से बचना चाहिए। हफ्ते में सिर्फ दो से तीन बार ही धोना चाहिए। बालों को ज्यादा धोने से बालों स्कैल्प को नुकसान हो सकता है। वहीं बालों को धोते समय कम शैम्पू का इस्तेमाल करें। बालों के लिए बेहतर शैम्पू के इस्तेमाल करें और इसके लिए आप



डर्मेटोलॉजिस्ट या किसी ब्यूटी एक्सपर्ट की सलाह ले सकते हैं।

***स्कैल्प पर न लगाएं कंडीशनर***

गर्मियों के मौसम में पसीना बहुत होता है और इस वजह से हेयर्स ड्राई हो जाते हैं। कंडीशर का स्कैल्प पर इस्तेमाल करने से ड्राई हो जाते हैं। इसका प्रयोग करते समय ध्यान रखे कि इसे स्कैल्प पर न लगाएं। कंडीशनर स्कैल्प पर लगाने से बालों की जड़ों पर इसका असर है जो बालों को नुकसान पहुंता सकते हैं।

***इन बातों का रखें ध्यान***

- बालों पर ज्यादा हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल न करें।
- बाहर जाने के दौरान बालों को बांध कर रखे।
- धूल और प्रदूषण से बचाने के लिए बालों को कवर करें।
- बालों को ठंडे पानी से धोने से बचें।

## 40 के बाद खूबसूरत और स्टाइलिश दिखने के लिए पहनें ये सलवार सूट, दिखेंगी बेहद प्यारी

एक उम्र के बाद हम सभी अपने लिए कपड़े चुनने के दौरान कंफ्यूज हो जाते हैं। वहीं 40 की उम्र के बाद अक्सर हम ऐसा अधिकतर सोचने लगते हैं। हांलाकि सलवार-सूट पहनने में न सिर्फ कंफर्टेबल होता है, बल्कि यह आपको स्टाइलिश लुक देने में भी मदद करता है। आपको मार्केट में रेडीमेड में काफी डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे।

अधिकतर लोग सेलिब्रिटीज लुक को री-क्रिएट करते हैं। ऐसे में अगर आपको भी सलवार-सूट पहनना अच्छा लगता है, तो स्टाइलिश सेलेब्रिटी स्टाइल सलवार-सूट लुक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही इनको स्टाइल करने के आसान टिप्स के बारे में भी जानेंगे।

***फ्रंट कट सूट डिजाइन***

एक जमाने में फ्रंट कट सूट डिजाइन को काफी ज्यादा पसंद किया जाता था। एक बार फिर से यह सूट ट्रेंड में नजर आ रहे हैं। इस तरह के हैवी वर्क वाले सूट को डिजाइनर ब्रांड पेटल्स पुणे ने डिजाइन किया है। मार्केट में आपको इस तरह के सूट आपको करीब 3,500 रुपए के आसपास मिल जाएगा। इस सूट को आप शरारा, स्कर्ट्स और पैंट्स के साथ भी स्टाइल कर सकते हैं।

***कलीदार सूट डिजाइन***





अनारकाली स्टाइल वाले कलीदार सूट हमेशा एवरग्रीन फैशन में रहते हैं। इसको आप पैंट्स या फिर चूड़ीदार प्लाजा के साथ स्टाइल कर सकते हैं। इस तरह के सूट को डिजाइनर कायनात बाय आंचल सहानी द्वारा डिजाइन किया है। मार्केट में आपको करीब 4000 रुपए तक आसानी से इस तरह के सूट मिल जाएंगे। इस सूट के साथ आप कानों में सिर्फ हैवी इयररिंग्स पहन सकती हैं।

***कॉटन सूट डिजाइन***

गर्मियों के मौसम में इस तरह का फैब्रिक काफी ज्यादा स्किन फ्रेंडली रहता है। इस तरह के सूट में आपको कढ़ाई वर्क में काफी डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। अधिकतर इस तरह के कॉटन के सूट में आपको लाइट कलर के ऑप्शन मिल जाएंगे। मार्केट में इस तरह के डिजाइन वाले सूट करीब 1500 रुपए तक मिल जाएंगे। इस सूट के साथ आप सिल्वर एंटीक ज्वेलरी कैरी कर सकती हैं।

## ग्रीन टी और टमाटर की मदद से बनाएं स्क्रब, मिलेगी ग्लोइंग स्किन

ग्लोइंग स्किन पाने के लिए हम सभी कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आप कुछ छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखें। मसलन, स्किन को सिर्फ वॉश करना ही काफी नहीं है, बल्कि आपको स्क्रब भी करना चाहिए। इससे आपकी डेड स्किन सेल्स रिमूव होती है और आपको इवन टोन व ग्लोइंग स्किन मिलती है। यूं तो आप मार्केट में मिलने वाले स्क्रब का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन अगर आप नेचुरल तरीके से आपकी स्किन की केयर करना चाहते हैं तो ऐसे में आप ग्रीन टी और टमाटर की मदद से स्क्रब बना सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ग्लोइंग स्किन पाने के लिए ग्रीन टी और टमाटर की मदद से स्क्रब बना सकते हैं।

***ग्रीन टी, टमाटर और चीनी से बनाएं स्क्रब***

आप ग्रीन टी, टमाटर और चीनी की मदद से स्क्रब बनाकर उससे ग्लोइंग स्किन पा सकते हैं।

***आवश्यक सामग्री-***

- 1 पका हुआ टमाटर
- 1 बड़ा चम्मच ग्रीन टी की पत्तियां
- 2 बड़े चम्मच दानेदार चीनी
- 1 बड़ा चम्मच शहद

***इस्तेमाल का तरीका-***

- सबसे पहले आप टमाटर को मैश करके पेस्ट बना लें।
- अब इसमें ग्रीन की पत्तियां डालकर मिक्स करें।
- साथ ही, इसमें चीनी और शहद मिलाएं।
- अब अपने फेस को क्लीन करके तैयार स्क्रब को अपने चेहरे पर लगाएं।
- इसके बाद, धीरे-धीरे सर्कुलर मोशन में मसाज करें।
- अंत में, गुनगुने पानी से अपना चेहरा धो लें।



***ग्रीन टी, टमाटर और ओटमील से बनाएं स्क्रब***

ग्रीन टी और टमाटर के साथ ओटमील को मिक्स करके एक बेहतरीन स्क्रब बनाया जा सकता है।

***आवश्यक सामग्री-***

- 1 पका हुआ टमाटर
- 1 बड़ा चम्मच ग्रीन टी की पत्तियां
- 2 बड़े चम्मच पिसा हुआ ओटमील
- 1 बड़ा चम्मच दही

***इस्तेमाल का तरीका-***

- सबसे पहले टमाटर को प्यूरी कर लीजिए।
- अब इसमें ग्रीन टी और ओटमील को मिक्स करें।
- अब तैयार स्क्रब में दही मिक्स करें।
- अब चेहरे को क्लीन करने के बाद स्क्रब को सर्कुलर मोशन में लगाएं।
- हल्के हाथों से मसाज करें और कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें।
- अंत में, गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

***ग्रीन टी, टमाटर और चावल से बनाएं स्क्रब***

ग्रीन टी और टमाटर के साथ आप चावलों की मदद से भी एक स्क्रब बना सकती हैं।

***आवश्यक सामग्री-***

- 1 पका हुआ टमाटर
- 1 बड़ा चम्मच ग्रीन टी की पत्तियां
- 2 बड़े चम्मच चावल का आटा
- 1 बड़ा चम्मच बादाम का तेल

***स्क्रब बनाने का तरीका-***

- सबसे पहले टमाटर से प्यूरी बना लें।
- अब इसमें ग्रीन टी की पत्तियां और चावल का आटे मिक्स करें।
- अंत में इसमें बादाम तेल डालकर मिक्स कर लें।
- इस मिश्रण से अपने चेहरे को धीरे-धीरे स्क्रब करें।
- अंत में, गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

## क्या सचमुच बालों को स्टीम करने से हेयर ग्रोथ बढ़ती है? जानें इसके फायदे

बालों की केयर न करने से अधिकतर लोगों को बालों की विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। डाइट में संतुलित आहार न लेने की वजह से बालों को पोषण नहीं मिल पाता। जिस वजह से हमारे बालों की ग्रोथ धीमी हो जाती है। जबकि, कुछ लोगों को तो बाल झड़ने की समस्या का भी सामना करना पड़ता है। बर्कोविट स्किन एंड हेयर केयर सेंटर की ब्यूटी एक्सपर्ट मिनाक्षी सिंह के अनुसार हेयर स्टीम से भी आप बालों की ग्रोथ को बेहतर बना सकते हैं। चलिए आपको बताते है इसके फायदे।

***बालों के विकास के लिए हेयर स्टीम के फायदे***

***बेहतर स्कैल्प सर्कुलेशन***

हेयर स्टीमिंग से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। स्टीम में गर्मी के उपयोग से नसें फैलती हैं, जिससे बालों के रोमों तक ऑक्सीजन और आवश्यक पोषक तत्वों की अपूर्ति बढ़ जाती है। इससे हेयर फॉलिक्स को पोषण मिलता है और हेयर्स भी हेल्दी रहते है। इससे बालों की ग्रोथ में मदद मिलती है।



***बालों को हाइड्रेट करें***

बालों के लचीलेपन और मजबूती को बनाए रखने और टूटने से बचाने उनमें नमी प्रदान करता है। गौरतलब है कि इससे सूखे और कमजोर बाल तेजी से ठीक होते हैं। इसके साथ ही दोमुंहे बालों और डैमेज बाल दोबारा से रिपयर होते है।

***बाल घने होना***

स्टीम से हेयर फॉलिक्स स्टिम्यूलेट होते हैं। इससे रोम तेजी से नए बाल उगने में मदद करता है। हेयर ग्रोथ भी बेहतर होती है और नए बाल उगना शुरु हो सकते हैं। ऐसे में कुछ लोगों के बाल दोबारा से घने और मजबूत होने लगते हैं।

***अवशोषण तेजी से होता***

हेयर स्टीमिंग के लिए पानी गर्म करते समय आप उसमें विटामिन ई या अन्य एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। बालों की रोम में इनका अवशोषण आसानी से होता है। इससे स्कैल्प को पोषण मिलता है और बालों की ग्रोथ तेजी से होती है।

## चेहरे पर बेसन और हल्दी लगाना कितना सही होता है? जानें एक्सपर्ट की राय

सुंदरता और चेहरे के निखार के लिए कई बार लोग बेसन और हल्दी लगाते हैं। बेसन और हल्दी को हेल्थ के साथ-साथ स्किन के लिए भी अच्छा माना जाता है। हर भारतीय घरों मे अधिकतर लोग अपने स्किन केयर रुटीन में बेसन और हल्दी जरुर शामिल करते हैं। क्योंकि, बेसन और हल्दी में मौजूद गुण त्वचा के संबंधित समस्याओं को दूर करने में मदद करता हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि, हल्दी और बेसन रोजाना इस्तेमाल करना कितना सही है, आइए आपको बताते है इस पर ब्यूटी एक्सर्ट पूजा गोयल का क्या कहना है?

***क्या चेहरे पर रोजना बेसन और हल्दी का कर सकते हैं?***

अक्सर यह सवाल उठता है क्या चेहरे पर रोजाना बेसन और हल्दी लगा सकते है? हां बिल्कुल, आप अपने चेहरे पर रोजाना बेसन और हल्दी का प्रयोग कर सकते हैं। बेसन और हल्दी का फेस पेक, त्वचा से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। बेसन और हल्दी का पैक, स्किन के दाग-



धब्बों और मुंहासों को मिटाने में मदद करता है। साथ ही, त्वचा की रंगत में भी सुधार होता है। इसलिए आपको अपने चेहरे बेसन और हल्दी का इस्तेमाल जरुर करना चाहिए।

***कैसे चेहरे पर लगाएं बेसन और हल्दी?***

सबसे पहले आप 2 चम्मच बेसन लें, इसमें चुटकीभर हल्दी और दही मिक्स करें। अब इस पेस्ट को अपने पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। 10 -15 मिनट बाद चेहरे को पानी से अच्छी तरह धो लें। इसके बाद आपके चेहरे को अच्छी तरह से मॉइश्चराइज जरुर करें।

***बेसन और हल्दी पैक के फायदे***

- बेसन और हल्दी त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद होता है। आप इसे अपने चेहरे पर जरुर लगाएं।
- इसे लगाने से त्वचा की रंगत में सुधार होती है।
- बेसन और हल्दी त्वचा के दाग-धब्बों को मिटाने में असरदार होता है।
- अगर आपके चेहरे पर एक्ने या पिंपल्स की समस्या है, तो बेसन और हल्दी जरुर लगाएं।
- यह त्वचा के ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स को भी रिमूव करता है।

## क्या वाकई विटामिन ई कैप्सूल चेहरे पर लगाना काफी फायदेमंद होता है? स्किन को सॉफ्ट बनाएं

**स्किन को हेल्दी रखने के लिए न जानें क्या-क्या नहीं करते। फिर भी स्किन ग्लो नहीं करती। क्या आप जानते है विटामिन ई कैप्सूल लगाने से आपके चेहरे की त्वचा से जुड़ी कई दिक्कतों से निजात मिल सकता है। आइए आपको बताते हैं विटामिन ई कैप्सूल चेहरे पर लगाने से कितना फायदा होता है।**

ग्लोइंग स्किन पाने के लिए हम सभी कई तरीके अपनाते हैं लेकिन उससे कुछ नहीं होता। स्किन में चमक लाने के लिए लोग पर्लर में जाकर महंगे-महंगे ट्रीटमेंट कराते हैं। हालांकि, विटामिन ई कैप्सूल लगाने से आपके चेहरे की त्वचा से जुड़ी कई दिक्कतों से छुटकारा मिल जाता है। इसके उपयोग से चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने में मदद मिलती है। लेकिन अधिकतर लोगों को यह जानकारी नहीं होती कि विटामिन ई कैप्सूल चेहरे पर कितनी देर लगाना चाहिए, चलिए आपको बताते हैं।

***विटामिन ई कैप्सूल चेहरे पर कितनी देर लगाना चाहिए?***

अच्छे परिणाम के लिए रातभर के लिए विटामिन ई कैप्सूल चेहरे पर लगा सकते हैं। इसका इस्तेमाल रात को करने से ऑयल त्वचा में अच्छे से अब्जॉर्ब हो पाता है। आप इसको 15 से 20 मिनट के लिए दिन में भी फेस पर लगा सकते हैं।



***रोज चेहरे पर वटामिन ई कैप्सूल लगा सकते हैं क्या?***

विटामिन ई कैप्सूल में कई फायदे होते हैं। हां, आप इसे रोजाना विटामिन ई कैप्सूल के अपने चेहरे पर लगा सकते हैं। इससे आपको कई लाभ मिलेंगे। लेकिन इसकी अधिक मात्रा न लगाएं।

***चेहरे पर चमक लाए***

त्वचा को ग्लोइंग व सॉफ्ट बनाने के लिए विटामिन ई कैप्सूल चेहरे पर लगाएं। यह त्वचा को नेचुरली चमकदार बनाता है।

***जलन से आराम***

चेहरे की त्वचा में अक्सर जलन को ठीक करने के लिए आप विटामिन ई कैप्सूल लगा सकते हैं। इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण जलन से आराम मिलता हैं।

***एंटी-एजिंग***

चेहरे की त्वचा को खूबसूरत बनाए रखने के लिए विटामिन ई कैप्सूल मददगार हो सकता है। इसमें एंटी-एजिंग गुण होते हैं।

***स्किन को सॉफ्ट बनाए***

विटामिन ई कैप्सूल चेहरे पर लगाने से त्वचा का रुखापन दूर होता है और वह सॉफ्ट होती है। इसमें मॉश्चराइजिंग गुण होते हैं।

***इस तरह से चेहरे पर विटामिन ई कैप्सूल लगाएं?***

विटामिन ई कैप्सूल को चेहरे पर सीधे तौर पर लगा सकते हैं। अगर आप चाहें तो इसमें कुछ चीजों के साथ मिलाकर भी लगा सकते हैं। जैसे-कोकोनट ऑयल, दही, एलोवेरा जेल, बादाम का तेल, गुलाबजल इत्यादि।

# बाल सुरक्षा व साइबर अवेयरनेस पर कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज के निर्देशन एवं अपर पुलिस उपायुक्त, अपराध के कुशल पर्यवेक्षण में एसजेपीयू साइबर सेल एवं प्रिम रोज शिक्षा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान एवं प्रबन्धक ब्लू बेल स्कूल करैली के सहयोग से बाल सुरक्षा, साइबर अवेयरनेस पर ब्लू बेल स्कूल नया पुरा करैली में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं किशोर न्याय आदर्श नियम 2016 में दिये गये प्राविधानों के अनुसार बालकों के संरक्षण, सुरक्षा व अधिकारों पर विस्तृत चर्चा की गयी। उक्त कार्यशाला का संचालन करते हुए मु0आ0 अजय कुमार मौर्य कार्यालय एसजेपीयू द्वारा बच्चों को आपातकालीन स्थिति में डायल 112 एवं चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 पर कॉल करने हेतु बताया गया साथ ही साथ बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों से बचाव के लिये उन्हें गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रभारी एसजेपीयू तीर्थ राज यादव द्वारा उक्त कार्यशाला को संबोधित करते हुए कार्यशाला में उपस्थित बच्चों को बताया गया कि वह स्कूल व बाजार आदि में कहीं जाते है यदि उनका कोई पीछा करता है या परेशान करता है तो भीड़-भाड़ वाले स्थानों या नजदीकी एटीएम सेन्टर की तरफ जाने (जहां सीसीटीवी कैमरा लगे होते है व गार्ड भी उपलब्ध होते है) व किसी बड़ों की मदद से घर वालों व पुलिस को सूचना देने सम्बन्धी बातें बताई गयी। कार्यशाला में उपस्थित साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ मु0आ0 जय प्रकाश सिंह द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध बहुत तीव्र गति से बढ़ रहा है, अतः बच्चों को किसी भी दशा में अपने माता-पिता, परिजनों के डेबिट कार्ड या क्रेडिट कार्ड एवं व्यक्तिगत डाटा को किसी अन्जान व्यक्ति के साथ नहीं साझा करना है।

बाल कल्याण पुलिस अधिकारी थाना करैली उ0नि0 हरिशंकर मिश्र द्वारा बच्चों को बताया गया कि पुलिस उनकी दोस्त है, पुलिस से डरने की जरूरत नहीं, किसी भी समस्या में वह अपनी बात पुलिस के समक्ष रख सकते है। पुलिस उनकी सुरक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रिम रोज शिक्षा संस्थान के प्रबन्धक फरहान आलम एडवोकेट द्वारा बच्चों को बाल सुरक्षा सम्बन्धी कानूनी प्राविधानों को विस्तृत रूप से बताया गया। उक्त कार्यशाला में ब्लू बेल स्कूल करैली के प्रबन्धक सन्दीप कुशवाहा, प्रधानाचार्या इन्दू खुराना, उप प्रधानाचार्या अर्पिता मालवीय एवंह स्कूल के समस्त अध्यापकगण, उ0नि0 अलख नारायण सिंह, ए0एच0टी0यू0, म0उ0नि0 प्रियंका गौतम (महिला सुरक्षा विशेष दल) मय टीम थाना करैली उपस्थित रहे।

## जलवायु परिवर्तन पर ओम द हॉलिस्टिक कॉन्क्लेव का आयोजन जयपुर में

**प्रयागराज।** बदलते पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन का असर इस समय पूरे देश के मौसम में दिखाई दे रहा है। कही हीट वेव, कही भूकंप, और बेमौसम बारिश का असर जन हानि के रूप में रौद्र रूप ले रहा है। इसी क्रम में विगत वर्ष की भांति 21 अप्रैल को रीजनल साइंस सेंटर ऑडिटोरियम में शख्सियत पत्रिका एवं थर्ड आई न्यूज नेटवर्क के संयुक्त तत्वाधान में ओम द हॉलिस्टिक कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक डॉक्टर दीप्ति शर्मा ने बताया कि इस एक दिवसीय संगोष्ठी में देश भर से आए पर्यावरणविद, आध्यात्मिक गुरु एवं प्रकृति संरक्षण पर कार्य कर रहे बुद्धजीवी भाग लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, डायमंड गेस्ट स्वपन बोस, विधायक एवं महामंडलेश्वर बालमुकुंदचार्य, आचार्य वीरेंद्र पुरोहित आदि शामिल होंगे।

# प्रदेश में सबसे गर्म प्रयागराज

अवधनामा संवाददाता

- तपिश से हलाकान बच्चे स्कूल प्रबंधकों के कान पर नहीं रेंग रही जूं
- सुबह आठ से दो बजे तक संचालित हो रहे परिषदीय विद्यालय

**प्रयागराज।** प्रदेश के सर्वाधिक गर्म शहरों में से एक प्रयागराज में आठवीं तक के लाखों बच्चे गर्मी से बिलबिला रहे हैं। शिक्षकों व संगठनों के बार-बार अनुरोध के बावजूद स्कूल टाइमिंग में बदलाव नहीं हो रहा है।बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने 15 अप्रैल को आदेश जारी किया था कि स्कूल टाइमिंग सुबह आठ से दो बजे ही रखी जाए। इसके चलते जिला प्रशासन और बेसिक शिक्षा विभाग के अफसर भी स्कूल टाइमिंग में परिवर्तन से बच रहे हैं। माध्यमिक स्कूल जहां कक्षा छह से 12वीं तक के बच्चे अध्ययनरत हैं, वहां की टाइमिंग सुबह 730 से 1230 बजे की है। वहीं, कक्षा एक से आठवीं के परिषदीय, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट के साथ मान्यता प्राप्त व सहायता प्राप्त तकरीबन पांच हजार स्कूलों में पढ़ने वाले लाखों बच्चों की छुट्टी दोपहर दो बजे हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों को अधिक परेशानी हो रही है।प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र श्रीवास्तव का कहना है कि आठवीं तक के स्कूल की टाइमिंग 730 से 1230 बजे तक होनी चाहिए। इससे स्कूल संचालन में केवल एक घंटे का अंतर आएगा, लेकिन लाखों बच्चों को राहत मिलेगी। प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष वसीम अहमद ने भी शुक्रवार को जिला प्रशासन को पत्र लिखकर गर्मी के हालात को देखते हुए स्कूल टाइमिंग सुबह सात से 11 बजे तक करने का अनुरोध किया है।

## बिपिन ने वर्मा क्लब को जिताया

**प्रयागराज।** बिपिन पाल के हरफनमौला खेल (50 रन एवं तीन विकेट) की बदौलत वर्मा क्लब ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब को 21 रन से हराकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। चक हरिहरवन झूंसी स्थित बीपीएससी मैदान पर खेले गए मैच में वर्मा क्लब ने 28.4 ओवर में 160 रन (बिपिन पाल 50, अमोघ पाण्डेय 33, अंसर कुशवाहा 22, लक्ष्य 6/17) बनाए। जवाब में नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब की टीम 29.1 ओवर में 139 रन (शिवम पटवा 48, लक्ष्य 21, बिपिन पाल 3/16, अमोघ पाण्डेय 3/20) पर सिमट गई।



# नुक्कड़ सभाओं से भाजपा के पक्ष में बनाएंगे माहौल



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** लोकसभा 52 प्रयागराज के रामपुर स्थित केंद्रीय कार्यालय में आज लोकसभा संयोजक शिवदत्त पटेल की अध्यक्षता में नुक्कड़ सभा और सोशल मीडिया के विधानसभा स्तर के पदाधिकारियों की बैठक हुई। मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा के प्रभारी मनोज जयसवाल ने आगामी लोकसभा में होने वाले सोशल मीडिया सम्मेलन एवं शक्ति केंद्र स्तर पर होने वाले नुक्कड़ सभा के कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। मनोज जयसवाल ने बताया नुक्कड़ सभा प्रत्येक शक्ति केंद्र पर होनी है जिसकी व्यवस्था वहां के स्थानीय कार्यकर्ता सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सोशल मीडिया के वोलंटियर सम्मेलन को लेकर उन्होंने कहा की बूथ स्तर तक के सोसल मीडिया कार्यकर्ता सम्मेलन में सहभाग करेंगे। इसकी संरचना बनाई जाए ऐसा निर्देश उन्होंने विधानसभा पदाधिकारियों को दिए। बैठक में संयोजक सोशल मीडिया हनुमान पांडेय, विधानसभा सोशल मीडिया प्रमुख मधुमिता नाथ, आईटी संयोजक चंदन भट्ट, सतीश, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष राजकुमार मिश्र, समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रथम चरण के मतदान से ही इण्डिया गठबंधन की भारी जीत का दावा

- एनडीए के खिलाफ देश की जनता

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** 51 फूलपुर संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अमरनाथ सिंह मौर्य के समर्थन आयोजित गठबंधन के कार्यकर्त्ता सम्मेलन में आज सपा, कांग्रेस गठबंधन के नेताओं ने कहा कि एनडीए को सत्ता से बाहर करने के लिए देश की जनता उठ खड़ी है। प्रथम चरण के मतदान से ही इसके रुझान आने लगे हैं। भाजपा नेताओं के झूठे वादे, जुमले से जनता ऊब चुकी है और अब परिवर्तन चाहती है। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव, कांग्रेस के अध्यक्ष सुरेश यादव, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, विधायक गण श्रीमती विजमा यादव, गीता शास्त्री, पूर्व विधायक मुजतबा सिद्दीकी, सत्यवीर मुन्ना, मनोज पासी आदि नेताओं ने कहा कि देश का बेरोजगार, किसान, अल्पसंख्यक, महिलाओं सहित हर आम आदमी आज अपने को ठगा सा महसूस कर रहा है।विपक्षी नेताओं द्वारा जनता की आवाज उठने पर उन्हें इडी, सीबी आई लगाकर परेशन किया जा रहा है। लोकतान्त्रिक संस्थाओं की मर्यादा को तार तार किया जा रहा है. संविधान को बदलने की साजिश चल रही है। देश की जनता एनडीए सरकार की साजिश को समझ चुकी है और इसे सत्ता से बेदखल करने के लिए एक एक वोट इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशियों को देकर जिताने का काम करेगी। लोकसभा उम्मीदवार अमरनाथ सिंह मौर्य ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि वह स्वयं एक कार्यकर्त्ता की हैसियत से चुनाव लड़ रहे हैं। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने मुझे लोकसभा का प्रत्याशी घोषित कर कार्यकर्त्ता को सम्मान दिया है। संचालन उपाध्यक्ष मेराज आरिफ एवं विधानसभा अध्यक्ष श्याम सिंह यादव उर्फ़ बच्चा नेता ने किया। इस अवसर पर अन्य लोंगो में रविन्द्र यादव, डॉ सुमन शर्मा, राम सुमेर पाल, राम अवध पाल, राजू पासी, प्रतिमा रावत, संदीप यादव, खिन्नी लाल पासी, शांति प्रकाश पटेल, डॉ राजेश यादव, मुलायम यादव, नवीन यादव, आसुतोष तिवारी, मो सैफ, कुलदीप यादव,राकेश पासी, अमरबाहादुर, सुशील यादव, सुरेश यादव, राकेश पटेल आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# मतदाता जागरूकता के लिए क्रिकेट मैच का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता क्रिकेट मैच का आयोजन जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम एवम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल के सहयोग से विभिन्न ब्लाको के बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षको के बीच खेला जा रहा है। शनिवार को बदलापुर तहसील के अंतर्गत पहला मैच ब्लॉक बक्शा बनाम बदलापुर खेला गया जिसमें बक्शा की टीम विजयी रही। दूसरा मैच महराजगंज बनाम बक्शा के बीच हुआ जिसमे बक्शा टीम 3 विकेट से जीत हासिल की। तीसरा मैच बदलापुर बनाम महराजगंज के बीच सम्पन्न हुआ जिसमे बदलापुर टीम 25 रन से मैच जीती। क्वालीफाई करने के बाद मुकाबला बक्शा बनाम बदलापुर के बीच खेला गया जिसमे तहसील बक्शा की टीम द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनी और बदलापुर उपविजेता रही। उधर मड़ियाहू तहसील का मैच रामनगर बनाम मड़ियाहू के बीच हुआ, जिसमे टीम रामनगर विजेता रही। दूसरा मैच रामपुर बनाम बरसठी के बीच खेला गया जिसमें बरसठी की टीम विजेता रही। सभी टीम के खिलाड़ियों ने आगामी 25 मई को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने हेतु शपथ भी लिए। विभिन्न ब्लॉकों के बीच मैच आयोजन करने में ए0आर0पी0 राजू सिंह, व्यायाम शिक्षक राकेश कुमार यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# शार्ट सर्किट से लगी आग से दुकान में रखा पांच लाख का सामान जलकर हुआ राख

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जफराबाद क्षेत्र के नगर पंचायत कजगाव कस्बे के सादात मसौड़ा मुहल्ले में शॉर्ट सर्किट से एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में आग लग गयी।आग से दुकान ने रखा पांच लाख का सामान जलकर राख हो गया।इसके साथ ही पूरा मकान तबाह हो गया है।

उक्त मुहल्ले के निवासी शमीम अहमद पुत्र जलील अहमद की इनवर्टर, बैटरी,टीवी तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान थी।मकान के नीचे दुकान थी तथा उसी के ऊपर पूरा परिवार रहता है।शनिवार की भोर में दुकान में आग लग गयी। आग ने विकराल रूप पकड़ लिया।उसी समय शमीम के छोटे पुत्र आदिल की आंख खुली तो घर मे चारो तरफ धुंआ धुंआ दिख रहा था।उसने शोर मचाकर परिवार के लोगों को उठाया।उसके बाद सब किसी तरह सीढ़ी से उतरकर नीचे पहुंचे।तब तक आस पास के लोग भी पहुंच कर आग को बुझाने लगे।आग ने सब जला दिया।आग से दुकान के पटिया भी टूट गए। अब परिवार पूरी तरह से बर्बाद हो गया है। दुकान तथा मकान दोनो खत्म है।परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है।

## अन्तर्जनपदीय पशु तस्करो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**आजमगढ़।** सिधारी थाने कि पुलिस को 02 अन्तर्जनपदीय पशु तस्कर ,अवैध असलहा, कारतूस व नकदी बरामद करने में बड़ी सफ्लता प्राप्त हुई है। खबर है कि मुकदमा वादी श्याम नरायण यादव पुत्र चौथी राम यादव सा0 सर्फुद्दीनपुर थाना सिधारी ने तहरीर दिया कि अज्ञात चोरो द्वारा दो भैंस व एक पड़िया चुरा ले गए थानाध्यक्ष योगेंद्र बहादुर सिंह ने इसे गंभीरता पूर्वक लेते हुए उ0नि0 सौरभ कुमार सिंह को खुलासा करने हेतु जिम्मेदारी दी। उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त 1.सुभान पुत्र नजरूद्दीन निवासी बघरवारा थाना सरपतहां जनपद जौनपुर उम्र 33 वर्ष 2.अंसार पुत्र पप्पू निवासी लेदरही थाना खेताराय जनपद जौनपुर उम्र 22 वर्ष का नाम प्रकाशन में आया।

# दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को मिली जीत




अवधनामा संवाददाता

- संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी क्रिकेट

**प्रयागराज।** दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने भानु प्रताप सिंह क्लब को 35 रन से हराकर संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। दौलत हुसैन मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में टॉस जीतकर दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने 19.5 ओवर में 172 रन (अब्दुर रहमान 53, ऐमन सिद्दीकी 45, अविनाश यादव 23, प्रवेश सिंह 3/23, अक्ष श्रीवास्तव 3/24, दिव्यांश यादव 2/24, सुव्रत प्रसाद तिवारी 2/29) बनाये। जवाब में भानु प्रताप सिंह क्लब की टीम 16.3 ओवर में 137 रन (सुव्रत प्रसाद तिवारी 48, अथर्व प्रजापति 32, शुभम वर्मा 19, अखिलेश यादव 4/41, मोहम्मद हम्माद 2/14, ऐमन सिद्दीकी 2/21, अविनाश यादव 2/25) पर सिमट गई। ऐमन सिद्दीकी को पूर्व रणजी क्रिकेटर राकेश मिश्र ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। प्रतियोगिता में रविवार दौलत हुसैन कॉलेज का मुकाबला एसके क्लब से दोपहर एक बजे से होगा।

## नॉर्दन फुटबॉल अकादमी की प्रथम जीत



**प्रयागराज।** नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के तत्वाधान में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल झलवा के फुटबॉल मैदान पर आज गोल फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग के आजके मैच में नॉर्दन फुटबॉल अकादमी ने नैनी बॉयज को 2-0 से हराकर प्रथम जीत दर्ज की। मध्यांतर तक विजेता टीम एक गोल से आगे थी।

अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील घोष के अनुसार शक्षम ओराओं ने एकल प्रयास से प्रथम एवं शक्षम के पास रुद्रांश ने दूसरा गोल किया। प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार सक्षम को मिला। अभी तक सभी टीमों ने कुल दो दो मैच खेले है जिसमे विष्णु भगवान के 6 अंक, नॉर्दन अकादमी के 4 अंक, फाफामऊ के एक अंक, नैनी के शून्य अंक है।

# विकसित भारत के लिए लीड की लड़ाई लड़नी होगी: मौर्या

- चुनाव को लेकर भाजपा की हुई बैठक, बनी रणनीति

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी मछलीशहर के जिला कार्यालय सीहिपुर जौनपुर पर लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर एक महत्वपूर्ण बैठक आहुत की गई। बैठक की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रामविलास पाल ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश संगठन के महामंत्री/ राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य विशिष्ट अतिथि लोकसभा प्रभारी हरिओंम मिश्रा व बैठक का संचालन जिला महामंत्री/लोकसभा संयोजक डा0 अजय कुमार सिंह ने किया। सर्व प्रथम पार्टी ने अपने मार्ग दर्शक डा0श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारम्भ किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अमरपाल मौर्य ने कहा हमको जीत की नहीं लीड की लड़ाई लड़नी होगी। पार्टी ने जो जीत का लक्ष्य रखा है 4 जून 400 के पार उसको पाने के लिए कार्यकर्ताओं को अपना-अपना बूथ बड़े अन्तर से जीतना होगा। जिसके लिए बूथ अध्यक्ष व प्रमुखों को अपने-अपने बूथ पर पन्ना के मतदाताओं के निरन्तर सम्पर्क बनाये रखना होगा।

युवा, महिला, गरीब, किसान, सब हमारी ताकत है इन्होने कार्यकर्ताओं से अलग-अलग बात किया और कहा कार्यकर्ता ही हमारे संगठन की रीढ़ हैं। उन्होने मोर्चो के पदाधिकारिओं और कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव में मन से बढ़-चढ कर हिस्सा ले और केन्द्र/प्रदेष सरकार के नीत-रीत और योजनाओं को जन-जन तक पहुचाए और गॉव-गॉव जाकर किसान हितैसी भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दें। प्रदेष सरकार किसानो की सबसे बड़ी हितैसी है, प्रदेष सरकार ने भ्रष्टाचार पर कठोर कदम उठाये हैं। महिलाओं को सुरक्षा सम्मान व आत्मनिर्भरता के लिए अभियान संचालित किया गया। जनता को मोदी की गारन्टी पर पूरा-पूरा विश्वास हैं जनता तीसरी बार मोदी जी को देष की बागडोर सौपने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है, चुनाव संचालन समिति की बैठक लेते हुए प्रदेष महामंत्री जी ने सभी से अपने-अपने जिम्मेदारीओं को पूरी निश्ठा से पूरा करने का मंत्र भी सिखाया। इसके बाद सांसद बी0पी0 सरोज प्रत्याशी लोकसभा 74 मछलीशहर ने भी अपनी बात चुनाव संचालन समिति/संयुक्त मोर्चा/उपस्थित जनप्रतिनिधिओं के समक्ष रखी। बैठक में उपस्थित चुनाव संचालन समिति व जनप्रतिनिधि व संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारिओं का जिला मीडिया प्रभारी संतोश कुमार मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# हाईस्कूल एवं इण्टमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज, उत्तर प्रदेश ने कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं (हाईस्कूल एवं इण्टमीडिएट) का परीक्षा परिणाम घोषित किया। जिसमें सर्वोदय पब्लिक इण्टर कालेज, आजमगढ़ का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत है। विद्यालय में इण्टरमीडिएट में 62 पंजीकृत छात्र छात्राओं में से सभी छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त किया। हाईस्कूल में 53 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में से सभी छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त किया। इण्टरमीडिएट में कनकलता यादव ने 90.8ः अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अनामिका यादव ने 86.4ः अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान निर्जला कुमारी ने 85.ः अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान, आदर्श यादव ने 85.6ः अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान और खुशबु यादव ने 85ः अंक प्राप्त कर पाँचवा स्थान प्राप्त किया है। हाईस्कूल परीक्षाफ्ल में अर्णव शर्मा तथा अंजली यादव ने संयुक्त रूप से 93.16ः अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हेना परवीन ने 90.83ः अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हर्षिता यादव तथा सुशील यादव ने संयुक्त रूप से 87.33ः अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान ज्वाला यादव ने 86.33ः अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान तथा मनीषा सरोज ने 83.66ः प्राप्त कर पाँचवां स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के बच्चों के उत्तम प्रदर्शन पर विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव जी ने सभी अभिभावकों एवं बच्चों को बधाई दी है एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती कंचन यादव ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी शिक्षकों एवं बच्चों को उत्तम परिणाम के लिए बधाई दी।

# मनबढ़ बरातियों ने अण्डा विक्रेता पिता पुत्र को पीटकर किया लहुलुहान

अवधनामा संवाददाता

- ट्रामा सेंटर बीएचयू में चल रहा है इलाज

**जौनपुर।** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत के कोंहडा गांव में आई बारात में मनबढ युवकों ने बडागांव नहर पुलिया के समीप अण्डा दुकानदार से पीट कर गम्भीर रूप से लहुलुहान कर दिया।

घटना में मनबढों ने पिता व पुत्र दोनों को लाठी डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल किया है।

शुक्रवार की देर रात कोंहडा गांव में जा रही बारात की एक चारपहिया वाहन दुकान के पास रुका। उसमे से पांच छ की संख्या में निकले अज्ञात मनबढों ने दुकान पर पहुंचकर उबाला अंडा और आमलेट मांगा दुकान पर भीड होने की वजह से थोडी देर मे देने की बात कही तो गुस्साए मनबढों ने हंगामा कर दिया। मना करने पर मनबढ़ युवकों ने लाठी डंडे से बडागांव निवासी गोविंद अग्रहरि पुत्र छोटेलाल अग्रहरि व अनुराग अग्रहरि पुत्र गोविंद अग्रहरि को पीटकर घायल लहूलुहान कर दिया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान पिता पुत्र की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वही पिता गोविंद की हालत नाजुक बताई जा रही है। फिलहाल बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि स्थानीय होने के चलते दोनों ओर से मारपीट किया गया। हालांकि अण्डा विक्रेता पिता गोविंद की हालत बेहद नाजुक है।इस बाबत कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि अण्डा विक्रेता की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध जान से मारने की धारा में मामला दर्ज किया गया है। आरोपितों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

## विश्वकर्मा सम्मेलन का समापन

**आजमगढ़।** जनपद के से समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा के नेतृत्व में आयोजित विश्वकर्मा सम्मेलन मे, तथा पूर्व मंत्री राम अचल राजभर के नेतृत्व में आयोजित राजभर सम्मेलन तथा करुणा कांत मौर्य के नेतृत्व में मौर्य सम्मेलन में तथा राजेश यादव जी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होकर अपने विचार व्यक्त करते हुए धर्मेंद्र यादव ने जनता से अपने लिए वोट की अपील करते हुए कहा कि आज सर्व समाज के लोगों की अहम जिम्मेदारी है लोकतंत्र और बाबा साहेब के संविधान को बचाने की। आज पूरा देश महंगाई, बेरोजगारी, इलेक्टरल बाँड के माध्यम से देश में कानूनी लूट का नया मॉडल प्रस्तुत किया।

# तहसीलदार न्यायालय में ताला बंद देखकर भड़के अधिवक्ता

**रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय, खतौनी कम्प्यूटर कक्ष सहित उनके अधीनस्थ कार्यालय भी बन्द रहे**

अवधनामा संवाददाता

- अधिवक्ता संघ की बैठक में अधिवक्ताओं ने तहसीलदार पर लगाया धनउगाही का आरोप

**जौनपुर (मछलीशहर)।** ग्राम समाज से संबंधित फाइलें बिना सबूत साक्ष्य लिए स्थल निरीक्षण में लगाने से नाराज अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के खिलाफ शुक्रवार को खुलकर मोर्चा खोल दिया था। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया था कि तहसीलदार ने 115 सी की कई फाइलें, बिना अधिवक्ताओं के सबूत साक्ष्य पेश किए हुए ही सीधे स्थल निरीक्षण में ले लिया और इस तरह वह धनउगाही करना चाहते हैं। अधिवक्ताओं को जब जानकारी हुई की पत्रावलियों में तारीख के स्थान पर स्थल निरीक्षण लिखवाकर तहसीलदार स्वयं जिला मुख्यालय पर मीटिंग में है। तब अधिवक्ता आक्रोशित हो गये और तहसीलदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी और हंगामा किया। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि आज सुबह जब लोग तहसील पहुंचे तो तहसीलदार न्यायालय सहित कंप्यूटर खतौनी कक्ष, रजिस्टर कानूनगो कार्यालय सहित तहसीलदार से संबंधित सभी न्यायालय और कार्यालय में ताले लगे हुए थे। कारण पूछने पर चतुर्थ स्टाफ ने बताया कि तहसीलदार के आदेश पर ताले लगे हैं जबकि चिलचिलाती धूप में कई वादकारी अपनी फाइलों का मुआइना करने और खतौनी लेने तहसील आए हुए थे। इससे नाराज अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी से बात करके ताला खुलवाने का आग्रह किया। ताला नहीं खुलने पर अधिवक्ताओं ने पहले उपजिलाधिकारी राजेश चौरसिया का घेराव किया और तत्पश्चात अधिवक्ता संघ सभागार में अधिवक्ताओं की हंगामी बैठक हुई जिसमें तहसीलदार के न्यायालय का अनिश्चितकालीन बहिष्कार का निर्णय सर्वसम्मत से लिया गया। इस मौके पर एक अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि ग्राम मलसिल से संबंधित 115 सी की एक पत्रावली में तहसीलदार अपने अद्रली और चपरासी के साथ मौके पर पहुंचे और उनके मुवक्किल से कहा कि 15000 दे दो तुम्हारा बेदखली का मुकदमा वापस हो जाएगा लेकिन अपने वकील को इसकी जानकारी मत देना तुम सीधे मेरे पास आना। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसीलदार न सिर्फ भ्रष्टाचार में लिप्त है, बल्कि अड़ियल रवैया वकीलों के प्रति अपना रखा है। एक जिम्मेदार अधिकारी होते हुए भी खुद से अपने ही न्यायालय और कार्यालय में घोषित तालाबंदी करवाना कहां तक न्याय संगत है।

# ईपीएफओ ने फरवरी महीने में 15.48 लाख नेट सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने फरवरी में नेट (शुद्ध रूप से) 15.48 लाख सदस्य जोड़े हैं। इस दौरान करीब 7.78 लाख नए सदस्यों ने ईपीएफओ के साथ नामांकन कराया। सेवानिवृत्त कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने यह जानकारी दी है।




श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि ईपीएफओ के अनंतिम पेरोल आंकड़ों के मुताबिक फरवरी के महीने में शुद्ध रूप से 15.48 लाख सदस्य जोड़े गए हैं। फरवरी, 2024 के दौरान पहली बार करीब 7.78 लाख नए सदस्यों ने नामांकन कराया है। आंकड़ों के मुताबिक इनमें 18 से 25 आयु वर्ग के अधिकांश सदस्य हैं। इनकी संख्या फरवरी 2024 में जोड़े गए कुल नए सदस्यों का 56.36 फीसदी है। यह दर्शाता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं।

पेरोल डेटा से पता चलता है कि लगभग 11.78 लाख सदस्य ईपीएफओ की योजनाओं से बाहर निकल गए थे, वो फिर से ईपीएफओ में शामिल हो गए हैं। आंकड़ों के मुताबिक इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदल ली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों में फिर से शामिल हो गए। मंत्रालय के मुताबिक इन्होंने अपने कोष को स्थानांतरित करने का विकल्प चुना।

आंकड़ों के मुताबिक ईपीएफओ में फरवरी में शामिल 7.78 लाख नए सदस्यों में से करीब 2.05 लाख महिला सदस्य हैं। इसके अलावा इस दौरान जोड़े गए शुद्ध महिला सदस्यों की संख्या लगभग 3.08 लाख रही। ईपीएफओ के आंकड़ों से यह पता चलता है कि महिला सदस्यों का जुड़ना अधिक समावेशी और विविध कार्यबल की ओर व्यापक बदलाव का संकेत है।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया रुपये की कमजोरी का कारण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री ने गुजरात के अहमदाबाद में कहा है कि वैश्विक परिवेश में अनिश्चितता बढ़ रही है। ईरान और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ने से पश्चिम एशिया में चुनौतीपूर्ण हालात बने हैं। डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में गिरावट के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। गुजरात के अहमदाबाद में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जब अमेरिकी अर्थव्यवस्था और डॉलर की स्थिति मजबूत होती है, तो उसके मुकाबले रुपये में उतार-चढ़ाव आता है। वित्त मंत्री ने कहा, इसके विपरीत, येन और यूरो के मुकाबले रुपया; हमारी आर्थिक स्थिति, विदेशी मुद्रा भंडार, मुद्रास्फीति, और आर्थिक मजबूती को देखते हुए स्थिर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले, न सिर्फ रुपया बल्कि अन्य मुद्राओं में उतार-चढ़ाव और अधिक है। वैश्विक परिवेश में अनिश्चितता बढ़ रही है। ईरान और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ने से पश्चिम एशिया में चुनौतीपूर्ण हालात बने हैं। यही वह क्षेत्र है जहां से सिर्फ हमारी ही नहीं पूरी दुनिया का क्रूड ऑयल निकलता है, इससे ग्लोबल इकोनॉमी में उतार-चढ़ाव बढ़ा है।



अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की ओर से अपनी भारत यात्रा स्थगित करने से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र ने भारत को विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने के लिए नीतियां तैयार की हैं और इसका मकसद न केवल घरेलू बाजार बल्कि निर्यात के लिए भी उत्पादन करना है।

उन्होंने कहा, निवेश आकर्षित करने के लिए नीतियां बनाई गई हैं। हम चाहते हैं कि विनिर्माता और निवेशक यहां आएं और न केवल भारत के लिए नहीं बल्कि निर्यात के लिए भी उत्पादन करें। हम नीतियों के जरिये विनिर्माणकर्ताओं और निवेशकों को आकर्षित करने की कोशिश करेंगे। टेस्ला के सीईओ मस्क ने शनिवार को कहा कि कंपनी की भारी जिम्मेदारियों के कारण उनकी भारत यात्रा में देरी हो रही है।

वित्त मंत्री ने कहा, जब बड़ी कंपनियां भारत आने में दिलचस्पी दिखाएंगी तो हम उनके लिए यहां आकर निवेश करना आकर्षक बनाने की हर संभव कोशिश करेंगे। उस प्रक्रिया में, यदि चर्चा करने के लिए कुछ है, तो हम निश्चित रूप से चर्चा करेंगे। लेकिन हमने जो कुछ किया है, उसे नीतियों के तहत से किया है।

उन्होंने कहा कि जब चीन प्लस वन कई उद्योग विशेषज्ञों के लिए चिंता का विषय बना तो केंद्र सरकार के दृष्टिकोण से मदद मिली। उन्होंने कहा कि नीतियों को इस तरह से तैयार किया गया जिससे भारत को विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के लिए एक आकर्षक स्थान बनाया जा सके।

**मोदी सरकार के दौरान एक महीने को छोड़कर कभी महंगाई ने टॉलरेंस बैंड के पार नहीं गई**

महंगाई पर वित्त मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के दौरान एक महीने को छोड़कर कभी भी महंगाई ने टॉलरेंस की बैंड की ऊपरी सीमा को पार नहीं किया जबकि उससे पहले (2014 से पहले) अर्थव्यवस्था बुरी हालत में थी और महंगाई दहाई अंक में थी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, उस समय (2014 से पहले) किसी को देश से कोई उम्मीद नहीं थी। बहुत कठिन परिश्रम के बाद, हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरे हैं और विश्वास के साथ कह रहे हैं कि हम अगले दो से ढाई साल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

रोजगार के मुद्दे पर सीतारमण ने कहा कि औपचारिक और अनौपचारिक दोनों क्षेत्रों से सटीक आंकड़ों का अभाव है लेकिन केंद्र की पहल से लाखों नौकरियां सुनिश्चित हुई हैं। उन्होंने कहा, ÷डेटा अपर्याप्त है। मैं इस पर गर्व नहीं कह रही हूं बल्कि इसकी कमजोरी को स्वीकार करते हुए यह कह रही हूं। रोजगार के बारे में मैं इतना ही कह सकती हूं कि लोगों और स्टार्टअप्स को अलग-अलग योजनाओं के जरिए जो पैसा (करोड़ों में ) दिया गया है... लोगों को उससे मदद मिली है। अक्टूबर 2022 से नवंबर 2023 के बीच रोजगार मेलों के जरिए मोदी सरकार ने 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी है।÷

बड़ी कंपनियों को माल या सेवाएं प्राप्त करने के 45 दिनों के भीतर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को भुगतान करने के नियम के बारे में पूछे जाने पर, सीतारमण ने कहा कि यह कानून 2007-08 से अस्तित्व में है और नया नहीं है।

# कच्चा तेल 88 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत




**नई दिल्ली। (हि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में लंबे समय से स्थिरता नहीं दिख रही। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 88 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक,दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंड क्रूड 0.18 डॉलर यानी 0.21 फीसदी की उछाल के साथ 87.29 डॉलर प्रति बैरल पर टिका हुआ है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.41 डॉलर यानी 0.50 फीसदी की बढ़त के साथ 83.14 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है।

# रत्न और आभूषणों का निर्यात पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 12.17% घटा

**नई दिल्ली।** जीजेईपीसी के आंकड़ों के बनुसार पिछले वर्ष के 1,76,716.06 करोड़ रुपये (22,046.9 मिलियन अमरीकी डालर) की तुलना में वित्त वर्ष 24 के दौरान कट और पॉलिश किए गए हीरे का कुल निर्यात 25.23 प्रतिशत घटकर 1,32,128.29 करोड़ रुपये (15,966.47 मिलियन अमरीकी डालर) हो गया।



रत्न और आभूषण निर्यात पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 2023-24 के दौरान 12.17 प्रतिशत घटकर 2,65,187.95 करोड़ रुपये (32,022.08 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रह गया। रत्न व आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों से पता चला है कि इसका अमेरिका में उच्च ब्याज दर और चीन की इकोनॉमी में धीमी रिकवरी है।

जीजेईपीसी के अध्यक्ष विपुल शाह ने पीटीआई से कहा, "FY23 में रत्न और आभूषण निर्यात 3,01,925.97 करोड़ रुपये (SD 37,646.17 मिलियन) था। उन्होंने कहा, पिछला वित्त वर्ष सभी उत्पाद श्रेणियों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा। यह स्थिति मुख्य रूप से उच्च ब्याज दरों के कारण अमेरिका में मंदी के कारण बनी, जो इस सेगमेंट में निर्यात के लिहाज से भारत के लिए सबसे बड़ा बाजार है। कोविड-19 के बाद चीन के बाजार में सुधार की गति धीमी है।÷

आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष के 1,76,716.06 करोड़ रुपये (22,046.9 मिलियन अमरीकी डालर) की तुलना में वित्त वर्ष 24 के दौरान कट और पॉलिश किए गए हीरे का कुल निर्यात 25.23 प्रतिशत घटकर 1,32,128.29 करोड़ रुपये (15,966.47 मिलियन अमरीकी डालर) हो गया।

# इंडिगो 21 अप्रैल, 2024 से लखनऊ में सभी घरेलू उड़ानों का संचालन टर्मिनल 3 से करेगा

**नई दिल्ली।** भारत की पसंदीदा एयरलाईन इंडिगो ने घोषणा की है कि लखनऊ में इसकी सभी घरेलू उड़ानें 21 अप्रैल, 2024 से टर्मिनल 3 से संचालित होंगी, और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें टर्मिनल 1 से चलती रहेंगी। इस परिवर्तन के बारे में सभी यात्री पूरी तरह से सूचित रहें, इसके लिए सक्रिय कदम उठाए गए हैं। इंडिगो एसएमएस, कॉल्स, और टिकट रिज़र्वेशन के वक्त दी गई ईमेल्स द्वारा सभी यात्रियों और ट्रैवल एजेंट्स से संपर्क करके इस परिवर्तन की जानकारी दे रहा है।




किसी भी असुविधा से बचने के लिए इंडिगो के यात्री एयरलाईन की वेबसाईट पर जाकर या मोबाईल ऐप द्वारा अपने टिकट का पीएनआर नंबर जाँच लें और एयरपोर्ट जाने से पहले अपने टर्मिनल का पता लगा लें। इंडिगो अपने अतुलनीय नेटवर्क पर किफायती, ऑन-टाईम, विनम्र और सुगम यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। अन्य सवालों व सहायता के लिए 0124 6173838 या 0124 4973838 नंबरों पर हमारी कस्टमर केयर टीम से संपर्क करें।

# एचडीएफसी बैंक का शुद्ध मुनाफा 34% बढ़ा, ब्याज से होने वाली आमदनी में 24.5% का इजाफा




**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक का एकल शुद्ध मुनाफा मार्च को समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर 37.1 प्रतिशत बढ़कर 16,512 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। तिमाही के दौरान इसकी शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 24.5% बढ़कर 29,077 करोड़ रुपये हो गई।

शनिवार को अपने तिमाही नंबरों की घोषणा करते हुए, एचडीएफसी बैंक ने FY24 के लिए प्रति शेयर 19.5 का लाभांश भी घोषित किया। निजी क्षेत्र के ऋणदाता का कोर नेट इंटरेस्ट मार्जिन कुल संपत्ति पर 3.44% और ब्याज़ अर्निंग असेट के आधार पर 3.63% रहा। एचडीएफसी बैंक ने अपनी फाइलिंग में कहा कि अर्थव्यवस्था में ऋणों का माहौल बेहतर बना हुआ है। बैंक का सभी क्षेत्रों में क्रेडिट प्रदर्शन स्वस्थ बना हुआ है। पिछले तिमाही की तुलना जीएनपीए में 1.24% का सुधार हुआ है। बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार उसका नेट एनपीए नेट एडवांस का 0.33% रहा जो एक साल पहले 0.27% और दिसंबर तिमाही में 0.31% था। बैंका रिटर्न ऑन असेट्स यानी आरओए 0.49% रहा जो दिसंबर तिमाही में भी इतना ही था। वहीं, एक साल पहले यह 0.53% था।

आंकड़े जारी करने के साथ एचडीएफसी बैंक के बोर्ड ने एक रुपए के फेस वैल्यु पर 1950 फीसदी यानी 19.5 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड देने का भी ऐलान किया है। इसके लिए 10 मई को रिकॉर्ड डेट तय किया गया है। एजीएम की बैठक में इसपर मुहर लगने के बाद इसे निवेशकों को जारी कर दिया जाएगा। बैंक ने इससे पहले वित्तीय वर्ष 2023 में 19 रुपए का लाभांश दिया था।

## भारत को सतत विकास और निवेश बढ़ाने के लिए सुधार जारी रखने चाहिए, आईएमएफ अधिकारी ने दी सलाह

**नई दिल्ली।** आईएमएफ के अधिकारी ने भारत में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, श्रम कानूनों और कारोबारी माहौल में महत्वपूर्ण निवेश पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्यों को मिलकर सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है ताकि देश अपनी आर्थिक क्षमताओं को साकार कर सके।

आम लोगों के खर्च में इजाफा होने और सार्वजनिक क्षेत्र में निवेश बढ़ाने से भारत सतत विकास की राह आगे बढ़ रहा है। तमाम वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की यह प्रगति बनी हुई है। आईएमएफ की एशिया पैसिफिक विभाग की निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन ने यह दावा किया है। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 6.8त्न विकास दर का आंकड़ा बहुत प्रभावी है और यह आमलोगों के बीच उपभोग और सार्वजनिक संपत्ति में सरकार की ओर से निवेश बढ़ाने के कारण है।

श्रीनिवासन ने कहा कि भारत कोरोना महामारी और हाल के दिनों में पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव जैसी चुनौतियों से सफलतापूर्वक निपटने में सफल रहा है। भारत की वृद्धि क्षमता को स्वीकार करते हुए उन्होंने जनसांख्यिकीय लाभ का पूरी तरह लाभ उठाने के लिए भारत में सुधारों की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। आईएमएफ के अधिकारी ने भारत में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, श्रम कानूनों और कारोबारी माहौल में महत्वपूर्ण निवेश पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्यों को मिलकर सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है ताकि देश अपनी आर्थिक क्षमताओं को साकार कर सके।

# लखनऊ पब्लिक कॉलेज के छात्रों नें फिर लहराया परचम




**लखनऊ।** आज यू.पी. बोर्ड हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के वर्ष 2023-24 के परीक्षा परिणाम जारी किये गये। जिसमें लखनऊ पब्लिक कॉलेज, बी-ब्लाक, राजाजीपुरम शाखा के हाईस्कूल के 61 विद्यार्थियों में 05 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक व इण्टर में 61 छात्र-छात्राओं में 08 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

हाईस्कूल में भैरवी मौर्या ने 92.33% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा आर्ची सिंह 90.67% , आराध्य ईशान तिवारी 90.33%, समीक्षा राजपूत 90.33% और रिया सिंह यादव ने 90.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वहीं इंटरमीडिएट में श्वेता प्रजापति ने 96.60त्न अंक प्राप्त कर उत्तर प्रदेश में सातवाँ तथा राजधानी में दूसरा स्थान प्राप्त किया साथ ही अंजुल कुमार ने 95.80% अंक प्राप्त कर जिले में छठा स्थान, कोकब ने 95.40% अंक प्राप्त कर जिले में आठवाँ स्थान , सौम्या वर्मा ने 95.20% अंक प्राप्त कर जिले में नवाँ स्थान और आर्यन अस्थाना ने 95त्न अंक कर जिले में दसवाँ स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर संस्थापक एवं महाप्रबन्धक डॉ. एस.पी. सिंह ने छात्र - छात्राओं, शिक्षकों, एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा यह परीक्षा परिणाम बच्चों के अथक परिश्रम, शिक्षक शिक्षिकाओं के उचित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के हार्दिक सहयोग से संपन्न हुआ है 7 मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि मेरे सभी छात्र-छात्राएं जीवन में सफलता की बुलंदियों पर पहुचें और देश के जिम्मेदार नागरिक साबित हों।

# उत्तर प्रदेश के माफिया राज को परदे पर प्रदर्शित करेगी फिल्म जौनपुर जंक्शन



**लखनऊ।** चिनहट स्थित गणपति होटल में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान फिल्म जौनपुर जंक्शन का ऐलान किया गया। इस फिल्म का निर्माण और निर्देशन रॉयल रील प्रोडक्शन्स के तहत हो रहा है। इस फिल्म के निर्माता हैं गुर्जीत अरोड़ा और सह-निर्माता हैं मीनाक्षी निज़ाम। फिल्म का निर्देशन जे संतोप कर रहे हैं। इस फिल्म में विपिन तिवारी लाइन प्रोड्यूसर के तौर पर काम कर रहे हैं। जौनपुर जंक्शन की कहानी उत्तर प्रदेश के अपराध इतिहास पर आधारित है, जो किसी अलगाववादी और दिलचस्प पहलू को परिदृश्य में लेकर आती है।

इस अद्भुत प्रोजेक्ट के तहत आज ऑडिशन भी लिए गए, जिसमें कई नए टैलेंटेड अभिनेता और अभिनेत्रियों ने भाग लिया। यह फिल्म न केवल उत्तर प्रदेश की क्रांतिकारी कहानी को दर्शाएगी, बल्कि नई प्रतिभाओं को भी मंच पर लाने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी।

जे संतोष ने कहा, इस फिल्म के माध्यम से हम उत्तर प्रदेश के अपराध इतिहास को सामने लाने के साथ साथ नए प्रतिभाओं को भी मौका देना चाहते हैं।

फिल्म जौनपुर जंक्शन की रिलीज की तारीख और अन्य विवरणों की जल्द ही घोषणा की जाएगी।

# निसान मोटर इंडिया ने बढ़ाया नेटवर्क, देशभर में टचपॉइंट्स की संख्या 270 पर पहुंची

## कनए टचपॉइंट्स में 1 शोरुम, 2 डिस्प्ले सेंटर और बॉडी शॉप के साथ एक सर्विस वर्कशॉप शामिल है

**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने दिल्ली में चार नए कस्टमर टचपॉइंट्स की लॉन्चिंग के साथ नेटवर्क विस्तार की घोषणा की है। नई लॉन्चिंग के साथ देशभर में निसान टचपॉइंट्स की संख्या 270 पर पहुंच गई है। दिल्ली में खोले गए चार टचपॉइंट्स में एक शोरूम, दो डिस्प्ले सेंटर और बॉडी शॉप के साथ एक सर्विस सेंटर शामिल है। नए लॉन्च किए गए टचपॉइंट्स से नई दिल्ली में ग्राहकों को निसान की उच्च गुणवत्ता वाली सेल्स एवं सर्विस का अनुभव होगा। यह ग्राहकों को ध्यान में रखकर निसान के आगे बढ़ने के सफर का उल्लेखनीय पड़ाव है। नए जुबिलेंट निसान शोरूम का उद्घाटन आज निसान इंडिया ऑपरेशंस के प्रेसिडेंट श्री फ्रैंक टोरेस और निसान मोटर इंडिया के एमडी श्री सौरभ वत्स ने किया। अनुभवी पेशेवरों की समर्पित टीम के साथ डीलरशिप का उद्देश्य अनूठी सर्विस प्रदान करना और यह सुनिश्चित करना है कि ग्राहकों को हर पड़ाव पर सर्वश्रेष्ठ संभव मदद मिले। नए टचपॉइंट्स से निसान की पहुंच बढ़ेगी और सभी ऑटोमोटिव जरूरतों के लिए वन-स्टॉप शॉप प्रदान करते हुए ग्राहकों को अद्वितीय मूल्य प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को भी मजबूती मिलेगी। इससे ब्रांड की व्यापकता बढ़ेगी और ग्राहकों के लिए पहुंच सुलभ होगी।




निसान इंडिया ऑपरेशंस के प्रेसिडेंट श्री फ्रैंक टोरेस ने कहा, 'नए कस्टमर टचपॉइंट्स जोड़ने की यह पहल ग्राहकों को हर कदम पर सर्वश्रेष्ठ सर्विस प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाती है। ग्राहकों के अनुभव को बेहतर करने पर फोकस करना हमारे हर फैसले के केंद्र में रहता है। हम आगे भी अपने ग्राहकों को अनूठी मदद एवं संतुष्टि प्रदान करते रहेंगे और भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत करेंगे।'

निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने कहा, 'नए कस्टमर टचपॉइंट्स के साथ अपना फुटप्रिंट बढ़ाते हुए हम ग्राहकों के अनुभव को बेहतर करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी मजबूती दे रहे हैं। यह उपलब्धि अपने ग्राहकों एवं महत्वपूर्ण सहयोगियों को अनूठा सपोर्ट प्रदान करने के हमारे प्रयासों का प्रमाण है। हम अपने नए केंद्रों पर ग्राहकों का स्वागत करते हैं और उनके साथ लंबे एवं अर्थपूर्ण संबंध की उम्मीद करते हैं।'

मोती नगर, नई दिल्ली में जुबिलेंट निसान शोरूम 5500 वर्ग फीट में बना है। वहीं प्रशांत विहार और द्वारका में क्रमशः 2800 वर्ग फीट और 2000 वर्ग फीट में डिस्प्ले सेंटर बनाए गए हैं। इसके अलावा रामा रोड पर सर्विस सेंटर और बॉडी शॉप एक-दूसरे के पास ही क्रमशः 7250 वर्ग फीट और 7950 वर्ग फीट में बनाए गए हैं।

निसान मोटर इंडिया 'फिजिटल' डिस्ट्रीब्यूशन अप्रोच के आधार पर परिचालन कर रही है, जिससे ग्राहकों को उनकी सभी जरूरतों के लिए वन-स्टॉप सॉल्यूशन मिलता है। इससे सुगम और सुविधाजनक अनुभव सुनिश्चित होता है, जिसमें ऑफलाइन एवं ऑनलाइन पेमेंट ऑप्शन को इंटीग्रेट किया गया है, जिसका लाभ ग्राहक अपनी पसंद के शोरूम पर ले सकते हैं।

# हाईस्कूल में सालोनी तो इंटर में फैजान ने टॉप किया

## सालोनी का 97.17 प्रतिशत व फैजान को मिला 97 प्रतिशत अंक



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा परिणाम शनिवार को अपरान्ह 2 बजे घोषित हुआ। हाई स्कूल में स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज खड्डा की छात्रा सालोनी जायसवाल ने 96.17 प्रतिशत अंक पाकर जिला टॉपर बनी तो वही जेपी इंटर कालेज कप्तानगंज के मेधावी छात्र फैजान अली अंसारी ने 97 प्रतिशत अंक लेकर जिला टॉप किया है। बता देंकि हाई स्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षा संपन्न होने के बाद छात्र परिणाम आने का इंतजार कर रहे थे।

शनिवार 20 अप्रैल को रिजल्ट घोषित होने के बाद छात्रों में खुशी का माहौल था। सभी लोग साइबर कैफे या एंड्रायड मोबाइल पर अपना परिणाम देखते नजर आए और अपने सगी संबंधितों को सूचना देते रहे। सभी मेधावी छात्रों को घर व विद्यालय में बुलाकर मुंह मीठा कराया गया और सम्मानित भी किया गया। कोई इंजीनियर तो कोई डाक्टर, आई एएस तो कोई आईपीएस बनना चाहते है। इंटरमीडिएट में जिला टापर फैजान अली अंसारी-97.00 प्रतिशत अंक 485-500, रवि शर्मा-96.60 अंक 483-500, आंकाक्षा गुप्ता- 96.60 अंक 483-500, अनुराग 96.40 अंक 482-500, शहबाज अली-96.40 अंक 482-500, तनु मिश्रा-96.00 अंक 480-500, श्रेया कुशवाहा-95.60 अंक 478-500, पंकज-95.40 अंक 477-500, शिवा कुशवाहा-95.40 अंक 477-500, गोल्डी सिंह-95.40 अंक 477-500 जबकि हाईस्कूल में जिला टापर, सलोनी जायसवाल, 97.17 अंक-583-600, कुमारी आयुषी गुप्ता-97.00 अंक-582-600, पुष्कर चौहान-96.17 अंक-577-600, श्रेयांश उपाध्याय-95.50 अंक-573-600, अतिरा अली-95.33- अंक 572-600, प्राची शर्मा-95.17- अंक 571-600, ज्ञानेंद्र शर्मा-95.17 अंक 571-600, सुमैया-95.17 अंक 571-600, अदिति शर्मा-95.00 अंक-570-600, जय करण भारती-95.00 अंक-570-600 शामिल है। इसी प्रकार एस बी इंटर कालेज के मेधावी छात्रों ने सफलता का परचम लहराया है। जिसमें सृष्टि ने 91 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आंचल गुप्ता 89.83 प्रतिशत पाकर द्वितीय व अंजेश 87.50 प्रतिशत पाकर तृतीय स्थान पर रहे।

### इंटरमीडिएट में जिला टापर

| | | |
|---|---|---|
| 1- | फैजान अली अंसारी- | 97.00 प्रतिशत अंक 485-500 |
| 2- | रवि शर्मा- | 96.60 अंक 483-500 |
| 3- | आंकाक्षा गुप्ता- | 96.60 अंक 483-500 |
| 4- | अनुराग | 96.40 अंक 482-500 |
| 5- | शहबाज अली- | 96.40 अंक 482-500 |
| 6- | तनु मिश्रा- | 96.00 अंक 480-500 |
| 7- | श्रेया कुशवाहा- | 95.60 अंक 478-500 |
| 8- | पंकज- | 95.40 अंक 477-500 |
| 9- | शिवा कुशवाहा- | 95.40 अंक 477-500 |
| 10- | गोल्डी सिंह- | 95.40 अंक 477-500 |

### हाईस्कूल में जिला टापर

| | | |
|---|---|---|
| 1- | सलोनी जायसवाल, | 97.17 अंक-583-600 |
| 2- | कुमारी आयुषी गुप्ता- | 97.00 अंक-582-600 |
| 3- | पुष्कर चौहान- | 96.17 अंक-577-600 |
| 4- | श्रेयांश उपाध्याय- | 95.50 अंक-573-600 |
| 5- | अतिरा अली- | 95.33- अंक 572-600 |
| 6- | प्राची शर्मा- | 95.17- अंक 571-600 |
| 7- | ज्ञानेंद्र शर्मा- | 95.17 अंक 571-600 |
| 8- | सुमैया- | 95.17 अंक 571-600 |
| 9- | अदिति शर्मा- | 95.00 अंक-570-600 |
| 10- | जय करण भारती- | 95.00 अंक-570-600 |

### 12वी में फैजान ने बनाया यूपी में पांचवा और कुशीनगर में प्रथम स्थान

**कप्तानगंज, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित जेपी इंटरमीडिएट कॉलेज के बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी सफलता का परचम बुलंद किया है जेपी इंटरमीडिएट कॉलेज के इंटरमीडिएट में पढ़ने वाले फैजान अली अंसारी ने 97 प्रतिशत पाकर उत्तर प्रदेश में पांचवा स्थान और कुशीनगर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना तथा अपने परिवार का नाम रोशन किया है। 12वीं के ही विद्यार्थी आशिक अली ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर कुशीनगर जनपद की मेरिट में सातवां स्थान प्राप्त किया है। वही अजय कुमार ने 94 प्रतिशत संस्कार कुमार गौड़ ने 94 प्रतिशत कार्तिकेय मिश्रा ने 93.6 प्रतिशत आकर्षिका सिंह ने 92.8 प्रतिशत अंजलि ने 90.6 प्रतिशत और आलोक कुमार निषाद ने 90 प्रतिशत प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। हाई स्कूल वर्ग में शिवानी सिंह ने 93.16 प्रतिशत मनीष सिंह ने 92.16 प्रतिशत दीपक साहनी ने 91.83 प्रतिशत धनंजय गुप्ता ने 91.66 प्रतिशत धीरज ने 90 प्रतिशत प्राप्त कर अपने परिश्रम और लगन का परिचय दिया है। बच्चों के इस शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीराम प्रसाद ने कहा कि यह परीक्षा परिणाम विद्यालय के शिक्षकों के परिश्रम के साथ-साथ बच्चों के लगन को समर्पित किया जा सकता है निश्चित रूप से यूपी बोर्ड में सफलता का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन बच्चों के भविष्य को सुनहरी दिशा में ले जाने वाला होगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विनय प्रकाश गोंड़ ने भी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावकों के साथ-साथ उप प्रधानाचार्य विशंभर प्रसाद डॉक्टर चंदन कुमार गौड़ रणजीत सिंह सगीर अहमद मुकेश कुमार सायम आज़मी केदारनाथ शर्मा अखिलेश सिंह परदेसी प्रजापति महताब आलम वीरेंद्र पटेल जितेंद्र सिंह रितेश शर्मा बिंदेश्वरी मल्ल विनोद कुमार यादव रविंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## इंजीनियर बनना चाहते हैं शिवम रावत, जिले में मिला सातवां स्थान

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** मोतीचक विकास खंड के झांगा में स्थित श्री केदारनाथ ओझा इंटरमीडिएट कॉलेज के मेधावी छात्र शिवम रावत ने इंटर में जिले में सातवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वह कक्षा 12वीं का छात्र है। टॉप टेन में अपना नाम दर्ज कराकर विद्यालय परिवार सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बता दे कि शिवम रावत पुत्र लवकुश रावत केदारनाथ ओझा इंटर कालेज में मेधावी के साथ साथ अनुशासन का परिचय देते हुए घर पर नौ घंटे पढ़ाई करता था। बोर्ड परीक्षा 2024 में 475/500 में 95 फीसदी अंक प्राप्त कर जिले के टॉपरों में सातवे स्थान प्राप्त किया। शिवम राव इंजीनियरिंग के क्षेत्र में पढ़ाई कर देश की सेवा करना चाह रहे हैं। इन्होंने सफलता का श्रेय अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ओझा, राजेश सिंह, राहुल दुबे, व समस्त विद्यालय परिवार सहित अपने माता-पिता को दिया है।



शिवम रावत को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य प्रमोद ओझा

## राधिका देवी इंटरमीडिएट कॉलेज के मेधावियों ने लहराया परचम



राधिका देवी इंटर कालेज के मेधावी छात्र

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** श्रीमती राधिका देवी इंटरमीडिएट कालेज के बच्चों ने यूपी बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

हाईस्कूल संवर्ग में कृष्णा जायसवाल 92.83 प्रतिशत तथा अनुराग सिंह ने जहां 91.83 प्रतिशत अंक पाकर अपना तथा अपने माता पिता का मान बढ़ाया है। वहीं इण्टर मीडिएट संवर्ग में लक्ष्मण वर्मा ने 91.2 प्रतिशत अंक तथा अमृता शर्मा ने 90 प्रतिशत अंक पाकर अपनी सफलता का अद्वितीय प्रदर्शन किया है। इसके अतिरिक्त हाईस्कूल में आफरीन खातून ने 91 प्रतिशत, आकृति पांडेय 90.33 प्रतिशत, अंशिका चौबे 86 प्रतिशत, सॉवरिन ने 85 प्रतिशत, के साथ अन्य सैकडों विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक अर्जित कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। वही इंटर मीडिएट संवर्ग में आलोक गुप्ता - 89 व पल्लवी राव 87 प्रतिशत, संजना सिंह - 85.8 प्रतिशत, सपना पटेल - 85 प्रतिशत, रिया मिश्रा 84.6, मोहन विश्वकर्मा 84.6 प्रतिशत सिया पटवा - 84.4, नितेश यादव 83.6 प्रतिशत, आकांक्षा सिंह 83 प्रतिशत, आरिफा प्रवीण 83 प्रतिशत, मंटू यादव 82.6 रेनू चौहान 82 प्रतिशत अंक पाकर अपने परिश्रम और शिक्षक के लगन के मेहनत का लोहा मनवाये है। इस बेहतरीन परीक्षा परिणाम पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामदरश सिंह ने कहा कि परिश्रम और लगन ही सफलता की कुंजी है। जो भी विद्यार्थी सम्पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई करता है वह अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करता है। इस अवसर पर प्रबन्धक नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर अभिनंदन करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर प्रहलाद श्रीवास्तव, अफताब आलम, रंजीत सिंह, सईद अहमद, ओमकार सिंह, कमलभान सिंह, मनोज श्रीवास्तव, रामनरेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा



**भेंटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के पूरे रामचरन माल तिवारी का पुरवा सरुवांवा गांव में शनिवार को श्रद्धालुओं ने श्रीमद् भागवत कथा की कलश यात्रा निकाली। जिसमे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ही धार्मिक गीतों के बीच हर कोई आस्था में डूबा नजर आया। गाजे-बाजे के साथ प्रवाचक विपिन शुक्ल के नेतृत्व में कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल से चलकर परतोष तिराहे पर स्थित शिव मंदिर पर पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद जल भरकर कलश यात्रा पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा में पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। कार्यक्रम स्थल पर यजमान त्रिवेणी प्रसाद तिवारी व मिथिलेश तिवारी नैवेद्य विधान से पूजा अर्चना की। यात्रा में सूर्यनारायण तिवारी सुभाष तिवारी बृजेश तिवारी शिव सागर तिवारी सुनील तिवारी शिवम तिवारी आदि शामिल रहे।

## पोलिंग बूथों का स्थलीय व भौतिक सत्यापन किया गया



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी देवरिया एवं पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में विद्यालयों एवं पोलिंग बूथों का स्थलीय/भौतिक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी देवरिया अखण्ड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक देवरिया संकल्प शर्मा के द्वारा सर्किल नगर के थाना तरकुलवा क्षेत्रान्तर्गत आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत पोलिंग बूथों का स्थलीय व भौतिक सत्यापन किया गया एवं विद्यालयों में कमरों की संख्या, साफ-सफाई की व्यवस्था, शौचालय आदि का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी व सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

## अज्ञात कारणों से लगी आग में लाखों की क्षति

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** तरता सुजान थाना क्षेत्र के ग्राम जवही हरबलम में अज्ञात कारणों से लगी आग में करोड़ों का नुकसान हो गया कई रिहायशी झोपड़ियां जलकर खाक हो गई तो वहीं आग खेतों में फैलने से फसलों के जलने के साथ ही सागौन के हरे पेड़ जलकर झुलस गए तेज हवाओं के बहने के कारण आग बांस के कोठ में में पहुंच गया जिससे लाखों की क्षति हुई। मौके पर दमकल नहीं पहुंच सका। जिसको लेकर लोगों में काफी आक्रोश रहा पुलिस प्रशासन भी मौके पर समय से नहीं आया लोगों ने मिलजुल कर आग बुझाने का प्रयास किया तब तक अपूर्णीय क्षति हो चुकी थीं। तो वहीं तमकुही राज थाना क्षेत्र के राज हाईवे इंडियन ऑयल पंप के बगल में बाबा होटल व टायर की दुकान में भीषण आग लग गई। टायर की जलती हुई चाकू के कारण आसमान में धुएं के काले बादल की अंबार लग गई जिसको देखकर हर कोई हतप्रभ और भयग्रस्त रहा। मौके पर उपस्थित लोगों ने आज पर काबू पाया और स्थानीय प्रशासन को सूचित कर आर्थिक सहायता हेतु कार्यवाही की मांग किया। इसी प्रकार कसया थाना क्षेत्र के ग्रामपंचायत अन्ध्या में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से लाखों की क्षति हुआ वही एक भैंस झुलस गई। पशु को घर से निकालने गए पशु पालक भी बुरी तरह से झुलस गए। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामवासी मैनेजर शर्मा, रविंद्र शर्मा, सत्यवान शर्मा पुत्र ललिता शर्मा के फूस की मकान में दिन के लगभग 12 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गया।

## प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयसीमा में निस्तारण हो

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात सामान्य प्रेक्षक डा. सी.आर. प्रसन्ना ने कलैक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुये कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी को आदेशित करते हुये कहा कि निर्वाचन के सम्बन्ध में जो भी शिकायतें प्राप्त हों, उनका समयबद्ध, गुणवत्तापरक निराकरण भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुये किया जाये, राजनैतिक दलों, उम्मीदवारों को समय से अनुमति प्रदान की जाये, सुविधा पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का भी निर्धारित समयसीमा में निस्तारण हो, सुनिश्चित किया जाये। उन्होने जनपद के मतदाताओं, नागरिकों से कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति, मतदाता को लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में कोई शिकायत, समस्या हो तो वह प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक ट्रांजिट हॉस्टल सभागार निकट पुलिस लाइन पर सम्पर्क कर अपनी समस्या संज्ञान में ला सकते हैं।

## इंटरमीडिएट में गुलाब चौहान और हाईस्कूल में सौरभ सिंह ने जिले में बाजी मारी

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम शनिवार को अपरान्ह 2 बजे घोषित हुआ। परीक्षा परिणाम जानने को बच्चे और उनके अभिभावक काफी उत्सुक नजर आए। सुबह से ही परीक्षा परिणाम को लेकर लोगों में कौतूहल बना रहा।

जैसे ही दोपहर बाद 2 बजे लोग मोबाइल इंटरनेट कंप्यूटर लैपटॉप पर परीक्षा परिणाम खोजने लगे। इंटरमीडिएट की परीक्षा में श्री शिव प्रताप इंटर कॉलेज अमेठी के छात्र गुलाब चौहान ने 482 अंक पाकर जिले में अव्वल स्थान हासिल किया है। जिले की मेरिट सूची इस प्रकार से है गुलाब चौहान 482 अंक श्री शिव प्रताप इंटर कॉलेज अमेठी। विवेक पटेल 481 अंक आदर्श पब्लिक इंटर कॉलेज बहादुरपुर।अंजली चौरसिया 479 अंक राजा विश्वनाथ शरण इंटर कॉलेज तिलोई। जसवंत कुमार 478 श्री शिव प्रताप इंटर कॉलेज अमेठी।श्रेया तिवारी 478 अंक जे एन मौर्य साइंस इंटर कॉलेज मुबारकपुर जगदीशपुर। आकांक्षा मिश्रा 477 अंक प्रमोद आलोक इंटरमीडिएट कॉलेज प्रमोद नगर मंगलपुर अमेठी। शुभम कुमार वर्मा 476 अंक सरयू देवी सरस्वती विद्या मंदिर अमेठी। सुमित तिवारी 476 अंक अशोक सिंह इंटर कॉलेज बाबूपुर गौरीगंज। मोहम्मद अयान 476 अंक सिटी पब्लिक इंटर कॉलेज बहादुरपुर जायस। हर्ष पांडे 474 अंक श्री शिव प्रताप इंटर कॉलेज अमेठी। श्रद्धा दुबे 474 अंक श्री बेंचु सिंह कनपुरिया इंटर कॉलेज जनापुर जामो। प्रिया साहू 473 अंक जनता इंटर कॉलेज अहाद अमेठी। पिंकी यादव 473 अंक जंग बहादुर सिंह इंटर कॉलेज ककवा अमेठी। अभय प्रताप सिंह 473 अंक जेबीबीडीआईसी अलीपुर अमेठी। गरिमा गुप्ता 472 अंक विश्व भारती वी बिहार इंटर कॉलेज शाहमऊ अमेठी। विनीता 472 अंक श्री बेचू सिंह कनपुरिया इंटर कॉलेज जनापुर जामो। सूरज 471 अंक सरस्वती शिक्षा मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्राम भारती परतोश अंशिका यादव 471 अंक सरस्वती शिक्षा मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्राम भारती परतोश अनुपम यादव 471 अंक जंग बहादुर सिंह इंटर कॉलेज ककवा अमेठी।वही हाई स्कूल की परीक्षा का परिणाम भी काफी रोचक रहा। श्री रणंजय इंटर कॉलेज गौरीगंज के हाईस्कूल के छात्र सौरभ सिंह ने 578 पाकर हाईस्कूल परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। आराधना शुक्ला ने 574 और अबू ज़ैद ने 572 अंक हासिल किए। सरयू देवी सरस्वती विद्या मंदिर अमेठी की छात्रा प्राची सिंह ने 570 अंक हासिल किए। इसी कॉलेज की सृष्टि सिंह ने 567 आंधी गुप्ता ने 567 सारस्वत शुक्ला ने 560 मान्या सिंह ने 559 अंक हासिल किया।



> यूपी बोर्ड की परीक्षा का परिणाम पाकर चहक उठे बच्चे

## बीएसए ने संचालित विभिन्न गैर मान्यता प्राप्त संचालित विद्यालयों का निरीक्षण कर बंद कराया

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने जनपद के विकासखंड गौरी बाजार एवं बैतालपुर में संचालित विभिन्न गैर मान्यता प्राप्त संचालित विद्यालयों को बंद कराया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रातः 8.30 बजे अनमोल पब्लिक स्कूल मठवाल गिरी (केशव बारी) शिव टोला, नहर तट पर विकास खण्ड गौरी बाजार को बंद कराया गया है, जिसमें प्रबंधक / प्रधानाचार्य की उपस्थिति में विद्यालय में ताला बंद कर दिया गया। 9 बजे गैर मान्यता प्राप्त संचालित विद्यालय जे डी अभ्यास एकेडमी, मठवाल गिरी चरियांव खास विकास खण्ड गौरी बाजार विद्यालय को बंद कराया गया।

प्रबंधक नित्यानंद यादव की उपस्थिति में विद्यालय में तालाबंदी कराई गई। 9ः 30 बजे ए0डी0 पब्लिक स्कूल, गुलरिया बाजार, विकासखंड बैतालपुर में ताला बंद करने की कार्यवाही की गई। यहां पर पूर्व में विद्यालय बन्द करने हेतु खंड शिक्षा अधिकारी बैतालपुर के द्वारा नोटिस चश्पा कराया गया था, परंतु आज 20 अप्रैल 2024 को विद्यालय संचालित था जिसके क्रम में पुनः विद्यालय को नोटिस दिया गया। उन्होंने कहा कि विद्यालय संचालक पर कठोर कार्यवाही की जाएगी तथा विद्यालय में ताला बंद कर दिया गया है। पूर्वाह्न 10 बजे गैर मान्यता प्राप्त आर0के0एल0एम0 विद्यालय गुलरिया बाजार विकास खंड बैतालपुर का निरीक्षण किया गया। विद्यालय को पूर्व में खंड शिक्षा अधिकारी बैतालपुर के द्वारा नोटिस देकर बंद करा दिया था। मौके पर विद्यालय बन्द पाया गया। 10ः30 पर आर0 एस0 एकेडमी रामपुर विकासखंड बैतालपुर में गैर मान्यता प्राप्त संचालित विद्यालय को बंद कराया गया। पूर्व में विद्यालय बन्द करने हेतु खंड शिक्षा अधिकारी बैलालपुर के द्वारा नोटिस चश्पा कराया गया था, परंतु आज विद्यालय संचालित था जिसके क्रम में पुनः विद्यालय को नोटिस दिया गया तथा विद्यालय संचालक पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। विद्यालय में ताला बंद करा दिया गया।



## बोर्ड की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर बच्चों ने बढ़ाया अपने कॉलेज का मान

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** उपनगर गोला के बनकटा गांव में स्थित स्व ज्ञान दास राय इंटरमीडिएट कॉलेज के बच्चों ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के बोर्ड परीक्षा 2024 में हाई स्कूल की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर कालेज का बढ़ाया मान। मेंधावी बच्चों में आयुषी गुप्ता 90.16 प्रतिशत अनुष्का यादव 90 प्रतिशत खुशी चौहान 89 प्रतिशत अंकिता 88 प्रतिशत प्रिया गौतम 87 प्रतिशत कशिश 86.5 प्रतिशत तन्नू राव 85 प्रतिशत अमरजीत मौर्य 84 प्रतिशत रितिका दुबे 84 प्रतिशत दिशा यादव 83 प्रतिशत दिव्या सिंह राव 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज सहित माता पिता तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम आने के बाद इस उपलब्धि पर कालेज के सभी सफल बच्चों व उनके अभिभावको ने अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर बच्चों ने इस उपलब्धि पर माता-पिता के आशीर्वाद तथा प्रबंधतंत्र की सराहनीय प्रयास व गुरूजनों के परीश्रम तथा कठिन मेहनत का परिणाम बताया। रिजल्ट के बाद छात्रों के साथ स्कूल प्रशासन भी बहुत खुश है। स्कूल के प्रबन्धक अनिल राय ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इनकी सफलता पर कॉलेज के प्रबंध निदेशक सौरव राय प्रधानाचार्य आशुतोष तिवारी, रमाकांत राय सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने खुशी का इजहार करते हुए बधाई दी।




## जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में मतदान कार्मिकों का सम्पन्न हुआ प्रथम रेण्डमाइज़ेशन

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन प्रकिया को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण ढंग से सुव्यवस्थित सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एनआईसी) में माइक्रो ऑब्ज़र्वर, पीठासीन अधिकारी तथा प्रथम मतदान अधिकारी का प्रथम रेण्डमाइज़ेशन सम्पन्न हुआ।

मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 436 माइक्रो ऑब्ज़र्वर, 3186 पीठासीन अधिकारी तथा 3186 प्रथम मतदान अधिकारी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जनपद में 1575 मतदान केंद्रों पर 2514 बूथ बनाये गए हैं। कुल आवश्यकता का 125 प्रतिशत कार्मिकों का रेंडमाइजेशन किया गया है। पीठासीन अधिकारी तथा प्रथम मतदान अधिकारियों को 29 अप्रैल से 5 मई तक दो पालियों में इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय टाउनहॉल में प्रथम प्रशिक्षण कराया जाएगा। प्रशिक्षण कार्य को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सम्पन्न कराये जाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। डीएम ने सीडीओ व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिकों के मोबाइल नम्बर व उनके बैंक खातों का सत्यापन कर लिया जाय ताकि सम्पर्क करने इत्यादि में किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत चुनाव में लगे मतदान कार्मिकों की ड्यूटी आदेश निर्गत किया जाएगा। द्वितीय रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर की उपस्थिति में किया जाएगा। डीएम ने कड़े निर्देश दिए है कि समस्त विभागाध्यक्ष चुनाव में लगे अपने-अपने विभाग के कर्मचारियों को निर्वाचन ड्यूटीआदेश तमीला कराते हुए इसकी सूचना नोडल अधिकारी कार्मिक को प्रदान करेंगे। सभी मतदान कार्मिक होने वाले प्रशिक्षण में प्रतिभाग करेंगे। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रथम प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी ही प्रतिभाग करेंगे। प्रशिक्षण स्थल पर समय से 1 घंटे पूर्व उपस्थिति दर्ज करानी होगी। उन्होने यह भी कहा है कि निर्वाचन कार्यो में किसी भी प्रकार की शिथिलता/अनुपस्थिति लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 का उल्लंघन माना जायेगा और ऐसे अनुपस्थित व शिथिल कार्मिकों के विरुद्ध एफआइआर दर्ज कराते हुए कठोर दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।



> 29 अप्रैल से 5 मई तक दो पालियों में पीठासीन अधिकारी तथा प्रथम मतदान अधिकारियों का होगा प्रशिक्षण

## महिलाओं का सम्मान भाजपा सरकार के सर्वोच्च प्राथमिकता : अनिल गुप्ता



**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाटपार रानी उपनगर स्थित भारतीय जनता पार्टी के कैंप कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की बैठक मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा माला देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। महिला मोर्चा गोरखपुर की क्षेत्रीय अध्यक्ष अमिता गुप्ता ने कहा कि केंद्र की मोदी एवं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने महिलाओं के हित में दर्जनों फैसले लिए हैं जिसका लाभ महिलाओं को मिल रहा है उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं का जीवन संवर रहा है। भाजपा सरकार में महिलाओं को सम्मान एवं सुरक्षा मुहैया हुआ है। महिला मोर्चा सलेमपुर लोकसभा की प्रभारी संगीता वर्मा ने कहा कि महिला मोर्चा की बहने केंद्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के जन कल्याणकारी कार्यों को घर-घर पहुंचने का कार्य करें। भाजपा नेता व पूर्व विधान सभा प्रत्यासी जयनाथ कुशवाहा गुड्डन ने कहा कि उत्तर प्रदेश में चल रही योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने महिलाओं को भय मुक्त वातावरण उपलब्ध कराने का कार्य की है। विधानसभा प्रभारी अजय उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, राशन कार्ड सहित तमाम योजनाओं में सरकार ने महिलाओं को मुखिया बनाने का ऐतिहासिक कार्य की है। बैठक में प्रमुख रूप से भारती शर्मा, निर्मला गौतम, विनती सिंह, मधु जायसवाल, सुनीता सिंह, माला पटेल, अनीता देवी, कंचन देवी, अंजना देवी, दिलावती देवी, इंद्रावती देवी, भाजपा नेता संतोष पटेल, अवधेश कुशवाहा, लोकसभा विस्तारक नीतीश चौबे, सुनील कुमार, विशाल गुप्ता, मारुति नंदन उपस्थित थे।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में मौदहा के छात्र छात्राओं ने मारी बाजी

अवधनामा संवाददाता

- प्रधानाचार्य ने मुंह मीठा कर दी बधाई

**मौदहा हमीरपुर।** शनिवार के दिन दोपहर में जारी हुए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के नतीजों में मौदहा के मेधावियों का दबदबा जनपद में कायम रहा।मौदहा के छात्र छात्राओं ने सार्वधिक अंक प्राप्त कर कालेज टॉप करते हुए अपनें परिवार, अपनें कालेज तथा मौदहा का नाम रौशन किया। अपनें छात्रों की कामयाबी पर अध्यापकों सहित परिवारजनों ने मेधावियों को मीठाई खिलाफ बधाई दी है। जनपद का मशहूर व मारूफ इदारा रहमानियां इंटर कालेज का नतीजा बहुत शानदार रहा। रहमानियां की 12वीं कक्षा की छात्रा कहकशां ने 89.8 प्रतिशत अंक के साथ कालेज टाप किया है तो उम्मेयुसरा ने 87 प्रतिशत अंक के साथ कालेज में दूसरा स्थान प्राप्त किया, रिदा बानो ने 86.2 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा, अलफिया इरशाद व सैफ उद्दीन ने 86 प्रतिशत के साथ चौथा एवं फिजा परवीन ने 85.8 प्रतिशत अंक के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया । रहमांनियां की 10वी कक्षा में राधे वर्मा ने 89.83 के साथ कालेज टाप किया है तो अक्शा इमाम ने 85 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा व अयान इकबाल ने 84 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है। सेंटपाल इंटर कालेज में 10वीं कक्षा की अर्जुमानी ने 93.33 अंक प्राप्त कर कालेज टॉप किया। इसी तरह



दिव्यांश गुप्ता ने 93.16 के साथ दूसरा तो अनुष्का सिंह और हुजैफा रसूल ने 92.66 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं इसी कालेज मे 12वीं कक्षा की दक्षी शुक्ला ने 88.4 प्रतिशत के साथ प्रथम, शिवेंद्र नाथ अवस्थी 87 के साथ दूसरे तथा प्रियांशी कश्यप 86.8 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। पंडित दीनदयाल इंटर कालेज में 10वीं की मुस्कान ने 91.6 प्रतिशत के साथ प्रथम, नम्रता प्रजापति ने 91.5 के साथ द्वितीय व जयंती गुप्ता ने 88.16 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं 12वीं में आरती प्रजापति ने 91 प्रतिशत के साथ प्रथम, सीबी द्विवेदी ने 90.2 के साथ द्वितीय एवं स्नेहापाल ने 88.2 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है। नेशनल इंटर कालेज में 10वीं कक्षा के शिवशंकर ने 85.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह 12वीं में नैतिक गुप्ता ने 91.6 प्रतिशत के साथ प्रथम, शिवानी 87.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं अंजली कश्यप ने 86.5 प्रतिशत अंक के साथ कालेज में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। गांधी इंटर कालेज में 12वीं कक्षा में कपिध्वज ने 92.4 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, उत्तम गुप्ता ने 89.2 प्रतिशत के साथ दूसरा एवं अमन कुमार ने 88.4 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त कर कालेज टॉप किया है। हाईस्कूल की कृति देवी ने 90.5 अंक के साथ कालेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रहमानिया इंटर कालेज की प्रधानाचार्या डॉ रजिया सुल्ताना ने उत्तीर्ण हुए सभी मेधावियों का मुंह मीठा कराकर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# 100 व्यापारियों को टैक्स जमा करने की नोटिस

## ग्यारह सौ लोगों को किया चिन्हित,वसूली से जिला पंचायत को होगा लाभ

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिला पंचायत ने अपनी आय में वृद्धि करने के लिए 20 साल बाद शासनादेश के तहत छोटे-बड़े सभी दुकानदारों पर व्यवसाय कर लगाकर दुकानदारों को नोटिस जारी किया है।वर्तमान में ग्यारह सौ कर दाताओं को चिन्हित भी किया जा चुका है। तीन हजार कर दाता है जिनमें कर वसूली की जाएगी। सभी से कर वसूलने के बाद जिला पंचायत विभाग को एक करोड रुपए की आय होने का अनुमान है। फिलहाल अभी तक दस लाख रुपए टैक्स वसूली की जा चुकी है। जिला पंचायत विभाग के कार्य अधिकारी शत्रुघन प्रसाद वर्मा ने बताया कि शासनादेश के मुताबिक आर्टिकल 279 के तहत जिले में दुकानदारों से टैक्स वसूलने का प्रावधान है। मगर विभाग में कर्मियों की कमी के कारण टैक्स वसूली का अभियान गति नहीं पकड़ पा रहा था। अब विभाग ने टैक्स वसूलने के काम में तेजी लाने का मन बनाते हुए इस पर काम करना शुरू कर दिया है। पेट्रोल पंप, रिमझिम,हिंदुस्तान लीवर, जेके सीमेंट समेत कई प्रतिष्ठानों ने टैक्स देना भी शुरू कर दिया है। वहीं शासन ने हर व्यवसाई का टैक्स निर्धारण कर दिया है। शराब की दुकानों में टैक्स न देने के कारण उनको नोटिस जारी किया गया है। इस प्रकार कई दुकानदार ऐसे हैं जिन्हें नोटिस जारी कर टैक्स देने को कहा गया है।अगर दुकानदार टैक्स नहीं देता तो उसके खिलाफ कार्यवाही करने का भी प्रावधान है। जिले में तीन हजार कर दाता है। जिसमें फिलहाल ग्यारह सौ लोगों को चिन्हित कर उनसे टैक्स वसूला जाएगा। बाद में धीरे-धीरे सभी तीन हजार कर दाताओं से टैक्स लेने की योजना बनाई गई है। वहीं भवन नक्शा बनाने का प्रावधान है। वह जिला पंचायत ने पास कराना होता है। धीरे-धीरे लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिला पंचायत के कार्य अधिकारी ने बताया कि विभागों में जाकर संपर्क किया जा रहा है। शासनादेश के तहत टैक्स देने के लिए अधिकारियों से कहते हैं। कार्य अधिकारी का कहना है कि जिला पंचायत ग्रामीण को सुविधाए मुहैया कराती है।हालांकि इतने दिन बाद उद्यमियों से टैक्स वसूल करने में काफी समस्या आ रही है। मगर लोग धीरे-धीरे जागरूक हो रहे हैं।

# दिव्यांगों ने प्रथम मतदान करने का लिया संकल्प

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** आज स्वीप कार्यक्रम में आयोजित दिव्यांग मतदाताओं की संकल्प गोष्ठी में बोलते हुए खालिद अंजुम उप जिलाधिकारी निर्वाचन ने कहा कि ÷ आप सभी बुन्देलखण्ड की गर्मी को मात देते हुए अपने अपने बूथ पर प्रथम वोट डाले तथा अमिट स्याही के साथ सेल्फी और समाज को मतदान का महत्व बताएं जिला दिव्यांग शसक्तीकरण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने कहा कि आपका एक वोट देश का भाग्य बदल सकता है आज सम्पन्न हुई दिव्यांग मतदाताओं की जागरूकता गोष्ठी मे प्रतिभागी जनपद हमीरपुर के सुदूर क्षेत्रों से आए हुए दिव्यांग मतदाताओं ने संकल्प लिया कि वह सभी अपने अपने बूथ पर सबसे पहले मतदान कर सकलांग वोटरों को संदेश देते हुए जागरूक करेगे कि सबसे पहले मतदान बाद में दूजा काम। यदि आपने अपना वोट नहीं किया तो अगले पांच साल यह कहनें का अधिकार नहीं होगा कि लोकतंत्र मजबूत क्यों नहीं है। बैठक में अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर हमीरपुर ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प, छाया, पानी, ट्राई साइकिल एवं स्काउट गाइड के बच्चे मतदाता मित्र के रूप में उपस्थित रहते हुए आपको सहयोग प्रदान करेंगे। अतः इस लोकतंत्र के महापर्व पर अपना मत अवश्य डालें और एक सशक्त लोकतंत्र में सहयोगी बने।

# सोलर पम्प के आवेदक कृषक धोखाधड़ी के शिकार से रहे सावधान

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर** उप कृषि निदेशक हरी शंकर भार्गव ने जारी प्रेस विज्ञाप्ति में बताया कि अपर कृषि निदेशक (तिलहन-दलहन) व नोडल अधिकारी पीएम कुसुम कृषि भवन लखनऊ के पत्रांक 34 दिनांक 18 अप्रेल 2024 के द्वारा अवगत कराया गया हैं कि मोबाइल नम्बर 7290912735, 7037767569 9719775461,9170935887 एवं 6397850849 आदि नम्बरो से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से कतिपय कृषको जिनके द्वारा वर्ष 2024-25 के लिये सोलर पम्प प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग की विभागीय वेवसाइट www.upagriculture.com में आवेदन किया गया हैं के पास फोन किया जा रहा हैं अथवा कृषि विभाग के संदेश के समतुल्य संदेश भेजा जा रहा हैं कि आप कृषक अंश की धनराशि इण्डियन बैंक के खाता संख्या-7748563270, एसबीआईबैंक के खाता संख्या-42762571204, एनएसडीएल बैंक के खाता संख्या-501023740735, 50102443 1987 एवं अन्य बैंको के खातों में सोलर पम्प हेतु कृषक अंश जमा करने का संदेश भेजा जा रहा हैं।उक्त के सम्बन्ध में किसान भाइयो को अवगत कराना हैं कि सोलर पम्प हेतु कृषको के चयन एवं टोकन कन्फर्म करने की ऑनलाइन व्यवस्था हैं जो पूरी तरह से पारदर्शी हैं एवं टोकन कन्फर्म करने के पश्चात कृषि विभाग के पोर्टल से उनके पंजीकृत मोबाइल नम्बरो पर मैसेज किया जाता है, तत्पश्चात कृषको द्वारा पोर्टल से चालान जनरेट करने के उपरान्त ही ऑनलाइन/ऑफलाइन बैंक में धनराशि जमा की जाती हैं। उन्होंने जनपद के कृषक भाइयो से अनुरोध हैं कि उनके मोबाइल नम्बर पर कोई भी कृषक अंश की धनराशि जमा करने के लिये संदेश या कॉल आये तो सतर्क रहे तथा किसी के झासे में न आयें और धोखाधडी के शिकार होने से रहे सावधान।

### स्कूल की छुट्टी के बाद सातवीं का छात्र गायब

**राठ हमीरपुर।** नगर के चरखारी रोड स्थित एक प्राइवेट स्कूल से छुट्टी होने बाद कक्षा सातवीं का छात्र घर नहीं पहुंचा। छात्र के घर न पहुंचने पर स्वजनों ने खोजबीन की। लेकिन उसका पता नहीं चला। छात्र के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी है।

कोतवाली के अकौना गांव निवासी राहुल सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह ने बताया कि उसका पुत्र के विवेक राजपूत उर्फ टिंकू (13) नगर चरखारी रोड? स्थित उर्मिला देवी पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा सातवीं का छात्र है। शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे वह घर से स्कूल जाने के लिए निकला था। दोपहर करीब एक बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद वह घर नहीं पहुंचा। इसके बाद जब वह देर शाम वह घर नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत चिंगारी से चंदपुरवा में 22 बीघा की पराली जली



**सुमेरपुर हमीरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत के गाम चन्दपुरवा बुजुर्ग में विद्युत शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से 22 बीघा में खड़ी पराली जलकर राख हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चन्द्रपुरवा बुजुर्ग में शनिवार की सुबह 10 बजे करीब विद्युत चिंगारी से पूर्व प्रधान रामबिहारी कुशवाहा के 15 बीघा खेत में खड़ी पराली में आग लग गयी आग ने समूचे खेत को अपनी चपेट में ले किया और पराली को जलाकर राख कर दिया। वहीं राजू सिंह के 7 बीघा खेत में खड़ी पराली भी आग की चपेट में आकर चल गयी। आग ने गेंदालाल के खेत में पड़ा 4 बीघा फसल का भूसा भी जलाकर राख कर दिया। संयोग रहा कि पास में ही गेहूं की फसल खड़ी थी लेकिन वह आग की चपेट में आने से बच गयी।

### वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में न्यायालय केश नंबर 1349/15 धारा 406, 504 व 506 भारतीय दंड संहिता से संबन्धित वारंटी अभियुक्त श्रीकान्त दुबे पुत्र शिवदत्त द्विवेदी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही करते हुये न्यायालय भेजा गया।

### सिसोलर पुलिस ने सत्तर लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त किया गिरफ्तार

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण व बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज थाना सिसोलर पुलिस द्वारा 70 लीटर अवैध कच्ची देसी शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार कर मौके से चार कुंतल लहन को नष्ट करवाया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मुकदमा धारा 60 (2) एक्साइज एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई।

### स्कूल के टॉपर्स को मिठाई खिला पुरस्कृत किया



**सोनभद्र, अवधनामा संवाददाता।** मां वैष्णों मार्डन गर्ल्स हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के प्रधानाचार्य उमाकांत शुक्ला ने बताया कि हाईस्कूल में काव्यकुंज ने 92.5 प्रतिशत, साक्षी त्रिपाठी ने 92.16 प्रतिशत, अनामिका त्रिपाठी ने 91 प्रतिशत, रिशी केशरी ने 89 प्रतिशत, नेदा परवीन ने 88.8 प्रतिशत व संजय यादव ने 88.8 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रबंधक रमाशंकर दूबे ने टापर्स छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उत्साह वर्धन किया। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिया।

### हाईवे पलटने से पुलिस अधिकारियों का आना जाना ठप

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिला मुख्यालय स्थित सदर कोतवाली गेट पर शुक्रवार देर रात अनियंत्रित राखड़ लदे हाइबा पलटने से मुख्य मार्ग गेट पूरी तरह से ब्लॉक हो गया वहीं आवागमन व पुलिस गस्त जैसे मामलों को लेकर पुलिस के सामने कड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा बता दें कि पुलिस प्रशासन के कड़ी मशक्कत के बाद 12 घंटे बाद किसी तरह हाईवे को खड़ा कर दूसरी तरफ करते हुए रखड़ हटाकर मार्ग पुनःह चालू कराया गया। वही इस मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि वहां के सरकार टूटने की वजह से अनियंत्रित होकर पलट गया था हालांकि पुलिस के वाहन व अधिकारी बाहर थे जिसको लेकर अपनी ड्यूटी निरंतर करते रहे किसी प्रकार से कोई वाद विवाद जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं हुई लोगों की मदद व जेसीबी मशीन के माध्यम से आज सुबह ट्रक को हटवाते हुए रास्ता खुला दिया गया है।

# अभिषेक दुबे ही निकला धोखाधड़ी का मास्टरमाइंड

अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** घर के लिए ऋण देने वाली फाइनेंस कंपनी की ओर से फर्जी दस्तावेज के आधार पर लोन कराकर रुपये हड़पने का मुकदमा सिगरा थाने में दर्ज कराया गया है। इसमें कंपनी के तीन प्रतिनिधि भी शामिल हैं। एसीपी चेतगंज से शिकायत के बाद गुरुवार को केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है। महमूरगंज रोड पर आशाकुंज में हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लि. का कार्यालय है। वाराणसी में इसके अधिकारी विनीत द्विवेदी हैं। कंपनी का पावर ऑफ अटार्नी भी इनके पास है। विनीत की शिकायत पर सिगरा थाने में चंदौली के बसरतिया कोरी निवासी मंजू देवी, उसके पति प्रमोद कुमार, अश्विनी त्रिपाठी और कंपनी के क्षेत्रीय शाखा प्रमुख अभिषेक दुबे, तत्कालीन टेक्निकल मैनेजर जयंद्र नारायण पाठक, क्लस्टर क्रेडिट मैनेजर गौरव कुमार गुप्ता पर धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज, गबन के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। ठगी को कुछ इस तरह से अंजाम दिया गया कि मंजू देवी और प्रमोद कुमार को अश्विनी त्रिपाठी के मकान का क्रेता बताकर लोनिंग की प्रक्रिया फर्जी दस्तावेज के जरिये अपनाई गई। किसी दूसरे की फोटो लगा कर कंपनी की ओर से विक्रेता के नाम से लोन जारी किया गया और अश्विनी के नाम से एक अप्रैल 2022 को 20 लाख 90 हजार रुपये लोन स्वीकृत किया गया।

# राठ क्षेत्र में अंधाधुंध अवैध मिट्टी खनन जारी

अवधनामा संवाददाता



**राठ हमीरपुर।** वर्तमान में राठ के आस पास के क्षेत्र में मिट्टी का खनन अवैध रूप से बेखौफ जारी है। रात दिन चलने वाले बिना नम्बर के ट्रैक्टर और ट्रक इतनी तेज गति से चलते हैं कि अक्सर दुर्घटनाएं हो ही जाती हैं। परंतु इनको रोकने वाला इस समय कोई नहीं है। गौरतलब है कि इस समय क्षेत्र में आर्थिक अपराध अपने चरम पर है, चाहे वह लकड़ी की कटान हो अथवा मौरंग और अब तो कई महीनो से अवैध मिट्टी का खनन सभी को भा रहा है। क्योंकि इससे संबंधित सभी विभाग और बिना संबंध के भी जबरन वसूली करने वाले विभाग भी सेटिंग गेटिंग के चलते इनको पूर्ण छूट दिए हुए हैं। हालत यह है कि रात दिन मिट्टी से लदे वाहन पूरे नगर क्षेत्र में बेतरतीब और तेज रफ्तार से दौड़ते हैं। जिससे कि दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं और दुर्घटनाओं का अंदेशा तो हमेशा ही बना रहता है। परंतु इसकी ओर सेटिंग का गेटिंग में लिप्त अधिकारी और विभाग की कौन कहे, जनप्रतिनिधि भी उदासीन हैं। हालत अब बद से बत्तर हो चुके हैं। अब जबकि इन सब अवैध कार्यो में लिप्त वाहन अपने-अपने पंजीकरण की नंबर प्लेट भी निकाल कर अलग रख दिए हैं, कि कोई दुर्घटना होने पर वाहन को भगा ले जाया जाए और कोई शिकायत भी ना हो पाए और अगर शिकायत हो भी जाती है तो वाहन को पहचानना भी एक समस्या बन जाती है। जिस भाँति लुटेरे-चोरों को पुलिस सीसीटीवी कैमरा में खंगालती है, उस भाँति कभी इन दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के पीछे नहीं पड़ती। अंततः पीड़ित परिजन रो- धो कर बैठ जाना ही अपनी समस्या की नियत मान बैठते हैं। अधिकारीगण से इसकी शिकायत की जाती है तो उन्हें यह समस्या भी अरुचिकर लगती है। फिलहाल तो समस्या को टालने का सबसे उचित बहन आसान चुनाव में अधिकारियों कर्मचारियों की व्यस्तता ही है।

# लोकतंत्र के महापर्व में आए मिलकर ले भागीदारी

- करें जागरूक पहले मतदान फिर करें जलपान
- रावटसगंज नगर के आदर्श इंटर कॉलेज में बच्चों ने प्रस्तुत किया नाटक व माता अभ्यास

अवधनामा ब्यूरो




**सोनभद्र।** मतदाता जागरूकता हेतु आदर्श इंटर कॉलेज विद्यालय में शनिवार को विद्यार्थियों द्वारा बैलट यूनिट ,वी वी पैट तथा कंट्रोल यूनिट की सहायता से किस प्रकार से वोटिंग किया जाता है और किन विषम परिस्थितियों में भी वोट को देना चाहिए ,अपने मत को देना चाहिए इन चीजों को विद्यार्थियों द्वारा मार्मिक ढंग से मॉडल के द्वारा दिखाया गया। विद्यार्थियों ने यह प्रदर्शित किया कि जो व्यक्ति असहाय है चल फिर नहीं सकते हैं परदे की आड़ में है फिर भी किस प्रकार से अपने घरों से निकलकर मत देय स्थल पर पहुंचते हैं और अपने बहुमूल्य मत को देते हैं इस प्रकार यह समाज में एक प्रेरक का कार्य करता है कि हर व्यक्ति को अपना एक बहुमूल्य मत अवश्य देना चाहिए उसे बेकार नहीं करना चाहिए यदि जो व्यक्ति अपने बहुमूल्य मत को नहीं देते हैं वह देश के, प्रदेश के नागरिक कहलाने के हकदार नहीं है क्योंकि एक अच्छे व्यक्ति को उसे बुलंदियों तक पहुंचाने का कार्य करता है इस प्रकार मत देना बहुत ही नितांत आवश्यक है यह समाज में एक दिशा और दिशा को प्रदर्शित करता है यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार तथा विद्यालय के सभी शिक्षकों द्वारा तैयार करवा कर जागरूकता फैलाने का कार्य किए हैं।वही प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी को लेकर छात्राओं द्वारा नाटक व माता अभ्यास के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया गया और संकल्प लिया गया कि पहले मतदान फिर कर जलपान आओ मिलकर करें लोगों को जागरूक।

# खेलकूद बच्चों के लिये जरूरी: आर पी सिंह

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/अनपरा।** रीप्रिज्म 2024 कार्यक्रम के क्रम में रेनुसागर अन्तर विद्यालयीय स्पोर्ट्स मीट का सफल आयोजन किया गया।कर्यक्रम में विद्यालय के बालक-बालिकाओ ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आर पी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इसके पूर्व आदित्य बिड़ला इंटर कालेज रेनुसागर के प्रधानाचार्य डॉक्टर बृजेश सिंह एवं आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेनुसागर के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात आदित्य बिड़ला इंटर कालेज के परिसर में आयोजित अन्तर विद्यालयीय स्पोर्ट्स मीट में बालक बालिकाओ ने 100 मीटर रेस, म्यूजिकल चेयर ,पीटी एवं शॉट्सपुट में हजारों बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुये अपने सम्बोधन में कहा कि खेलकूद बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं।मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलकुद व्यक्ति के दिमाग को स्वस्थ और सक्रिय रखने में मदद करता हैं। जिसके कारण उनकी नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है और सभी जगहों पर सकारात्मक ऊर्जा फैल जाती है।

इस अवसर पर रीप्रिज्म कोर कमेटी के सदस्य प्रणव सोनी , समीर आनन्द,सुधाकर अन्नामलाई,ललित खुराना, कर्नल जयदीप मिश्रा आदि के अलावा वी के तिवारी,समीर श्रीवास्तव,वीणा पाणी इदू सिंह एवं स्पोर्ट्स टीचर अजय कुमार राय ,बी एल पाठक का सराहनीय सहयोग रहा।कर्यक्रम का सफल संचालन पूनम तिवारी ने किया।

### शराब के नशे में युवक ने लगाई फांसी, रेफर



**राठ हमीरपुर।** कोतवाली के धमना गांव निवासी हमीद अहमद (42) पुत्र बसीर अहमद ने आज शनिवार की सुबह शराब के नशे में दरवाजा बंद कर कमरे में रस्सी का फंदा डाल फांसी लगाकर ली। जब परिजनों ने फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। परिजनों ने किसी तरह कमरे की खिड़की तोड़ उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा और आनन फानन में सीएचसी राठ ले गए। डॉ अखिलेश सिंह ने बताया कि युवक की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

# कार्मिकों को पोस्टल-बैलेट उपलब्ध करायें: जिला निर्वाचन अधिकारी

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्यालय का किये निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 के दृष्टिगत कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों को पोस्टल-बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु की जा रही तैयारियों का जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने विकास भवन स्थित डीआरडीए कार्यालय का निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रभारी अधिकारी पोस्टल बैलेट उपायुक्त श्रम रोजगार रमेश यादव से कार्मिकों को पोस्टल-बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही के सम्बन्ध में बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की और प्रभारी अधिकारी पोस्टल-बैलेट को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन ड्यूटी में लगे कार्मिकों को समय से पोस्टल-बैलेट उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही समय से पूर्ण कर ली जाये, जिससे कि कार्मिकों को पोस्टल-बैलेट से मतदान करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो और वह समय से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इसके पश्चात जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी सहायक निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त की, इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान प्रपत्र, मतदान सामग्री, पोस्टल-बैलेट, ई0डी0सी0 के प्रपत्रों के सम्बन्ध में बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की।

# दो दिवसीय रामलीला संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बा सुमेरपुर के हरचंदन तालाब किनारे हनुमान मंदिर प्रांगण में रामनवमी के उपलक्ष्य में श्रेष्ठ कलाकारो द्वारा प्रभु राम की दो दिवसीय रामलीला का मंचन किया गया जिसे देखकर दर्शको ने भरपूर आनंद प्राप्त किया। परशुराम और लक्ष्मण संवाद, जनक विकाप, कौमिक द्वारा प्रस्तुत हास्य प्रहसन आकर्षण के केंद्र बिंदु रहे। प्रथम दिन तड़का बध और पुष्पवाटिका जनकपुर की लीला तो दूसरे दिन सीता स्वयंवर धनुष यज्ञ की लीला दिखाई गई, राम का अभिनय रामदत्त द्विवेदी बांदा, लक्ष्मण का अभिनय मनोज तिवारी कानपुर और परशुराम का अभिनय राजू मिश्र कानपुर तथा जनक का अभिनय अमित शुक्ल कानपुर ने किया, नृत्य कलाकार गरीबदास और संध्या रानी फतेहपुर ने भक्ति गीतों के माध्यम से मनोहारी नृत्य द्वारा दर्शको का भरपूर मनोरंजन किया, रामलीला मंडल अध्यक्ष रामनरेश सिंह ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने में महेश पाण्डेय, बृजलाल सिंह, बड़कू गुरु, रमेश, जीतू धुरिया आदि का सहयोग रहा।

# गुरूद्वारा इण्टर कालेज मे हाईस्कूल व इण्टर का परिणाम रहा शत प्रतिशत

अवधनामा संवाददाता

**चोपन/ सोनभद्र।** शनिवार को उत्तर प्रदेश हाईस्कूल व इण्टर मिडिएट बोर्ड की परीक्षा का रिजल्ट घोषित हुआ जिसमें गुरूद्वारा इण्टर कालेज के हाईस्कूल का रिजल्ट 91.82 प्रतिशतव इण्टर का परिणाम 92 प्रतिशत व विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी शानदार रहा वहीं गुरूद्वारा इण्टर कॉलेज मे हाईस्कूल मे आकृति सिंह पुत्री अजय कुमार सिंह ने 91.83 प्रतिशतअंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, कृतिका कुमारी पुत्री पुरूषोत्तम लाल ने 90.33 प्रतिशतअंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व शैफ हुसैन पुत्र मो.शाहिद हुसैन ने 90 प्रतिशतअंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। गुरूद्वारा इण्टर कालेज में



इंटरमीडिएट परीक्षा में मानवीकीय वर्ग मे श्रेया जायसवाल पुत्री सन्तोष कुमार जायसवाल ने 77.06 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान , दिव्यानी पाण्डेय पुत्री प्रशान्त पाण्डेय 76.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व आस्मीन पुत्री अब्दुल हकीम 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं वाणिज्य वर्ग में मेघना चक्रवर्ती पुत्री सोमा चक्रवर्ती 88.6 प्रतिशतअंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अनुष्का पुत्री महेन्द्र प्रजापति ने 73.4 प्रतिशतअंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व काजल मोदनवाल पुत्री शीतला प्रसाद ने 72.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

विज्ञान वर्ग में दिलीप कुमार पुत्र विमल प्रसाद ने 86.04 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रिचा गुप्ता पुत्री अर्जुन साव ने 80.04 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व स्मृति कुमारी पुत्री शिवेन्द्र कुमार साहनी ने 79.08 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस दौरान गुरुद्वारा इण्टर कॉलेज के अध्यक्ष सरदार सुलख्खन सिंह, प्रबंधक सरदार सतनाम सिंह व प्रधानाचार्य धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और सहयोगी शिक्षकों को धन्यवाद दिया साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के अभिभावकों के सक्रिय योगदान की सराहना भी की।

# यूपी बोर्ड रिजल्टः लखनऊ के इन छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

## करामत गर्ल्स कॉलेज की नग़मा और अज़रा ने कॉलेज का नाम किया रौशन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** यू पी बोर्ड के आज घोषित हुए रिज़ल्ट में निशातगंज के करामत हुसैन गर्ल्स इण्टर कॉलेज की हाईस्कूल छात्रा नग़मा ने 91.3 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वहीं 12 वीं की छात्रा अज़रा बानो ने 92.6 प्रतिशत अंक लाकर पहले पायदान पर झंडा फ़हराया।

इसी क्रम में हाईस्कूल में दूसरे स्थान पर आयुषी वर्मा 89.3 प्रतिशत, कावेरी गौतम 89.1 प्रतिशत ने क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं इंटरमीडिएट की सिमरन निगम 91.6 प्रतिशत, अम्रता पटेल 90.6 प्रतिशत अंक लाकर क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। ख़ुशी के इस मौके पर कॉलेज प्रशासन ने सभी बच्चों की हौसलाअफजाई करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं की।

## कस्तूरबा कॉलेज की शिमाएला और साहिबा ने प्रथम स्थान लाकर स्कूल का नाम किया रौशन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** यू पी बोर्ड के आज घोषित हुए रिज़ल्ट में सआदतगंज के कस्तूरबा कन्या इण्टर कॉलेज की हाईस्कूल छात्रा शिमाएला ने 93 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वहीं 12 वीं की छात्रा साहिबा सिद्दीक़ी ने 83.4 प्रतिशत अंक लाकर पहले पायदान पर झंडा फ़हराया।

इसी क्रम में हाईस्कूल में दूसरे स्थान पर अनुष्का साहू 92 प्रतिशत, सौम्या सिंह 91.5 प्रतिशत ने क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया।

वहीं इंटरमीडिएट की फिरदौस 81.8 प्रतिशत, यशफ़ीन ने 81.2 प्रतिशत अंक लाकर क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। ख़ुशी के इस मौके पर कॉलेज प्रशासन ने सभी बच्चों की हौसलाअफजाई करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं की।

**हाईस्कूल**

1- शिमाएला- प्रथम
2- अनुष्का साहू- द्वितीय
3- सौम्या सिंह -तृतीय

## शत प्रतिशत रहा लोक भारती इंटर कॉलेज का रिजल्ट



अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लोक भारती इंटर कॉलेज ,गीतापल्ली, आलमबाग के विद्यार्थियों का इस बार की बोर्ड परीक्षाओं में भी परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। 92.67 प्रतिशत अंकों के साथ हाई स्कूल की छात्रा अंशु सर्वोच्च स्थान पर रही. वहीं साक्षी वर्मा को 84 प्रतिशत शगुन त्रिपाठी को 83 प्रतिशत तथा छात्र अश्वनी पांडे को 80 प्रतिशत अंकों के साथ बोर्ड परीक्षा में सफलता मिली .इंटर की परीक्षा में दिव्यांशी चौरसिया को 88 प्रतिशत पल्लवी को 87 प्रतिशत रिया यादव ,गरिमा पांडे, हर्षित तिवारी को 82 प्रतिशत अंक हासिल हुए। प्रिंसिपल ममता दीक्षित ने सफल विद्यार्थियों को माला पहनकर सम्मानित भी किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड सियासत में दखल नहीं देगा

■ आवाम वोट जरूर करेः मौलाना सैयद साएम मेहंदी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के सदर मौलाना सैयद साएम मेहंदी आले गुफरानमांब ने एक बयान जारी किया जिसमें उन्होंने कहा की शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के दो उम्मीदवार मैदान में हैं इसके बाद मुझको मजबूरन यह बयान देना पड़ा। शिया पर्सनल लॉ बोर्ड सिर्फ मजहबी बोर्ड है उसका सियासत से कोई ताल्लुक नहीं है यह सिर्फ मजहबी कामों में मुदाखेलत करता है। बोर्ड के सदर ने कहा हमारे सभी सियासी पार्टियों के रहनुमाओं से ताल्लुकात हैं लिहाजा हम किसी की मुखालफत या मुवाफेकत में बयान देना पसंद नहीं करते हां जो मुल्क और कौम के तरक्की में काम करें आवाम उसको कामयाब बनाएं। मौलाना साहब मेहंदी ने कहा हमने मुख्तलिफ सूबों में बोर्ड की ब्रांचेस बनाई है पूरे मुल्क के बोर्ड के ओहदेदारों को यह इत्तेला दे रहा हूं कि वह किसी भी सियासी पार्टी या शख्स के साथ काम कर सकते हैं मगर जाती तौर पर। बोर्ड के ओहदे का इस्तेमाल नहीं होगा।

बोर्ड के सदर ने कहा आवाम चुनाव में वोट जरूर दें क्योंकि चुनाव मुल्क के आईन के मुताबिक है और इसमें हिस्सा लेना हर हिंदुस्तानी का फर्ज है। हां वोट ऐसे इंसान को दें जो मुल्क में अमन सुकून कायम रखे और आपस में भाईचारे का माहौल बनाएं जिससे मुल्क की तरक्की आजादी और जम्हूरियत सब में मददगार हो।

# इंडिया गठबंधन बना रही सरकार

■ लोंगों ने निरंकुश फासीवादी सरकार के खिलाफ किया वोटः अजय



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि शुक्रवार को पहले चरण के हुए मतदान से स्पष्ट हो गया है कि इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर दक्षिण तक की जनता ने पूरे उत्साह के साथ भारतीय जनता पार्टी की निरंकुश फासीवादी सरकार के खिलाफ वोट दिया है। श्री राय ने कहा कि हालात एक बार फिर 2004 की तरह बन गये हैं, जब भाजपा ने शाइनिंग इंडिया का नारा दिया था और बुरी तरह चुनाव हार गये थे। एक बार फिर भाजपा मोदी की झूठी गारण्टी पर चुनाव लड़ रही है। मगर सच यह है कि अपने शासन के बीते 10 सालों में मोदी जी जनता से किया कोई भी वादा पूरा नहीं कर पाए हैं। बेरोजगारी अपने 45 साल के उच्चतम स्तर पर है। जिस युवा ने 2014 में 18 साल की उम्र में इन्हें वोट दिया आज वह 2024 में 28 साल की उम्र में भी बेरोजगार है। महंगाई ने मध्यम और निम् न वर्ग की कमर तोड़ दी है। आटा, तेल, रसोई गैस सिलेण्डर सब महंगा हो गया है। किसान खुद को छला और ठगा महसूस कर रहा है। एमएसी का वादा करके पूरा नहीं किया गया, आय दोगुनी करने का वादा किया मगर कोई नीति न होने की वजह से वह भी पूरा नहीं हुआ। जनता का रोष घटते वोटिंग प्रतिशत से परिलक्षित है। श्री राय ने कहा कि 2024 में भारत के लोग इस नाकाम, जनविरोधी, संविधान विरोधी सरकार को बदल देंगे और लोकतंत्र को पुनर्स्थापित करने के लिए इंडिया गठबंधन वाली सरकार को मौका देंगे।

# डीआरएम आदित्य कुमार ने किया यात्री सुविधाओं से सम्बंधित कार्यों का निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के डीआरएम आदित्य कुमार ने अधिकारियों के साथ गोरखपुर, आनन्दनगर, बढनी व गोण्डा रेलखण्ड का विंडो ट्रेलिंग तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत चल रही विकास परियोजनाओं एवं यात्री सुविधाओं सम्बंधित कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के आरम्भ में मण्डल रेल प्रबंधक ने आनंदनगर रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के अन्तर्गत होने वाले विकास कार्यों के ले.आउट प्लान के साथ रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण, यात्री सुविधाओं के आधुनिकीकरण व अपग्रेडेशन कार्यों की अधिकारियों से चर्चा की तथा स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य को तीव्र गति से किये जाने के लिए निर्देश दिया। सिद्धार्थ नगर एवं बढनी स्टेशनपर उन्होंने पुनर्विकास कार्यों के अन्तर्गत रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, स्टेशन भवन के सौंदर्यीकरण, यात्री सुविधाओं के आधुनिकीकरण व अपग्रेडेशन कार्यों की ले आउट प्लान के साथ अधिकारियों से चर्चा की तथा स्टेशन पर ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर से गाड़ी संचालन से संबंधित परिचालनिक संरक्षा ज्ञान को परखा। मण्डल रेल प्रबंधक ने तुलसीपुर एवं बलरामपुर रेलवे स्टेशनों पर सरकुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म व स्टेशन पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय को देखा तथा अमृत भारत योजना के अन्तर्गत होने वाले पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा की।

## स्पेशल ट्रेनों के समय का रूट तय की बन रही यूजना

**लखनऊ।** गर्मी की छुट्टियों के दौरान समर स्टेशन ट्रेनों के अलावा होली, दीपावली, छठ या अन्य विशेष मौकों पर रेलवे को स्पेशल ट्रेनें चलानी पड़ती हैं। इसके लिए रेलवे के विभिन्न जोन से अनुमति ली जाती है। इसमें काफी समय लग जाता है। इसे देखते हुए रेलवे अब स्थायी रूप से स्पेशल ट्रेनों के नम्बर, समय सारणी और रूट तय करने की योजना बना रहा है। जिससे यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ जुटने पर तत्काल स्पेशल ट्रेनों को चलाकर राहत दिया जा सके। इस सम्बंध में आईआरसीटीसी स्पेशल ट्रेनों की टाइमिंग, रूट और उनका नम्बर पहले से तय करने में जुट गया है ताकि त्योहार या कोई अन्य मौका पड़ने पर स्पेशल ट्रेनों के संचालन में बिना देरी और दिक्कत चलाया जा सके।

## डुमरियागंज में सपा कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**सिद्धार्थनगर बांसी।** शनिवार की शाम सपा के टिकट पर डुमरियागंज प्रत्याशी बनाए गए भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी के कर कमलों द्वारा सपा कार्यालय का भव्य उद्घाटन कर प्रचार में अपना बिगुल बजा दिया गया है इस दौरान इस दौरान डुमरियागंज विधायक शायदा खातून, नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा रायनी, पूर्व विधायक लालजी यादव और अधिक संख्या में सपा समर्थक मौजूद रहे।

## अवैध व्यवसायिक निर्माण को कराया सील

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर शनिवार को प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने गोमती नगर में एक अवैध व्यवसायिक निर्माण को सील कराया। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी वंदना पाण्डेय ने बताया कि रहमत अली अंसारी व अन्य की ओर से गोमती नगर के विनय खण्ड में भूखण्ड संख्या सी.पी. 3/2 पर लगभग 1800 वर्गमीटर क्षेत्रफल में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत व्यवसायिक इमारत का निर्माण कराया जा रहा था। विहित न्यायालय में योजित वाद में सीलिंग के आदेश दिये गये थे। शनिवार को सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता सत्यवीर सिंह व सुरेन्द्र द्विवेदी ने निर्माणाधीन इमारत को सील कराया।

## चयनित हज यात्रियों को कुर्बानी के लिए 15,180 रुपये अदा करने होंगे

**लखनऊ।** मुकद्दस हज यात्रा के लिए चयनित हज यात्रियों को कुर्बानी के लिए 15,180 रुपये अदा करने होंगे। ऐसे हज यात्री जिन्होंने कुर्बानी का चयन किया है, उन्हें हज यात्रा की धनराशि के अलावा कुर्बानी के लिए 15,180 रुपये का अतिरिक्त भुगतान करना होगा। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज यात्रा के किराये की घोषणा कर दी है। हज यात्री अब तक दो किस्तों के तौर पर कुल 2,51, 800 रुपये का भुगतान कर चुके हैं। एम्बारकेशन प्वाइंट के अनुसार हज यात्रियों को किराये की तीसरी किस्त 27 अप्रैल तक हज कमेटी ऑफ इंडिया के बैंक खाते में जमा करना होगी। हज यात्रियों की उड़ानें 9 मई से शुरू होगी और 10 जून तक जारी रहेगी। लखनऊ और दिल्ली से हज यात्रियों की उड़ानें सीधी सऊदी अरब के पवित्र शहर मदीना जाएंगी, जिसकी वजह से इन दोनों उड़ान स्थलों से रवाना होने वाले शिया हज यात्रियों को मीकात की निर्धारित धनराशि का भुगतान नहीं करना होगा।

## महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ।** चौबीसवें एवं अन्तिम तीर्थंकर महावीर के 2623 वें जन्मकल्याणक की पूर्व संध्या पर जैन महिला मण्डल, आशियाना की ओर से शनिवार को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। मंगलाचरण के साथ दीपप्रज्वलन आशियाना जैन महिला मण्डल की अध्यक्षा अल्पना जैन, जैन सेवासमिति के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश जैन, जैन मिलन के अध्यक्ष संजीव जैन, किरण जैन आभा जैन ने किया।

08 से 15 वर्ष के बालक बालिकाओं की प्रस्तुति लावण्या, काव्या, द्रव्य, एरिन, जिनिशा, सिद्धी अनिका प्रतिका, अर्णिमा, उन्नत, आराध्या दिवम् गर्वित, अनादि, मान्या, रिची और टुकटुक ने लघु नृत्य नाटिका से सबका मन मोह लिया। महिला मण्डल सदस्यों अल्पना, ऋुु, रिमझिम, राखी, सोनी, वन्दना, मीनू, स्वाती, प्रीती, मनीषा, कुसुम शाह, सीमा, शिखा, रीना, अनीता, नैनशी ने तीर्थंकर महावीर के ज्ञान दर्शन पर भावनात्मक नृत्य प्रस्तुति दी।

# कोई भी पार्टी ब्राह्मण को अपना वोट बैंक समझने की भूल न करें : शिवशंकर

अवधनामा ब्यूरो



■ ब्राह्मण संगठन पूरे देश में ब्राह्मण प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने का ले सकते हैं संकल्प

**लखनऊ।** ब्राह्मण बाहुल्य लखनऊ पूर्व विधानसभा से किसी भी पार्टी द्वारा किसी ब्राह्मण को टिकट न दिये जाने एवं विभिन्न मुद्दों को लेकर ब्राह्मण समाज में भारी नाराजगी है। लखनऊ प्रेस क्लब में शनिवार को आयोजिक प्रेस वार्ता में लगभग 50 संगठनों के प्रतिनिधियों ने सभी राजनैतिक पार्टियों को चेतावनी दी कि इन विषयों पर यदि ध्यान नहीं दिया गया तो सभी ब्राह्मण संगठन पूरे देश में ब्राह्मण प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने का संकल्प ले सकते हैं और आवश्यकता पड़ने पर अपने प्रत्याशी उतारने पर भी विचार कर सकते हैं। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए ब्रह्म सागर के मुखिया कैप्टन एस. के. द्विवेदी, ब्राह्मण परिवार के श्री शिव शंकर अवस्थी, अखिल भारतीय ब्रह्म समाज के सी.पी. अवस्थी, छावनी परिषद के पूर्ण उपाध्यक्ष श्री प्रमोद शर्मा उपकार सोसायटी के श्री सिद्धेश दुबे, ब्राह्मण चेतना परिषद के तेज शंकर अवस्थी, सनातन महासभा के डा0 प्रवीण बाजपेयी, गोस्वामी समाज के तेजस्वी गोस्वामी, भट्ट ब्राह्मण महासभा के कमल किशोर शर्मा, कमल बाजपेयी, विजय अवस्थी, विजय मिश्र, राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज से अनिल मिश्र एवं ब्राह्मण परिवार के भानू पाण्डेय, भट्ट ब्राह्मण सभा के अजय राय, पनुन कश्मीर के अध्यक्ष रवि कचरू सहित सैकड़ो प्रतिनिधियों ने आज प्रेस वार्ता में कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी पार्टी ब्राह्मण को अपना वोट बैंक समझने की भूल न करें। ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने यह भी कहा है यदि सभी पार्टियों ने अपना रवैया नहीं बदला तो ने केवल लखनऊ पूर्व विधान सभा, अपितु पूरे देश के ब्राह्मण एकजुट होकर निर्णय लेने के लिए बाध्य होंगे। अखिल भारतीय ब्रह्म समाज के महामंत्री देवेन्द्र शुक्ल ने यह जानकरी देते हुए शीघ्र ही पूरे प्रदेश के ब्राह्मणों की एक बड़ी बैठक करने पर विचार करने की सूचना दी।

## रोडवेज के बस कंडक्टर ने यात्रियों को बीच रास्ते उतार

**लखनऊ।** रोडवेज के बस कंडक्टर ने एसी बस खराब होने और यात्री कम होने का हवाला देकर यात्रियों को बीच रास्ते उतार दिया। गर्मी में रोडवेज के एसी बसों का सफर यात्रियों के लिए आफत बन गया है। इसकी वजह बस कंडक्टरों की मनमानी है। बस खराब होने या यात्री कम होने का हवाला देकर यात्रियों को बीच रास्ते उतार देना इनकी आदत में शुमार है। ऐसा ही एक मामला रोडवेज के एसी जनरथ बस टू बाई टू सीटर का सामने आया है। जहां कौशांबी डिपो की एसी जनरथ बस दिल्ली से गोरखपुर के लिए रवाना हुई। जहां बस में सभी यात्रियों को लखनऊ में उतार दिया गया। बस में ऑनलाइन टिकट बुकिंग कराकर लखनऊ, बस्ती और गोरखपुर के भी यात्री बैठे थे। बस खराब होने का बहाना बनाकर कंडक्टर ने लखनऊ में ही सभी सवारी उतार दी। बदले में यात्रियों को एसी जनरथ बस उपलब्ध कराने के बजाय खुद से बस पकड़कर जाने की सलाह बस कंडक्टर ने दे दी। इससे यात्रियों ने आलमबाग बस अड्डे पर हंगामा भी किया था। बस कंडक्टर की इस हरकत पर यात्री भड़क गये।

# विपक्ष अभी उहापोह की स्थिति में : धर्मपाल

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने शनिवार को जौनपुर एवं गाजीपुर में लोकसभा संचालन समिति, लोकसभा व विधानसभा के प्रभारी व संयोजकों सहित जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में बूथ विजय का मंत्र सौंपा।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य बड़े अंतर के साथ प्रदेश की सभी 80 सीटों पर चुनाव जीतना है। लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि नियमित प्रवास के साथ बूथ पर सक्रियता, सम्पर्क व संवाद से बूथ विजय का लक्ष्य प्राप्त करना है। प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपना है तथा प्रत्येक बूथ पर सभी को मतदान के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने टिफिन बैठक की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि टिफिन बैठक में कार्यकर्ता अपने आस पास के लोगो को भी जोड़े।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने शनिवार को कहा कि भाजपा का संकल्प मोदी जी की गारंटी के साथ देश के सामने है। उन्होंने कहा कि एक ओर कांग्रेस, सपा, बसपा का अपने परिवार की समृद्धि और खुशहाली का ऐजेंडा है। वहीं दूसरी ओर मोदी जी की देश की समृद्धि और देशवासियों की खुशहाली की गारंटी है। विकसित भारत के संकल्प को साकार बनाने के लिए अबकी बार 400 पार जीतकर नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार मजबूत सरकार बनाना है। 400 पार की सरकार विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करेगी तथा नारी, युवा, किसान व गरीब के आर्थिक व सामाजिक उत्थान का कारक बनेगी।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि उन्होंने कहा कि बूथ समिति की मजबूत संरचना तथा सक्रियता संगठन की रणनीति को माइक्रोलेवल पर प्रभावी बनाती है। यही कारण है कि भाजपा का बूथ से लेकर केन्द्रीय स्तर तक का प्रत्येक पदाधिकारी पन्ना प्रमुख के रूप में बूथ समिति का सदस्य है। उन्होंने कहा कि विपक्ष अभी उहापोह की स्थिति में है। जबकि भाजपा के परिश्रमी कार्यकर्ता घर-घर तक संवाद कायम किये हुए है। प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि विपक्ष के पास मुद्दे नहीं है। इसलिए झूठ, छल, प्रपंच ही विपक्ष के हथकंडे है। हमें सजग रहकर विपक्ष के हर षडयंत्र को समाप्त करना है।

# सपा की साइकिल तो कानपुर में पहले ही पंक्चर हो चुकी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को कानपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के नामांकन जुलूस से पहले आयोजित जनसभा में कार्यकर्ताओं को कांग्रेस मुक्त भारत और सपा-बसपा मुक्त उत्तर प्रदेश का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि पहले फेज के मतदान में जनता ने सपा, बसपा और कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया है। फ्लॉप जोड़ी को इस बार सुपर फ्लॉप करके जनता वापस भेजने का काम करेगी। मोदी जी एक बार फिर तीसरी बार जनता के आशीर्वाद से प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सभी से दोनों हाथ उठाकर मेरा बूथ, सबसे मजबूत का नारा दिलाते हुए सबसे ज्यादा वोट लाने का वचन दिलाया। उन्होंने कहा कि सपा की साइकिल तो कानपुर में पहले ही पंक्चर हो चुकी है। इसलिए कानपुर में सपा का प्रत्याशी नहीं है और पंजा प्रदेश से लगभग मुक्त ही है। इसलिए भाजपा से मुकाबले में कोई नहीं है और रही सही कसर दो युवकों की जोड़ी घूम-घूमकर पूरा कर देगी। ये जितना घूमेंगे भाजपा की जीत का मार्जिन उतना बढ़ता जाएगा।

श्री मौर्य ने कहा कि यह चुनाव देश को पांच साल नहीं 100 साल आगे ले जाने वाला है और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में कानपुर से बुंदेलखंड तक पेयजल की सभी समस्याएं खत्म की जा चुकी हैं। अब कोई पानी वाली ट्रेन उत्तर प्रदेश में नहीं आती है। केन-बेतवा लिंक परियोजना के पूरे होने के बाद पूरे बुंदेलखंड में पानी की समस्या समाप्त हो जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, भाजपा सरकार भरोसे का दूसरा नाम है और श्री नरेंद्र मोदी उस भरोसे पर खरा उतरने की गारंटी है। इसलिए भाजपा के उम्मीदवार जीतेंगे तो दिल्ली में मोदी जी को ताकत मिलेगी।

मोदी जी की सरकार गरीब कल्याण के लिए संकल्पित सरकार है। उन्होंने अपील की कि, गरीब, युवा, अन्नदाता और नारीशक्ति को समर्थ बनाने के लिए, भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी एकजुट होकर कमल का बटन दबायें।

## सहरसा नई दिल्ली समर स्पेशल ट्रेन का संचलन 21 से

**लखनऊ।** यात्रियों के लिए रेलवे 04063 सहरसा नई दिल्ली समर स्पेशल ट्रेन का संचलन सहरसा से 21 अप्रैल को एकल यात्रा में किया जायेगा। ट्रेन नम्बर 04063 सहरसा नई दिल्ली समर स्पेशल ट्रेन 21 अप्रैल को सहरसा से 7 बजे प्रस्थान कर मानसी से 7:58 बजे, खगडिया से 8:07 बजे, बेगूसराय से 8:36 बजे, बरौनी से 9:10 बजे, दलसिंहसराय से 9:47 बजे, समस्तीपुर से 10:14 बजे, मुजफ्फरपुर से 11:10 बजे, हाजीपुर से 12:10 बजे, सोनपुर से 12:20 बजे, छपरा से 2:05 बजे, सीवान से 3 बजे, देवरिया सदर से 3:58 बजे, गोरखपुर से 5:05 बजे, खलीलाबाद से 5:46 बजे, बस्ती से 6:11 बजे, गोण्डा से 7:40 बजे, बाराबंकी से 9:17 बजे, ऐशबाग से 10:25 बजे, दूसरे दिन कानपुर सेन्ट्रल से 12:15 बजे, इटावा से 1:42 बजे, टुण्डला से 2:52 बजे, अलीगढ़ से 4:07 बजे तथा गाजियाबाद से 6:02 बजे छूटकर नई दिल्ली 7 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी के सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के लगाये जा रहे हैं।

# सर्वप्रथम जिनालय से रिद्धि-सिद्धि भवन तक निकलेगी भव्य रथ यात्रा

अवधनामा ब्यूरो



■ दिव्यघोष की धार्मिक संगीतमय धुनों में लीन श्रावक पहुंचेंगे रिद्धि-सिद्धि भवन

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में 24वें तीर्थंकर महावीर का 2623वां जन्म कल्याणक महोत्सव 21 अप्रैल को भव्यता और दिव्यता से मनाया जाएगा। यूनिवर्सिटी जिनालय से सुबह आठ बजे रथयात्रा निकलेगी। यहां से श्रीजी रथ पर विराजमान होंगे। दिव्य घोष की धार्मिक संगीतमय धुनों में लीन श्रावक-श्राविकाएं श्रीजी के संग पूरे कैंपस की परिक्रमा करते हुए रिद्धि-सिद्धि भवन पहुंचेंगे। कैंपस का परिवेश एक दम जुदा होगा। श्वेत और केसरिया परिधान में सैंकड़ों श्रावक-श्राविकाएं भक्ति भाव में लीन रहेंगे। इससे पहले प्रातः साढ़े छह बजे मंदिर में श्रीजी का अभिषेक एवम् शांतिधारा और साढ़े सात बजे रथ की पूजा होगी। श्रीजी के रिद्धि-सिद्धि भवन में विराजमान होने के बाद प्रातः साढ़े दस बजे चार स्वर्ण कलशों से अभिषेक होगा, जबकि शांतिधारा स्वर्ण एवं रजत झारी से होगी। दोपहर 11:15 बजे भगवान महावीर जी की विधिवत पूजा होगी। रथयात्रा में टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन, श्रीमती ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, श्रीमती जाहन्वी जैन, मेंबर ऑफ गवर्निंग बॉडी सुश्री नंदिनी जैन आदि पुण्य लाभ कमाएंगे। सभी धार्मिक अनुष्ठान शिखर जी से आए प्रतिष्ठाचार्य ऋषभ जैन शास्त्री जी के सानिध्य में संपन्न होंगे। शाम 07:00 बजे मंदिर में श्रीजी की आरती, जबकि 07:30 बजे रिद्धि-सिद्धि भवन में श्रीजी को पालना झुलाने का कार्यक्रम होगा। रात 08:00 बजे से महाआरती और भक्ति महोत्सव का शुभारम्भ होगा। भक्ति महोत्सव में भोपाल के सिद्धार्थ जैन एंड पार्टी अपनी भक्तिमय प्रस्तुति देगी। जिनालय और रिद्धि-सिद्धि भवन में महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने तैयारियों का जायज़ा लिया। कैंपस में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत् प्रातः साढ़े छह बजे से धार्मिक कार्यक्रमों का शंखनाद होगा।

## लखनऊ मेट्रो ने यात्री को नकदी से भरा खोया पर्स लौटाया

**लखनऊ।** लखनऊ मेट्रो ने यात्री को 7000 हज़ार रुपये से ज़्यादा नकदी से भरा खोया पर्स लौटाया। लखनऊ मेट्रो टीम को अमौसी मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री का खोया हुआ पर्स मिला। जिसमें 7825 रूपये नकद रखे थे। जिसको मेट्रो ने उसके स्वामी को लौटाया। सुरक्षा गार्ड सुनील शुक्ला को पर्स ट्रेन के अंदर लावारिस पड़ा मिला और उसे गुम होने से बचाने के लिए तुरंत स्टेशन नियंत्रक को सौंप दिया गया। कुछ समय बाद दावेदार ने स्टेशन पर खोये हुए पर्स के बारे में पूछताछ की और यह जानकर राहत महसूस की कि उसका सामान सुरक्षित था। स्टेशन कंट्रोलर राजीव चौहान द्वारा उचित सत्यापन के बाद उसे सौंप दिया गया था। यात्री ने लखनऊ मेट्रो टीम को उनके समर्थन और ईमानदारी के लिए धन्यवाद दिया। वाया लखनऊ होकर जायेगी मुजफ्फरपुर आनन्द विहार समर स्पेशल ट्रेन लखनऊ (सं)। रेलवे ग्रीष्मकाल में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए ट्रेन नम्बर 04011 मुजफ्फरपुर आनन्द विहार टर्मिनस समर स्पेशल ट्रेन का संचलन मुजफ्फरपुर से 20 अप्रैल को एकल यात्रा में करेगा।